धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

13.04.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 268 khabarmantralive.com

## न्यूज डायरी

### झारखंड को मिलेंगे तीन नये आइपीएस

**रांची।** यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जाम से झारखंड को तीन नये आइपीएस मिलेंगे। एग्जाम 2023 में सेलेक्ट हुए दो सौ अभ्यर्थियों को कैडर अलॉट कर दिया गया है। झारखंड को इस बैच से तीन नये आईपीएस मिलेंगे, जिसमें से एक को होम कैडर मिला है। ऑल इंडिया 617 रैंकवाले अंकित सिन्हा को होम कैडर झारखंड मिला है। वहीं आल इंडिया 89 रैंक बिहार की साक्षी जमुआर को झारखंड कैडर मिला है। वहीं 611 रैंक तमिलनाडू के राजकुमार जयाराजू को झारखंड कैडर मिला है। झारखंड के (92 रैंक) प्रखर कुमार को गुजरात कैडर आवंटित हुआ है।

### सीबीआइ को हर मामले की जांच देना सही नहीं

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हर मामले की जांच सीबीआइ को सौंप देना उचित नहीं है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट को केवल उन मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का निर्देश देना चाहिए, जहां प्रथम दृष्या ऐसा प्रतीत होता हो कि सीबीआई से जांच कराने की आवश्यकता है। सीबीआई जांच का निर्देश नियमित तरीके से या कुछ अस्पष्ट आरोपों के आधार पर नहीं दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने कहा, बिना किसी निश्चित निष्कर्ष के अगर और मगर जैसे तर्क सीबीआई जैसी एजेंसी को जांच का निर्देश देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

### वक्फ बिल के विरोध में प्रदर्शन में पूर्व मंत्री भी

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय में शनिवार को वक्फ संशोधन बिल के विरोध में एक बड़ा आंदोलन देखने को मिला। अल्पसंख्यक अधिकार मंच के बैनर तले मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग सड़कों पर उतरे और नारों के साथ जुलूस निकालते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री मिथलेश ठाकुर ने भी भाग लिया। प्रदर्शनकारी मझिआंव मोड़ से टाउन हॉल मैदान तक मार्च किये।

### वक्फ बिल के खिलाफ हिंसा में तीन की मौत

**कोलकाता।** वक्फ कानून को लेकर पश्चिम बंगाल के कई जगहों पर हिंसक प्रदर्शन हुए। पुलिस प्रशासन का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है। राज्य के मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन हुआ। हिंसक प्रदर्शन के दौरान तीन लोगों के मारे जाने की खबर है। कई पुलिस कर्मी घायल हैं। वहीं, सुती, समसेरगंज में एक सरकारी वाहन सहित कई अन्य गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस पर बम फेंके और गोलीबारी की।

### सतुआनी 14 और जुड़ शीतल पर्व 15 को

**रांची।** पूरे राज्य भर में 14 अप्रैल को सतुआनी पर्व मनाया जायेगा। इस दिन लोग दिन में सत्तु, हाथ का पंखा, मिट्टी का घड़ा, आम का टिकोला, गुड़, बेल और मीठे फल का सेवन करते हैं एवं दान करते हैं। वहीं 15 अप्रैल को मिथिला का लोक पर्व जुड़ शीतल मनाया जायेगा।




## राज्य विधानसभाओं से पारित विधेयकों पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

# तीन महीने के भीतर राष्ट्रपति भी अपना फैसला सुनायें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संबंध में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने पहली बार राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रपति को तीन महीने की अवधि तय कर दी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस अवधि से अधिक देरी होने पर उचित कारण बताये जाने चाहिए और संबंधित राज्य को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा, निष्क्रियता के परिणाम गंभीर प्रकृति के हैं और संविधान के संघीय ढांचे के लिए हानिकारक हैं। इसलिए अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति की ओर से अनावश्यक देरी की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। पीठ ने कहा, हालांकि हम इस तथ्य से परिचित हैं कि अनुच्छेद 201 के तहत अपनी शक्तियों का निर्वहन करते हुए राष्ट्रपति से विधेयक पर 'विचार' करने की अपेक्षा की जाती है। इस तरह के 'विचार' को सख्त समय सीमा में बांधना कठिन हो सकती है, फिर भी यह राष्ट्रपति की ओर से निष्क्रियता को उचित ठहराने का आधार नहीं हो सकता है। पीठ ने कहा कि तीन महीने के भीतर निर्णय महत्वपूर्ण है, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के निर्णय के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गयी है।

### निष्क्रियता संघीय ढांचे के लिए हानिकारक | अनावश्यक देरी की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए

#### केंद्र-राज्य संबंध अहम कारण

पीठ ने कहा कि सरकारिया आयोग ने पाया कि राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित विधेयकों के शीघ्र निपटान में देरी केंद्र-राज्य संबंधों में तनाव का एक प्रमुख कारण है। पीठ ने कहा कि उसने भी यह भी सिफारिश की है कि अनुच्छेद 201 के तहत संदर्भों के निपटान की सुविधा के लिए निश्चित समय सीमा अपनायी जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 201 में समय सीमा निर्धारित करने का सुझाव पुंछी आयोग ने भी दिया था। 1983 में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर एस सरकारिया की अध्यक्षता में सरकारिया आयोग का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य संघ और राज्यों के बीच मौजूदा व्यवस्थाओं के कामकाज की समीक्षा करना था। पुंछी आयोग भी केंद्र-राज्य संबंधों पर था और 2007 में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम एम पुंछी के नेतृत्व में इसकी स्थापना की गयी थी।



**अनिवार्य मंजूरी बाध्यता नहीं :** पीठ ने कहा, 'अनुच्छेद 201 के तहत किसी विधेयक को अनिवार्य रूप से मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति पर कोई बाध्यता नहीं है। यदि राज्यपाल अपने विवेक से कार्य करते हुए किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए आरक्षित कर देता है, तो इससे राज्य विधानसभा द्वारा विधेयक को पारित करना निरर्थक हो जायेगा, यदि राष्ट्रपति उस विधेयक को अपने पास लंबित रखते हैं या ऐसे विधेयक को मंजूरी देने से मना कर देते हैं।

#### राष्ट्रपति अपवाद नहीं

पीठ ने अपने 415 पन्नों के फैसले में कहा, 'राष्ट्रपति इस डिफॉल्ट नियम का अपवाद नहीं है जो हमारे पूरे संविधान में व्याप्त है। ऐसी बेलगाम शक्तियां इन संवैधानिक पदों में से किसी में भी नहीं रह सकतीं। न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि बिना किसी औचित्य या आवश्यकता के अनुच्छेद 201 के तहत संदर्भ पर निर्णय लेने में राष्ट्रपति की ओर से की गयी देरी, इस बुनियादी संवैधानिक सिद्धांत के विरुद्ध होगी कि शक्ति का प्रयोग मनमाना और स्वेच्छाचारी नहीं होना चाहिए।

#### क्या था मामला

यह फैसला तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि से जुड़े एक मामले के संबंध में आया। अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल की कार्रवाई को अवैध और गलत घोषित किया। राज्यपाल आर एन रवि द्वारा 10 विधेयकों को नवंबर 2023 में राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजा गया जबकि राज्य विधानसभा उन पर पहले ही पुनर्विचार कर चुकी थी। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्यपाल के पास किसी विधेयक पर 'पूर्ण वीटो' का प्रयोग करने का अधिकार नहीं है, 'हमें कोई कारण नहीं दिखता कि यही मानक अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति पर भी लागू क्यों नहीं होगा।

## झारखंड का लोकतंत्र है बेहद मजबूत : ज्ञानेश कुमार

# ईवीएम से चुनाव पूरी तरह सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, रामगढ़।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार झारखंड दौरे के दूसरे दिन शनिवार को रामगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने झारखंड के लोकतंत्र की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में लोकतंत्र बेहद मजबूत है। यहां सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में शामिल है और वे बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत का इवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। इवीएम से होने वाला चुनाव भी पूरी तरीके से सुरक्षित है। ना तो कोई इसे हैक कर सकता है और ना ही कोई सवाल खड़ा कर सकता है। रामगढ़ पहुंच उन्होंने सबसे पहले रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और हवन किया।

**जोहार से किया संबोधन :** झारखंड के मतदाताओं को जोहार शब्द से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां की डेमोक्रेसी काफी अच्छी है। बेहतर मतदाताओं से मिलने का सौभाग्य मुझे मिला है। उनके साथ झारखंड के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रवि, सहायक निर्वाचन आयुक्त डॉ नेहा, रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार और निर्वाचन कार्य से जुटे अधिकारी मौजूद थे।

**झारखंड आकर गर्व की अनुभूति :** पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि झारखंड की देवभूमि पर आकर यहां के लोकतांत्रिक उत्साह को देखकर गर्व महसूस हो रहा है। वॉलंटियर्स के साथ संवाद कर यह स्पष्ट हुआ कि झारखंड में लोकतंत्र की नींव मजबूत है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि 18 वर्ष की आयु पूरी होते ही अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

#### मां छिन्नमस्तिका मंदिर में हवन पूजन



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सपरिवार पूजा-अर्चना की और मां का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वे मंदिर में आयोजित हवन कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह यात्रा धार्मिक और व्यक्तिगत थी। उनकी उपस्थिति को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। सभी ने विधिवत पूजा-पाठ कर मां छिन्नमस्तिका से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न होने की कामना की।

**वॉलिंटियर्स और बीएलओ के साथ की वार्ता :** मुख्य चुनाव आयुक्त ने रजरप्पा सीसीएल गेस्ट हाउस में चुनाव के दौरान काम करने वाले वॉलिंटियर्स और बूथ लेवल ऑफिसर के साथ वार्ता की। उन्होंने कहा कि सभी के सुझाव और कार्यों में कोई कमी नहीं रही है। यही वजह है कि झारखंड में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव बेहद सफल रहे हैं। यहां मतदान का प्रतिशत भी काफी अच्छा रहा है। मां छिन्नमस्तिका की पूजा के बाद सीसीएल गेस्ट हाउस में एक्सपीरियंस शेयरिंग कार्यक्रम में भाग लिया। वॉलंटियर्स ने अपने चुनावी अनुभव साझा किये। मुख्य चुनाव आयुक्त ने गंभीरता से चर्चा की और उनकी सराहना की।

# चाईबासा में धमाका, एक जवान शहीद, एक घायल

## जगुआर के शहीद कांस्टेबल सुनील धान खूंटी के निवासी थे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के चाईबासा जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ और आइडी ब्लास्ट में झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान शहीद हो गये। वहीं मुठभेड़ में कोबरा का एक जवान घायल भी हुआ है। दोनों घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया था, लेकिन इलाज के क्रम में सुनील वीरगति को प्राप्त हो गये। वह मूल रूप से खूंटी के रहनेवाले थे। ब्लास्ट के बाद नक्सलियों की तरफ से पुलिस पर फायरिंग भी की गयी। सुरक्षाबलों ने इसका करारा जवाब दिया है। इलाके में कोबरा और झारखंड जगुआर के जवानों के द्वारा अभी भी अभियान जारी है।

**जराइकेला में हुआ ब्लास्ट :** झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से दी गयी जानकारी के अनुसार,नक्सलियों ने जराइकेला के जंगली क्षेत्र में पहले से ही आइडी जमीन के अंदर छिपा रखा था। शनिवार को सर्च अभियान पर निकले जवान आईईडी में ब्लास्ट की चपेट में आ गये। ब्लास्ट में 203 कोबरा बटालियन के आरओ विष्णु सैनी और झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों जवानों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल एयरलिफ्ट कर रांची भेजा लाया गया। इलाज के क्रम में घायल सुनील धान ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार नक्सलियों के द्वारा दो बार आईईडी ब्लास्ट किया गया, ब्लास्ट में ही सुनील को गंभीर चोट लगी थी।

#### एक माह में दो शहीद



शहीद कांस्टेवल सुनील धान की फाइल फोटो व घायल को ले जाती टीम।

चाईबासा में एक महीने के भीतर नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में दो जवान शहीद हो चुके हैं। 22 मार्च 2025 को चाईबासा में ही नक्सलियों से लोहा लेते हुए सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील मंडल वीरगति को प्राप्त हुए थे। वह भी अपनी टीम के साथ सर्च अभियान पर थे। चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में आईईडी की चपेट में आ गये थे। उनके शथ एक अन्य जवान जीडी पार्थ घायल हो गए थे। आनन-फानन में दोनों को हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया था। डॉक्टरों ने सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार मंडल को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया था।

### झामुमो अधिवेशन की तैयारी



14 अप्रैल को बाबा साहेब आंबेडकर जयंती के शुभ अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दो दिवसीय 13वां महाधिवेशन रांची के खेलगांव में शुरू होने जा रहा है। महाधिवेशन को लेकर चल रही तैयारियों का सीएम ने शनिवार को जायजा लिया और अधिकारियों को कई निर्देश दिये।

### 14 को सीएम तपोवन मंदिर की आधारशिला रखेंगे

**रांची।** ऐतिहासिक तपोवन मंदिर का मंदिर का शिलान्यास 14 अप्रैल को होगा। नये रूप में बनने वाले इस तपोवन मंदिर की आधारशिला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रखने जा रहे हैं। शिला पूजन कार्यक्रम में सीएम अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन के साथ मौजूद रहेंगे। करीब 100 करोड़ की लागत से बन रहा यह ऐतिहासिक मंदिर अगले तीन वर्षों में नये रूप में दिखेगा। मंदिर में वही संगमरमर लगेगा जो ताजमहल में लगा है। महंत ओमप्रकाश शरण न्के अनुसार इस मौके पर अयोध्या से रामाश्रय शरण सहित बड़ी संख्या में महात्मा मौजूद रहेंगे। शिला पूजन दिन के 11 बजे से दिन के 2 बजे तक होगा। अयोध्या से आये महंत रामनरेश शर्मा ने कहा कि यह ठाकुर जी की कृपा है जिसके कारण भव्य मंदिर बनाने का संकल्प लिया।

## टीएसपीसी के दो सब जोनल कमांडर समेत छह गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के दो सबजोनल कमांडर समेत छह उग्रवादियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार उग्रवादियों में नारायण भोक्ता उर्फ आदित (हेसाबार, बालूमाथ) सबजोनल कमांडर आलोक यादव उर्फ अमरेश यादव (बारा, पांकी, पलामू), एरिया कमांडर अमित दुबे उर्फ छोटे बाबा (पथरई,लेस्लीगंज), महेंद्र ठाकुर व इमरान अंसारी (दोनों बरैनी, चतरा), संजय उरांव उर्फ भगत (अलौदिया, चंदवा) का रहने वाला है। लातेहार पुलिस की यह बड़ी सफलता मानी जा रही है। एसपी कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों के पास से चार राइफल, एक ऑटोमेटिक रिवॉल्वर, 1102 राउंड गोली, तीन पाउच, दो वर्दी, दो बाइक और नक्सली पर्चा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बालूमाथ थाना क्षेत्र के हेसाबार-भांग जंगल में टीएसपीसी के नक्सली किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसी सूचना पर बालूमाथ एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम ने जंगल में घेर कर सभी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि ये सभी उग्रवादी पहले जेल जा चुके हैं। जेल से छूटने के बाद फिर से टीएसपीसी संगठन को सक्रिय कर रहे थे। लातेहार, गढ़वा, पलामू और चतरा जिले के व्यवसायियों और ठेकेदारों से जबरन वसूली कर रहे थे। पिछले चार-पांच महीने से यह पूरी टीम सक्रिय थी। गिरफ्तार सभी उग्रवादियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## भारत के आसमान में आज दिखेगा पिंक मून

एजेंसी

यह एक माइक्रोमून होगा, जो सामान्य से छोटा दिखायी देगा



**हैदराबाद।** भारतीय आकाश को देखने वाले लोग एक शांतिपूर्ण और खूबसूरत खगोलीय नजारे के लिए तैयार रहें। यह खगोलीय घटना रविवार की सुबह अपने चरम पर पहुंचेगी। पूरा देश आसमान में गुलाबी चांद को देखेगा। खास बात यह है कि लोग इस खगोलीय घटना को अपने घरों, बालकनी और छतों से देख सकते हैं।

**कहां और कब दिखेगा पिंक मून :** खबरों के अनुसार अनुसार, यह अनोखी खगोलीय घटना भारत में रविवार, 13 अप्रैल, को सुबह 5:52 बजे देखी जा सकती है। इच्छुक आकाशदर्शी वेबसाइट पर जाकर अपने क्षेत्र के लिए समय की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। गुलाबी चंद्रमा को पूरे भारत में लोग देख सकते हैं। पिंक मून को देखने का पूरा अनुभव पाने शहरी क्षेत्र के लोग ऊंची इमारतों या खुली छतों पर जा कर इसको देख सकेंगे। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग खगोलीय घटना को देखने के लिए एक आदर्श स्थान होगा।

## नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय का बड़ा एक्शन

# कुर्क संपत्तियों पर कब्जा लेने का इडी ने जारी किया नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने 661 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति पर कब्जे के लिए नोटिस जारी किया है। इडी ने इन संपत्तियों को उसने कांग्रेस नियंत्रित एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच में कुर्क किया था। संघीय जांच एजेंसी ने बयान में कहा कि उसने दिल्ली में आइटीओ स्थित हेराल्ड हाउस, मुंबई के बांद्रा इलाके में स्थित परिसर और लखनऊ में बिशेश्वर नाथ मार्ग स्थित एजेएल बिल्डिंग पर ये नोटिस चस्पा किये हैं। नोटिस में परिसर खाली करने या मुंबई की संपत्ति के मामले में किराये को ईडी को सौंपने के लिए कहा गया है।

धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा (8) और नियम 5(1) के तहत यह कार्रवाई की गयी है, जो ईडी की ओर से कुर्क की गई और अथॉरिटी से पुष्टि की गई संपत्तियों पर कब्जे की प्रक्रिया का प्रावधान करता है। इन अचल संपत्तियों को ईडी ने नवंबर 2023 में कुर्क किया था। प्रवर्तन निदेशालय का मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला एजेएल और यंग इंडियन के खिलाफ है। नेशनल हेराल्ड एजेएल की ओर से प्रकाशित किया जाता है और इसका स्वामित्व यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के पास है।

#### ...आखिर सोनिया और राहुल गांधी का कैसे आया नाम

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी यंग इंडियन के प्रमुख शेयरधारक हैं। उनमें प्रत्येक के पास 38 प्रतिशत शेयर हैं। इडी का आरोप है कि यंग इंडियन और एजेएल की संपत्तियों का इस्तेमाल 18 करोड़ रुपये के फर्जी दान, 38 करोड़ रुपये के फर्जी अग्रिम किराये और 29 करोड़ रुपये के फर्जी विज्ञापनों के रूप में अपराध की आय अर्जित करने के लिए किया गया। बता दें कि नेशनल हेराल्ड अखबार 1938 में प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने शुरू किया था। एजेएल की ओर से यह प्रकाशित होता था। 2010 में YIL नामक कंपनी बनी, जिसमें सोनिया और राहुल गांधी की 38-38 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। आरोप है कि IL ने AJL की 90 करोड़ रुपये की देनदारी को मात्र 50 लाख रुपये में हासिल कर लिया और AJL की संपत्तियों (जिनकी कीमत करोड़ों में थी) पर नियंत्रण कर लिया।

# देशभर में यूपीआइ लेनदेन में दिक्कत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) के जरिए आज शनिवार को डिजिटल पेमेंट करने में देशभर के लाखों लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तकनीकी खराबी के कारण कई यूजर्स न तो खरीदारी कर पाए और न ही बिल भुगतान या अन्य ऑनलाइन लेनदेन कर सके।

इस समस्या की पुष्टि एनपीसीआई (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) ने की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि तकनीकी परेशानी के कारण यूपीआई सेवा बाधित हुई है और इसे ठीक करने का काम जारी है। ऑनलाइन आउटेज ट्रैकर डाउन डिटेक्टर के अनुसार दोपहर 1 बजे तक 2,358 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें 81 प्रतिशत पेमेंट फेल होने और 17 प्रतिशत फंड ट्रांसफर से जुड़ी रहीं।

## झारखंड में एक जून से लागू हो नयी उत्पाद नीति !

**रांची।** झारखंड में नयी उत्पाद नीति एक जून से लागू होगी। नयी उत्पाद नीति के ड्राफ्ट को विभागीय मंत्री की सहमति के बाद राजस्व पर्षद, वित्त विभाग और विधि विभाग के पास भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, वित्त विभाग ने प्रस्तावित नीति के कुछ बिंदुओं पर उत्पाद विभाग से जानकारी मांगी है। उत्पाद नीति को संबंधित विभागों से स्वीकृति मिलने के बाद कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। विभागीय सूत्रों का कहना है झारखंड में नयी उत्पाद नीति को लेकर तेजी से काम चल रहा है। नयी उत्पाद नीति के तहत खुदरा शराब दुकानों का आवंटन ई लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए एनआईसी द्वारा एक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जिसका परीक्षण विभागीय स्तर पर किया जा रहा है। नयी उत्पाद नीति लागू होने के बाद झारखंड में शराब की कीमतें कम होने की संभावना है। इससे राज्य के लोगों को शराब खरीदने में राहत मिल सकती है। वर्तमान में झारखंड में विभिन्न प्रकार की शराब की कीमतें अलग-अलग हैं। जैसे कि व्हिस्की, रम, बीयर आदि। नई उत्पाद नीति लागू होने के बाद इन कीमतों में बदलाव हो सकता है।

### बाबूलाल का बैक टू बैक ट्वीट, शिक्षा व्यवस्था से शराब घोटाला तक खड़े किये सवाल

# सरकार ने झारखंड की पूरी शिक्षा व्यवस्था को ही भाड़े पर लगा दिया है

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को बैक टू बैक ट्वीट कर सरकार पर निशाना साधा है। शिक्षा व्यवस्था से लेकर शराब घोटाला तक के सवाल खड़े किए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि राज्य सरकार ने झारखंड की पूरी शिक्षा व्यवस्था को ही भाड़े पर लगा दिया है। स्थायी शिक्षकों के हजारों रिक्त पद खत्म कर अब विद्यालयों में किराये के शिक्षक से काम चलाया जा रहा है। झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को व्यवस्था गर्त में धकेलने और छात्रों के भविष्य के साथ क्रूर मजाक करने का पाप कर रही है झारखंड की सरकार!

नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के आरोपियों ने झामुमो-कांग्रेस विधायकों के रायपुर दौरे का पूरा प्रबंध किया था। छत्तीसगढ़ के शराब सिंडिकेट को ही झारखंड में कारोबार का जिम्मा सौंपा था। इसी का नतीजा है कि 450 करोड़ रुपए के घोटाले के रूप में सामने आ



चुका है। वर्तमान सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग कर अपने भ्रष्ट अधिकारियों को बचाने की भरसक कोशिश की लेकिन अब सीबीआई जल्द ही झारखंड के राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों का चेहरा बेनकाब करेगी। उन्होंने लिखा है कि झारखंड में 108 एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह चरमरा चुकी है। बोकारो और गिरिडीह में समय पर वेतन न मिलने के कारण एम्बुलेंस कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जिससे दोनों ज़िलों की स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है। मरीज निजी एम्बुलेंस चालकों को मनमानी फीस देने या निजी वाहनों से अस्पताल पहुंचने को मजबूर हैं।

बाबूलाल ने सिका है कि विभागीय मंत्री ने पुराने एमओयू को रद्द कर एम्बुलेंस संचालन की ज़िम्मेदारी अपने करीबी सम्मान फाउंडेशन को सौंप दी है। उन्होंने सीएम से कहा है कि मामले का संज्ञान लेकर तत्काल एम्बुलेंस कर्मियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित कर लापरवाह एजेंसी पर सख्त कारवाई करें, ताकि मरीजों को असुविधा का सामना न करना पड़े। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाते हुए कहा कि जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के नाम पर आखिरकार वर्तमान सरकार कर क्या रही है? 1990 के दशक में जिस कझिया नदी से गोड्डा जिले में सिंचाई परियोजना और पेयजल आपूर्ति योजना संचालित होती थी, वर्तमान में अवैध बालू खनन के कारण न केवल यह योजनाएं समाप्त हो गईं, बल्कि आसपास के इलाकों में जल स्रोत नीचे चले गए और नदी का अस्तित्व खतरे में है। जितना भी बालू बचा है, दिन-रात नदी के इलाके में उसका अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है।

## झारखंड में धान खरीद की तिथि 30 तक बढ़ी

**रांची।** राज्य सरकार ने खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए धान खरीद की अंतिम तिथि 15 दिन बढ़ा दी है। अब किसान 30 अप्रैल तक अपनी फसल बेच सकेंगे। खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। सरकार का कहना है कि धान खरीद की समय सीमा बढ़ने से अधिक किसान धान खरीद का लाभ उठा सकेंगे। इससे किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए अधिक समय मिलेगा और वे अपनी उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे।

# वीएलडब्ल्यू अब 90 प्रतिशत कार्य कृषि विभाग का करेंगे : शिल्पी नेहा तिर्की

### जन सेवक का नाम बदलने को लेकर भी अधिकारियों को दिया गया है दिशा निर्देश

#### राज्य स्तरीय जन सेवक समागम में शामिल हुई कृषि मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के वीएलडब्ल्यू अब 90 प्रतिशत कार्य कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग का करेंगे। पंचायती राज विभाग सहित दूसरे विभाग में अब वीएलडब्ल्यू की भूमिका ना के बराबर रहेगी। राजधानी के लालगुटुवा में राज्य स्तरीय जन सेवक समागम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ये घोषणा की है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि वीएलडब्ल्यू की नियुक्ति कृषि विभाग के द्वारा की गई है, जबकि वो काम पंचायती राज विभाग सहित दूसरे विभाग में कर रहे है। आज इस समागम में वीएलडब्ल्यू के द्वारा कृषि विभाग के लिए काम किए जाने की ललक



देख कर अच्छा लगा। मंत्री पद संभालने बाद से ही वीएलडब्ल्यू से संबंधित जानकारी लगातार मिलती रही है। हैरान करने वाली बात ये है कि राज्य के वीएलडब्ल्यू को भी ये जानकारी नहीं है कि वीएलडब्ल्यू का काम क्या है?

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने समागम को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में आने या आपके किसी भी प्रतिनिधि से मिलने से पहले मैंने ठोस कदम उठाया है। विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मैंने राज्य भर के वीएलडब्ल्यू का 90 प्रतिशत कार्य कृषि विभाग का करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही जन सेवक का नाम बदलकर कृषि के साथ जोड़ने को भी कहा है। विभाग से संबंधित योजनाओं की समय_ समय पर जानकारी देने के उद्देश्य से साल में 2 प्रशिक्षण कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि प्रोन्नति सहित दूसरी मांग को भी विभाग गंभीरता से लेगी। उन्होंने कहा कि जब वीएलडब्ल्यू विभाग की योजनाओं से जुड़ेंगे, तो काम की रफ्तार बढ़ेगी। नियुक्ति किसी विभाग में और स्थापना किसी और विभाग में, ऐसा करने से काम पर प्रभाव पड़ता है। पंचायती राज विभाग से वीएलडब्ल्यू का स्थापना वापस लेने के लिए विभागीय पत्रकार किया गया है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य भर के वीएलडब्ल्यू को आगाह करते हुए कहा कि आने वाले समय ऐसा कुछ ना करे की सरकार के काम पर ऊंगली उठ सके। अपने काम के दम पर पहचान बनाना होगा। राज्य स्तरीय जन सेवक समागम में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। समागम में जन सेवक संघ के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, प्रांतीय महामंत्री लोकेश कुमार, प्रांतीय कोषाध्यक्ष लव कुमार पासवान, प्रांतीय वरीय उपाध्यक्ष रामनाथ यादव, प्रांतीय मुख्य समन्वयक संतोष कुमार, मुख्य सचेतक धर्मेंद्र देव, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश, प्रवक्ता उपेन्द्र कुमार सिंह, महिला अध्यक्ष कीर्ति रानी खलखो मौजूद थी।

## देवघर के श्री मंगलधाम भूमि पूजनोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शनिवार को देवघर में हनुमान जयंती के मौके पर सेवा फाउंडेशन, देवघर द्वारा आयोजितश्री मंगलधाम के भूमि पूजनोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर राज्यपाल ने भगवान हनुमान को न केवल शक्ति और भक्ति का प्रतीक, बल्कि निःस्वार्थ सेवा, आत्मसंयम और कर्तव्यपरायणता का आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि यह पावन दिन हम सभी को अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ करने का संकल्प दिलाता है। राज्यपाल ने कहा कि देवघर केवल एक धार्मिक तीर्थ नहीं, बल्कि श्रद्धा, आस्था और आध्यात्म की दिव्य भूमि है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र एक समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विख्यात है। उन्होंने विश्वास जताया कि आधारभूत संरचना के सशक्त विकास के माध्यम से देवघर को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी विशिष्ट स्थान दिलाया जा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि सेवा फाउंडेशन, देवघर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कौशल विकास के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के वंचित वर्गों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवाभाव युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे और श्री मंगलधाम श्रद्धा और सेवा का संगम स्थल बनकर मानव कल्याण की भावना को निरंतर प्रज्वलित करता रहेगा। राज्यपाल ने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे परोपकार, संयम और सेवा के पथ पर अग्रसर हों।


## AFFIDAVIT

BEFORE, NOTARY PUBLIC, MEDININAGAR (DALTONGANJ) PALAMAU



I, SANTOSH KUMAR, S/O RAM BACHAN MEHTA, aged about 44 Years, resident of Village BHA-JANIYA, P.O. & P.S.- MOHAM-MADGANJ, District – Palamau, Jharkhand, do hereby solemnly affirm and declare as follows : -

1. That, in my service documents and education Certificate of my daughter`s name is SRISHTI, But in Adhar No – 9369 8031 3017 her name is wrongly Miss. SRISHTI, So her actual name is SRISHTI.
2. That this Affidavit is for correction of name of my above daughter`s adhar card as SRISHTI.
3. That above contents is true to the best of my Knowledge and belief.

Santosh kumar
DEPONENT

The above names is identified by me and he has signed in my Presence.
Dewesh kumar dubey
ADVOCATE

That above named deponent is identified by Sri Dewesh kumar dubey ADVOCATE, has solemnly affirm before me that the content of this affidavit are true and correct to the best of her Knowledge and belief.
Ashok Kumar Tiwari
NOTARY PUBLIC AT MEDININAGAR, PALAMAU
Book No. XIV Serial No. 2051
Date 12.04.2025

## AFFIDAVIT

I Anita Devi D/O Prabhu Ganjhu, W/O Tilak Ganjhu] DOB 12.02.1999, by faith Hindu, Occupation House wife, Nationality Indian, Permannent R/O At: Topa Pindra, PO : Topa, PS:Mandu, Dist : Ramgarh (Jharkhand), Present R/O At: Manatu, PO: Manatu, PS: Keredari, Dist: Hazaribag (Jharkhand) Pin: 825321, do hereby affirm and declare as follows:

1.That before marriage name has been mentioned as ANITA KUMARI D/O Prabhu Ganjhu in my bank pass Book of Bank of India, Topa Branch, bearind A/C No: 486810510000987
2. That after marriage my name has been mentioned as ANITA DEVI W/O Tilak Ganjhu in my Aadhar Card, bearing No : 370093302273, Voter I D Card, bearing MKJ7644073 & PAN card, bearing No: EVZPD3803A
3. That ANITA KUMARI and ANITA DEVI both name same and single lady i.e. myself
4.That above statements are true and correct in the best of my knowledge.


# रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ओड़ीशा के राज्यपाल का पद छोड़कर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड के कार्यकर्ताओं में जोश भरना शुरू कर दिया है। शनिवार को उन्होंने खिजरी विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकताओं में जोश भरा। उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा की पार्टी है, न कि परिवार की। कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे राज्य सरकार की कमियों को जनता तक ले जाएं। उन्हें समझाएं कि कैसे राज्य सरकार उनके अधिकारों का हनन कर रही है।

**कार्यकताओं में बसता है भाजपा का मन और आत्मा**

रघुवर दास ने कहा कि भाजपा का मन और आत्मा कार्यकताओं में बसता है और पार्टी को कार्यकर्ता



ही मजबूती प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बिना हार और जीत की चिंता किए जनता को जोड़ने का काम कार्यकर्ता करता है। अब कार्यकताओं की जिम्मेदारी है कि वे गांव-गांव में जाकर जन जागरूकता अभियान चलाएं और लोगों को सरकार की कमियों के बारे में बतायें।

#### भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं ब्लॉक के अधिकारी

रघुवर दास ने राज्य की कानून व्यवस्था, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि राज्य के हर ब्लॉक के अधिकारी भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं और ट्रांसफर-पोस्टिंग उद्योग बन गया है। राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण सनातन धर्म को मानने वाली जनता अपना पर्व त्योहार भी खुलकर नहीं मना सकती है।

**भाजपा की सरकार बनाने के लिए गांवों तक जायें :** रघुवर दास ने कार्यकताओं से कहा कि वे भाजपा की सरकार बनाने के लिए गांवों तक जाएं और लोगों को सरकार की कमियों के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि अगली सरकार भाजपा की बनाने के लिए कार्यकताओं को गांव की ओर जाना ही होगा।

## राज्यपाल ने बाबा मंदिर में की पूजा राज्यवासियों की समृद्धि की प्रार्थना की



**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार शनिवार को देवघर पहुंचे। यहां उन्होंने विश्वप्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथधाम में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा राज्य के सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। इससे पूर्व तीर्थ पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राज्यपाल महोदय को संकल्प कराया गया। तत्पश्चात उन्होंने बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक व आराधना की। पूजन के उपरांत देवघर के डीसी विशाल सागर ने राज्यपाल को स्मृतिचिन्ह भेंट की।

## राज्यपाल ने पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शनिवार को देवघर जिले के कुशमाहा स्थित पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख के पैतृक आवास पहुंचे। वहां उन्होंने बादल पत्रलेख के पिता स्व. हरिशंकर पत्रलेख की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिरशांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की।


## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा
### आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र के वित्तीय वर्ष 2024–25 में चयनित लाभुकों को सूचित किया जाता है कि योजना की अनुदान राशि उनके Escrow Account में डी0बी0टी0 कर दिया गया है। अतः योजना के क्रियान्वयन हेतु उन सभी चयनित लाभुक जिन्हें अनुदान राशि डी0बी0टी0 की गई है, को सूचित किया जाता है कि योजनांतर्गत लाभुक अंशदान की राशि अपने संबंधित बैंक के Escrow Account में 10 दिनों के अन्दर जमा करना सुनिश्चित करेंगें तथा जमा की गई लाभुक अंशदान की राशि की जमा पर्ची संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय/जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में जमा करना सुनिश्चित करेंगें ताकि योजना का क्रियान्वयन शीघ्र हो सके।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 350243 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(25-26)D

## कार्यालय अंचल अधिकारी, कर्रा।
### प्रेस विज्ञप्ति
### खास सूचना
#### दाखिल–खारिज अपील वाद सं0 54/23–24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि न्यायालय, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी ऑनलाईन दाखिल–खारिज अपील वाद सं0 54/23–24 में पारित आदेश के आलोक में सुनवाई की तिथि 16.04.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न में निर्धारित की गई है, जिसमें श्री अभिनन्दन कुमार, पिता– अशोक कुमार, ग्राम– इन्द्रपुरी रोड नं0 1, रातु रोड, सुखदेव नगर, रांची (2) मृत्युंजय कुमार पिता– गोरखनाथ सिंह, ग्राम– सैदपुर, दिघवारा, सारन, जिला– सारन, बिहार (3) ईश्वर साहु एवं शंकर साहु पिता– स्व0 सूरज साहु, ग्राम– गड़के, थाना– कर्रा, जिला– खूँटी (4) प्रभाकर कुमार, पिता– अनिल कुमार सिंह पता– बी–3–521, एच0ई0सी0 कॉलोनी बस स्टैण्ड सेक्टर–9 धुर्वा, जिला– रांची की उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः निदेश है कि निर्धारित तिथि को अंचल कार्यालय, कर्रा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति को यह समझा जाएगा कि आपको उक्त वाद में कोई रूचि नहीं है तथा एकतरफा निर्णय लिया जाएगा।

अंचल अधिकारी,
कर्रा।

PR 350226 District(25-26)D


## झारखंड में पहली बार अन्नदाताओं के लिए किसान समृद्धि योजना की शुरूआत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के किसानों की समृद्धि की दिशा में झारखंड सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कृषि, पशुपालन और सहकारिता विभाग ने पहली बार अन्नदाताओं के लिए किसान समृद्धि योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत राज्य के किसानों को सौर सिंचाई इकाइयों पर 90% तक सब्सिडी मिलती है। योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा से चलने वाली सिंचाई प्रणालियों को बढ़ावा देना है। साथ ही पारंपरिक जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करके कृषि लागत को कम करना है। कृषि विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस योजना में किसानों को 5 एचपी क्षमता के सोलर पंप सेट उपलब्ध कराये जा रहे हैं, जो औसतन 5 एकड़ तक की भूमि की सिंचाई करने में सक्षम हैं। बिजली की अनियमितता और डीजल के बढ़ते दामों से परेशान किसानों को इससे बड़ी राहत मिलेगी।

#### किसान समृद्धि योजना से सौर सिंचाई पर 90% सब्सिडी, मिलेगी राहत

सौर ऊर्जा से चलने वाले ये पंप खेतों में दिन के समय बिना किसी रुकावट के सिंचाई की सुविधा देंगे। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसान को झारखंड का निवासी होना आवश्यक है। साथ ही उसके पास खेती योग्य भूमि होनी चाहिए। एक परिवार से केवल एक व्यक्ति को योजना का लाभ मिलेगा। आवेदन के लिए भूमि रसीद, वंशावली शपथ पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण और आधार से लिंक मोबाइल नंबर की आवश्यकता होगी। किसानों को पहले ग्राम सभा से अनुमोदन प्राप्त करना होगा। इसके बाद उन्हें नजदीकी प्रज्ञा केंद्र जाकर आवेदन जमा करना होगा। वहीं से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। योजना की निगरानी और स्वीकृति कृषि विभाग द्वारा की जायेगी।

## राज्य स्तरीय कांग्रेस कनेक्ट सेंटर के प्रभारी बने सुनीत शर्मा

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सुनीत शर्मा को राज्य स्तरीय कनेक्ट सेंटर( साथी केंद्र) का प्रभारी नियुक्त किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि राज्य के कार्यकताओं से सीधा संवाद स्थापित करने तथा राष्ट्रीय नेतृत्व तक संगठन की जानकारी को पहुंचाने के लिए कनेक्ट केंद्र की स्थापना झारखंड में केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा की गई है। कनेक्ट केंद्र के सफल संचालन हेतु राज्य के प्रभारी द्वारा कनेक्ट सेंटर का संचालन करने वाले राष्ट्रीय पदाधिकारी को सहयोग किया जाएगा। कनेक्ट सेंटर के माध्यम से यहां एक ओर कार्यकर्ता सीधा केंद्रीय नेतृत्व से जुड़ेंगे। वहीं केंद्रीय नेतृत्व भी जमीनी स्तर के कार्यकताओं से जरूरी सूचनाओं और जानकारी प्राप्त कर उसी अनुसार कार्यक्रम तय कर सकती है और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कराएगी। कनेक्ट सेंटर के माध्यम से कार्यकर्ता सीधे संगठन के संदर्भ में अपने बातों को रख सकेंगे ।

## झारखंड से एयर एंबुलेंस सेवा के लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू

#### इच्छुक एजेंसियां 12 अप्रैल से 5 मई तक जमा कर सकती हैं टेंडर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की है। अब सरकार ने एक और कदम बढ़ाते हुए एक एयर एंबुलेंस लीज पर लेने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया गया है।

**क्या है टेंडर की प्रक्रिया :** टेंडर की प्रक्रिया में शामिल होने को इच्छुक एजेंसियां 12 अप्रैल से 5 मई तक टेंडर जमा कर सकती हैं। 7 मई को टेक्निकल बिड खोले जाएंगे। टेंडर में भाग लेने के लिए ईएमडी के तौर पर 7 लाख रुपये और टेंडर डॉक्यूमेंट फीस के तौर पर 5000 रुपये जमा करने होंगे। ऑनलाइन मोड में ही ईएमडी और टेंडर फीस जमा करनी होगी।




**एयर एंबुलेंस शुल्क**

- रांची से दिल्ली : 3.3 लाख
- रांची से मुंबई : 4.4 लाख
- रांची से चेन्नई : 3.85 लाख
- रांची से कोलकाता : 1.10 लाख

**एयर एंबुलेंस सेवा के लाभ :** गंभीर मरीजों को आपात स्थिति में बेहतर चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने के लिए एयर एंबुलेंस सेवा मुहैया कराई जा रही है। अब तक 94 जरूरतमंद मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अन्य राज्यों में भेजा गया है। रांची से दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता के लिए एयर एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध है।

## डीसी ने पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की बैठक

# गर्मी में पेयजल की समस्या किसी भी परिस्थिति में ना हो, सभी संबंधित अधिकारी को दिया निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी रांची, मंजूनाथ भजन्त्री ने गर्मी में जिले में पेय जल की समस्या ना हो इसको लेकर गंभीर दिखे। उन्होंने इसी मुद्दे पर शनिवार को गर्मी आने से पहले पेयजल की समस्या से अवगत होने की कोशिश की और उसके समाधान के लिए सम्बंधित सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उसी कड़ी में मंजूनाथ भजन्त्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से गर्मी को देखते हुए पेयजल की सुविधाएं और पंचायतों की सुदृढ़ीकरण से संबंधित सभी पंचायतों के मुखिया के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक किया।

**अघतन स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी :** उपायुक्त द्वारा नए चापानल एवं चापानल मरम्मती की अघतन स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए। सम्बंधित सभी अधिकारी से नए चापानल की भौतिक स्थिति की जानकारी लेते हुए सम्बंधित सभी अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा, की किसी परिस्थिति में पेय जल की समस्या ना हो।

**सभी सम्बंधित अधिकारी कार्यो का निष्पादन सही से करें :** उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को कड़े शब्दों में कहा है, की जिला में पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए सभी सम्बंधित पदाधिकारी चापानल की मरम्मती सुनिश्चित रूप से करा ले। साथ ही उन्होंने प्रखंडवार कितना चापानल गड़ा है, इसकी पूरी सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सभी सम्बंधित अधिकारी को अपने कार्यों का निष्पादन सही से करने को कहा गया।

**पेय जल की समस्या के वास्तुस्थिति के बारें में जानकारी :** उपायुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पंचायत के कुछ मुखिया से बात करके पेय जल की समस्या के वास्तुस्थिति के बारें में जानकारी लेते हुए उनसे चापानल मरम्मती की सूची एवं नए चापानल का भौतिक सत्यापन की सूची जल्द भेजने को कहा गया।

**पंचायतों की सुदृढ़ीकरण पर जोर :** उपायुक्त द्वारा कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विशेष रूप से कहा गया की जिला प्रशासन का लक्ष्य पेयजल सुविधाओं को सुदृढ़ करने और पंचायतों को और अधिक प्रभावी बनाने पंचायतों के सुदृढ़ीकरण से संबंधित कार्यों, जैसे बुनियादी ढांचे, प्रशासनिक क्षमता और ग्राम रोजगार योजनाओं की दिशा में ठोस कदम उठाना है। जिसपर कार्य किए जा रहें।

### सभी मुखिया को पंचायत की महिला को महिला स्वालंबन में जोड़ने को कहा

उपायुक्त ने सभी मुखिया को विशेष रूप से कहा की पंचायत की महिला झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की सम्मान राशि को बकरी और मुर्गी पालन करके राशि का सदुपयोग करें ताकि महिला आर्थिक रूप से सक्षम बने एवं आत्मनिर्भर बने। बैठक में उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साव, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रांची, राजीव कुमार उपस्थित थे एवं वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कार्यकारी अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र, कनीय अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), सभी मुखिया, सभी पंचायत सचिव, सभी ग्राम रोजगार सेवक, शामिल रहें।

## छम छम नाचे देखो वीर हनुमाना अंजनी को लाल निरालो रे...

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** छम छम नाचे देखो वीर हनुमा अंजनी को लाल निरालो रे... भजनों की लय पर भक्तगण भाव विभोर हुए। अवसर था अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में शनिवार को हनुमान जयंती अत्यन्त भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया । हनुमान जयंती का उल्लास लिए भक्तगण प्रातः काल से ही वीर हनुमान के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। प्रातकाल में हनुमान जी को नवीन वस्त्र पहनाकर आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों जैसे गुलाब , जूही , बेला, मोगरा , गैंदा व से मनभावन श्रृंगार किया गया। रात्रि 11:30 बजे महाआरती व प्रशाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत , ओम जोशी , चन्द्र प्रकाश बागला , धीरज बंका , विवेक ढांढनीयाँ , विकाश पाडिया , ज्ञानप्रकाश बगला , नितेश लखोटिया , अजय साबू , अरुण धानुका, प्रियांश पोद्दार एवम राजेश सारस्वत का विशेष सहयोग रहा। ये जानकारी मीडिया प्रभारी सुमित पोद्दार ने दी।

### हनुमान जयंती पर हरमू रोड श्री श्याम मंदिर में महाभंडारा



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को हनुमान जयंती के अवसर पर सर्व प्रथम प्रातः मंदिर के नियमित आरती पूजन के बाद हनुमान जी महाराज का सुन्दरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ मनीष सारस्वत ने किया। इसके बाद पूर्णिमा पर सतनारायण कथा मंदिर के आचार्य संजय मिश्रा ने पाठ आरती पूजन कर संपन्न करवाया। साथ ही मौके पर 151 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। ये जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

### श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब में हनुमान जयंती



**रांची।** श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब के प्रांगण में शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। श्री महावीर मंडल राँची पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा के नेतृत्व में श्री महावीर मंडल राँची के अन्तर्गत पड़ने वाले सभी प्रमुख मंदिर एवं सभी अखाड़ो में दिप उपत्सव के तहत दिप जलाकर महाबली श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर आरती की गई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया और दीपोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू , उपाध्यक्ष राहुल सिन्हा चंकी , मंत्री सुभाष साहू , विश्व हिन्दू परिषद के प्रांतीय मंत्री बीरेंद्र साहू , मंत्री कैलाश केसरी श्री चैती दुगार्पूजा महासमिति के महामंत्री गोपाल पारीक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नगर निगम की बैठक में राजस्व संग्रहण की नयी रणनीति पर चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व संग्रहण की नई रणनीति पर चर्चा करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर निगम के उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू ने की। जिसमें राजस्व शाखा के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 के सभी बकायेदारों को शीघ्रता से नोटिस निर्गत कर कर वसूली की प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम क्षेत्र में लगभग 13,000 खाली भूमि की पहचान की गई है, जिनकी अभी तक री-असेसमेंट नहीं की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि इन संपत्तियों का शीघ्र आकलन कर उन्हें कर के दायरे में लाया जाए। इसके अलावा, वाणिज्यिक गतिविधियों जैसे कि होटलों, पेइंग गेस्ट, स्पा, सैलून व क्लिनिक आदि को रजिस्ट्रेशन होल्डिंग्स में शामिल करते हुए कर निर्धारण करने की प्रक्रिया को भी सख्ती से लागू करने का आदेश दिया गया है।

बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि आगामी मई 2025 से एक विशेष कर वसूली अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत बकायेदारों से लंबित कर की वसूली की जाएगी। इस बैठक में सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, निगम के कर संयोजक, एजेंसी मैनेजर्स, स्टोरर्स के प्रतिनिधि एवं अन्य विभागीय कर्मी उपस्थित थे।

# नगर निगम ने 31 नियोजित वाहन पड़ाव स्थलों की सूची की जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ट्रैफिक जाम की समस्या को लेकर नगर निगम गंभीर है। इस समस्या से निपटने और बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर नगर निगम ने एक अहम कदम उठाया है। निगम द्वारा शहर के विभिन्न इलाकों में 31 नियोजित वाहन पड़ाव स्थल चिन्हित किए गए हैं, जहां वाहन खड़ा करना वैध होगा। इन स्थलों के अलावा अन्य किसी भी स्थान पर वाहन खड़ा करने पर जुमार्ना और वाहन जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। निगम ने यह भी जानकारी दी कि इन पड़ाव स्थलों पर पहले 10 मिनट की पार्किंग निःशुल्क रहेगी। इसके बाद निर्धारित शुल्क लिया जाएगा।

### 31 नियोजित वाहन पड़ाव स्थलों की सूची

1. हनुमान मंदिर स्टेशन रोड वाहन पड़ाव
2. रेलवे स्टेशन के बाहर वाहन पड़ाव
3. शारदा बाबू लेन (दो पहिया वाहन)
4. आईटीआई बस स्टैंड से संजय सोनी तक वाहन पड़ाव
5. ट्रैफिक पोस्ट से निमाया ऑटोमोबाइल्स तक वाहन पड़ाव
6. हीरो शो रूम से श्री-मार्ट तक (भाया कंप्यूटर नेटवर्क एवं राज्य अस्पताल)
7. रेडियम रोड से एचईसी मार्केट के पास वाहन पड़ाव
8. विशाल मेगामार्ट से हनुमान मंदिर तक वाहन पड़ाव
9. अंबरम मोटर से ठाकुर रोड तक वाहन पड़ाव
10. हरमू रोड फ्लाईओवर नीचे (बायां लेन) ट्रैफिक पोस्ट वाहन पड़ाव
11. हटिया रेलवे स्टेशन के बाहर वाहन पड़ाव
12. आईटीआई बस स्टैंड से बैद्यनाथ (बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सामने) वाहन पड़ाव
13. किशोरगंज चौक से संत फ्रांसिस स्कूल के कोने पर ऑक्सफोर्ड स्कूल के उत्तर सड़क किनारे वाहन पड़ाव
14. हरिओम टॉवर (कंकड़बाग) बिल्डिंग के बाहर से लेकर हरिओम टॉवर के सामने तक वाहन पड़ाव
15. लालपुर चौक से हनुमान मंदिर बाबा सरस्वती मोटर्स से बायां लेन वाहन पड़ाव
16. शहीद चौक से जेल चौक पार्किंग
17. शहीद चौक से ठाकुर रोड वाहन पड़ाव
18. जयपाल सिंह स्टेडियम के सामने वाहन पड़ाव
19. रिलायंस स्मार्ट कॉम्प्लेक्स के सामने वाहन पड़ाव
20. सिद्धू कान्हू पार्क के सामने वाहन पड़ाव
21. गुप्ता होटल से होटल लैंडमार्क होटल इंडिया होटल तक वाहन पड़ाव
22. बालमुकुंद सत्यनारायण वाहन पड़ाव
23. बकरी बाजार सब्जी मार्केट के पास वाहन पड़ाव
24. रांची रेलवे स्टेशन वाहन पड़ाव
25. सरदार बाजार मेनरोड वाहन पड़ाव
26. कांटा टोली चौक, अंजलि टॉकीज के पीछे के समीप वाहन पड़ाव
27. नाइस फर्नीचर से भारत यू टू भाया रेनेसां टावर एवं बैंक ऑफ इंडिया कैंपस तक
28. नगवां बाजार सब्जी बाजार इन-प्लेन वाहन पड़ाव
29. स्मार्ट बाजार, कांके रोड वाहन पड़ाव
30. ट्रैफिक पोस्ट अरगोड़ा से होटल फॉर्च्यून तक वाहन पड़ाव
31. सिंह प्लाजा अशोक नगर रोड वाहन पड़ाव.

## जागरण में झूमे लोग, त्रिलोकेश्वर धाम में पांच दिवसीय यज्ञ का समापन



**रांची।** हरमू क्षेत्र श्री शिव शक्ति त्रिलोकेश्वर धाम में शनिवार को पांच दिवसीय यज्ञ का समापन हो गया। सुबह बेदी पूजन, मंडप पूजन , स्तम्भ पूजन उपरांत विधिवत सभी नौ देवी देवता को शुद्ध गंगाजल संग पंचामृत स्नान करवाकर उनकी प्राण प्रतिष्ठा कर उनकी पूजा की गई। नौ देवी देवता में माँ दुर्गा, भगवान महादेव, श्री गणेश , बजरंग बली,श्री राधे कृष्ण, श्री राम परिवार , जल स्थित कच्छप , श्री कुबेर जी ,श्री नंदी महाराज , माँ सरस्वती एवं पीडी वाली माता (शीतला माता) को त्रिलोकेश्वर धाम के शिव शक्ति मंदिर में स्थापित किया गया। समापन के मौके पर जागरण का आयोजन किया गया। बोकारो की कलाकार सिमरन ने देर रात तक भक्तों को झूमाया। मौके पर श्री शिव शक्ति मंदिर परिसर के अध्यक्ष रिंकू वर्मा मौजूद थे।

### एयर शो चलेगा एक घंटा, निःशुल्क प्रवेश

**रांची।** भारतीय वायुसेना का पहला एयर शो 19 और 20 अप्रैल 2025 को रांची के खोजा टोली आर्मी मैदान, नामकुम में होने जा रहा है, जो झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक और रोमांचक अवसर है। सूर्यकिरण एक्रोबैटिक टीम अपने शानदार हवाई करतबों से आसमान में जादू बिखेरेगी। यह शो सुबह 9:45 से 10:45 बजे तक दोनों दिन एक-एक घंटे के लिए आयोजित होगा। प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क है।

## हाईकोर्ट में लोअर डिवीजन क्लर्क नियुक्ति पर हुई सुनवाई, कार्मिक व विधि सचिव हुए हाजिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में लोअर डिवीजन क्लर्क (एलडीसी) की नियुक्ति के नियमितीकरण से संबंधित अवमानना याचिका पर चर्चा हुई। इस मामले में कोर्ट के आदेश के बाद कार्मिक सचिव और लॉ डिपार्टमेंट के प्रधान सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कार्मिक सचिव ने कोर्ट से 4 अप्रैल 2024 के आदेश का अनुपालन करने के लिए 8 सप्ताह का समय मांगा, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। अब इन दोनों अधिकारियों को 10 जून तक कोर्ट के आदेश का अनुपालन करने के लिए शपथ पत्र दाखिल करना होगा।

**क्या है पूरा मामला :** प्रार्थी सुनील कुमार की नियुक्ति वर्ष 2004 में एडवोकेट जनरल कार्यालय के क्लर्क के रूप में हुई थी। कोर्ट ने पहले प्रार्थी की नियुक्ति को नियमित करने का आदेश दिया था, जिसके खिलाफ सरकार ने अपील दायर की थी।

लेकिन एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाने की अपील को कोर्ट ने खारिज कर दिया था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 13 जून को होगी।

### वीरेंद्र राम व उनकी पत्नी की याचिका पर हुई सुनवाई, नए सिरे से क्रिमिनल रिवीजन दाखिल करने का निर्देश

रांची। टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपी पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनकी पत्नी राजकुमारी देवी की याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों ने ईडी की विशेष अदालत द्वारा उनकी डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने के खिलाफ याचिका दायर की थी। अदालत ने वीरेंद्र राम और उनकी पत्नी को नए सिरे से क्रिमिनल रिवीजन दाखिल करने का निर्देश दिया है। कहा कि चूंकि अब आरोप गठित हो चुका है, इसलिए वे नए सिरे से क्रिमिनल रिवीजन दाखिल कर सकते हैं। इस पर उन्होंने अदालत से समय की मांग की है। बता दें कि वीरेंद्र राम को 22 फरवरी 2023 को ईडी ने गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर ठेकों में कमीशन लिया। ईडी ने उनके 24 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें 30 लाख रुपये कैश और 1.50 करोड़ रुपये की ज्वेलरी बरामद हुई थी। इस मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम भी जेल में बंद हैं। वीरेंद्र राम के सहयोगियों समेत लगभग 1 दर्जन लोगों को ईडी ने आरोपी बनाया है। वीरेंद्र राम 21 महीने जेल में रहने के बाद सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर बाहर निकले हैं।

## निजी स्कूल अब नहीं कर सकेंगे मनमानी

# स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले अब लेनी होगी मंजूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अब निजी स्कूलों में फीस वृद्धि के लिए अभिभावक शिक्षक संघ और स्कूल कमिटी की मंजूरी अनिवार्य होगी। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमोदन के फीस नहीं बढ़ेगी। इसके अलावा निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत जरूरतमंद गरीब बच्चों के एडमिशन को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं।

**नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई :** नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर 50 हजार से लेकर 2.5 लाख तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। साथ ही मान्यता रद्द करने का भी प्रावधान है। यह जानकारी रांची जिला प्रशासन की ओर से आयोजित एक बैठक में दी गई, जिसमें 150 स्कूलों के प्राचार्यों ने भाग लिया।

**बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय**

सभी निजी स्कूलों में फीस समिति और अभिभावक शिक्षक संघ का गठन करना होगा। फीस समिति में विद्यालय प्रबंधन द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि अध्यक्ष होंगे, जबकि विद्यालय के प्रधानाध्यापक सचिव होंगे। निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत जरूरतमंद गरीब बच्चों के एडमिशन को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। आरटीई के तहत जरूरतमंद बच्चों के नामांकन को लेकर भी निर्देश दिए गए हैं।

### झारखंड अभिभावक संघ ने किया स्वागत

झारखंड अभिभावक संघ ने इस पहल का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे निजी स्कूलों में पारदर्शिता और अभिभावकों की भागीदारी बढ़ेगी।

संघ ने सुझाव दिया है कि इन समितियों की जानकारी विद्यालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाए, ताकि अभिभावक पूरी प्रक्रिया से अवगत रह सकें और उनके अधिकारों का उल्लंघन न हो।

## बीआईटीटीवाई बालपन प्ले स्कूल में नन्हें बच्चों का हुआ स्वागत



**रांची।** बीआईटीटीवाई बालपन प्ले स्कूल इंद्रपुरी में नये शैक्षणिक सत्र के नन्हें-नन्हें बच्चों का स्वागत शनिवार को किया गया। इस खास मौके पर स्कूल में नामांकित नए विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से चंदन तिलक लगाकर और तालियों की गूंज के बीच गर्मजोशी से स्वागत किया गया। शिक्षिकाओं के साथ बच्चों ने गीत-संगीत और नृत्य का भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर सपना सिंह,वंदना सिंह, दीक्षा कुमारी, नेहा, तनु राय सहित अन्य लोग मौजूद थे। मौके पर चेयरपर्सन डॉ. वंदना कुमारी एवं चेयरमैन डॉ. रंजीत कुमार ने शिक्षिकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया और सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# बैसाखी आज गुरुद्वारे को आकर्षक रूप से सजाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सिख समाज के द्वारा आज बैसाखी उत्सव मनाया जायेगा। शहर के गुरुद्वारे में सुबह से शाम तक धार्मिक आयोजन किए जाएगें,सुबह अरदास की जायेगी। इसके बाद दोपहर तक कीर्तन का दौर चलेगा। वहीं लंगर का आयोजन भी किया जायेगा। समाज द्वारा कई दिनों से इसकी तैयारियां की जा रही है। गुरुद्वारे को आकर्षक रूप से सजाया गया है।



**सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बैसाखी, बिहु और पोइला बोईशाख का उल्लास :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बैसाखी, बिहु और पोइला बोईशाख का पर्व हर्षोल्लास के साथ शनिवार को मनाया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की विविध और समृद्ध संस्कृति से परिचित कराना था।

इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें स्कूल के क्वायर ग्रुप द्वारा ईश्वर की भक्ति में एक सुंदर भजन की प्रस्तुति हुई। इसके पश्चात देश की सांस्कृतिक विविधता को दशार्ने वाली एक मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति हुई, जिसने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि विविधता में एकता भारत की सबसे बड़ी सांस्कृतिक विशेषता है।

## रामटहल चौधरी महाविद्यालय में सौर ऊर्जा पर कार्यशाला



**रांची।** रामटहल चौधरी महाविद्यालय में शनिवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन कालेज के प्राचार्य डॉक्टर भीम महतो ने किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रोफेसर हरवी कुमारी ने सौर ऊर्जा की मूल अवधारणा एवं वर्तमान समय में उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी विभाग के विभागअध्यक्ष उपस्थित थे। इस मौके पर प्रोफेसर अशोक कुमार महतो, रेणु कुमारी,अनिता कुमारी, अनूप,राजेश महतो, स्वाति साहू ,अनिता कुमारी,राहुल कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

(शहर की खबरें पेज 9 पर भी देखें)

### रांची विवि में पीजी करिकुलम और क्रेडिट फ्रेमवर्क पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

# एनइपी-2020 के प्रावधानों को पूरी जानकारी देना ही विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य : वीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मास कॉम सभागार में पीजी करिकुलम और क्रेडिट फ्रेमवर्क विषय पर शनिवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका आयोजन रांची विवि की आईक्यूएसी टीम ने किया था। इस कार्यशाला का उद्घाटन वीसी प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने किया।

कार्यशाला में रांची विवि के सभी पीजी विभागों के विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। साथ ही रांची विवि के विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, संकायाध्यक्ष, सदस्य और पीजी विभागों के शिक्षक भी शामिल हुये। अपने संबोधन में वीसी ने कहा कि यह हमारी जिम्मेवारी है कि हम एनइपी-2020 के प्रावधानों के बारे में छात्रों तक पूरी जानकारी पहुंचायें। साथ ही छात्रों की प्रतिक्रिया भी जानें कि वह क्या सोचते और चाहते हैं? इससे पूर्व कार्यशाला के मुख्य विषयों से परिचय डॉ. बी.के. सिन्हा (टेक्निकल आफिसर टू वीसी) ने कराया तथा विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला।



पहले तकनीकी सत्र में नीपा के रिसोर्स पर्सन प्रो. कुमार सुरेश, नई दिल्ली से ऑनलाइन जुड़े और उन्होंने अपना व्याख्यान दिया और डिजाइन किए गए पाठ्यक्रम के आवश्यक नियमों और प्रावधानों को बताते हुये विस्तार से जानकारी को सबों से शेयर किया। उन्होंने एनइपी 2020 के डिजाइन पाठ्यक्रम पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हमें समकालीन विकास, बहु-विषयक, लचीलापन और क्रेडिट प्रणाली का ध्यान रखना चाहिए वहीं आईआरएस और कौशल विकास का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

डॉ. कुमार सुरेश ने ऑनलाइन सवालों के जवाब भी दिये। नीपा के दूसरे एक्सपर्ट प्रो. सुधांशू भूषण ने सभागार में प्रॉजेक्टर बोर्ड पर क्रेडिट प्रणाली को विस्तृत रूप से समझाया और कहा कि हमें छात्रों की प्रतिक्रिया लेकर यह जानकारी भी एकत्र करना चाहिए कि क्या यूजी 3 वर्ष का होना चाहिए या चार वर्षों का। इसका सर्वेक्षण यह निर्धारित करने में हमें सक्षम बनायेगा हम पीजी को एक वर्ष का रखें या दो वर्ष? कार्यशाला के दूसरे सत्र में डा. राजकुमार ने विषय पर विमर्श के बाद अन्य बिंदुओं के बारे बताया और सभागार में आये सभी शिक्षकों, प्राचार्यों, विभागाध्यक्षों से एक फार्म के माध्यम से राय ली गयी।

इस सफल कार्यशाला का संचालन डॉ. सोनी तिवारी ने किया। इस अवसर पर आइक्यूएसी के डा. जी.एस.झा, डोरंडा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके शर्मा, डीएसडबल्यू आरयू डॉ. सुदेश कुमार साहू, डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ. स्मृति सिंह, डॉ. राजकुमार, मास कॉम के निदेशक डॉ. वसंत कुमार झा, डॉ. शिप्रा, डॉ. विनोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## अमन साहू का एनकाउंटर करने वाले इंस्पेक्टर पीके सिंह सहित 11 पुलिस कर्मियों का तबादला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर करने वाले इंस्पेक्टर पीके सिंह का झारखंड एटीएस से तबादला कर दिया गया है। पीके सिंह का तबादला झारखंड के रामगढ़ जिले में किया गया है। डॉ पीके सिंह के साथ-साथ कई अन्य इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर और पुलिस कर्मियों का भी तबादला अन्य जिलों में किया गया है। डीआईजी कार्मिक के द्वारा तबादले के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। आपको बता दें कि तबादले की लिस्ट में सबसे खास नाम इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह का है।

**रामगढ़ में गैंगस्टर अमन साहू का था प्रभाव :** जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह का तबादला रामगढ़ में पुलिस मुख्यालय ने सोच-समझकर किया है। रामगढ़ वही जिला है, जहां एनकाउंटर में मारे गए अमन साहू का सिक्का चलता था। रामगढ़ का पूरा इलाका अमन साहू गैंग के प्रभाव में अभी भी है। अमन के गुर्गे अभी भी रामगढ़ जिले में एक्टिव हैं। प्रमोद कुमार सिंह के रामगढ़ आने से बाकी बचे अमन साहू गैंग के क्रिया क्लापों पर रोक लग सकती है और शेष बचे अपराधी भी पकड़े जा सकते हैं।

ज्ञात हो कि इंस्पेक्टर डॉ प्रमोद कुमार सिंह झारखंड पुलिस के तेज तर्रार और निडर अफसर माने जाते हैं। जब उनकी धनबाद में पोस्टिंग थी उस दौरान वे लुटेरों से अकेले भीड़ गए थे और अपराधी को एनकाउंटर में मार गिराया था। लेकिन प्रमोद कुमार सिंह सबसे ज्यादा सुर्खियों में तब आए हैं, जब उन्होंने कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को एनकाउंटर में मार गिराया था।

**इन पुलिस अधिकारियों का हुआ तबादला :** इंस्पेक्टर डॉ पीके सिंह - एटीएस से रामगढ़, सब इंस्पेक्टर पंकज किशोर सिंह- एटीएस से रामगढ़, सब इंस्पेक्टर सूबेदार यादव- एटीएस से रामगढ़, सब इंस्पेक्टर रोशन बाड़ा- एटीएस से रामगढ़, हवलदार राकेश कुमार - जामताड़ा से रामगढ़, हवलदार राजीव कुमार- लोहरदगा से रामगढ़, आरक्षी मोहम्मद आफताब आलम- एटीएस से रामगढ़, आरक्षी मंतोष कुमार- एटीएस से बोकारो, आरक्षी विजय कुमार - एटीएस से बोकारो, आरक्षी उत्तम कुमार - एटीएस से बोकारो, आरक्षी मुकेश कुमार रजवार- एटीएस से रामगढ़।

## नागपुरी के मूर्धन्य साहित्यकार डॉ. राम प्रसाद का निधन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नागपुरी के एसोसिएट प्रोफेसर और नागपुरी के मूर्धन्य साहित्यकार डॉ. राम प्रसाद अब इस दुनिया में नहीं रहे। रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी वसंत विहार में अवस्थित अपने आवास पर शनिवार सुबह 8:20 में अंतिम सांस ली। डॉ. राम प्रसाद विगत एक वर्ष से अस्वस्थ चल रहे थे। निधन से दो दिन पूर्व ही उन्हें अस्पताल से घर लाया गया था। शनिवार को ही दोपहर 3:30 बजे हरमू मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अपने पीछे उन्होंने दो बेटियां स्वाति श्रेया एवं पूर्वा प्रसाद तथा एक बेटे श्वेताभ शैल को छोड़ गए। अंतिम संस्कार में उनके बेटे श्वेताभ शैल, नागपुरी की सहायक प्राध्यापक डॉ. कोरनेलियुस मिंज, डॉ. इंद्रजीत राम, डॉ. सुखदेव साहू, उनके बड़े भाई राम चन्द्र साहू, भतीजा जगदीश प्रसाद, मनोज प्रसाद, नागपुरी शोधार्थी पप्पू कुमार महतो, संजय कुमार साहू, संतोष कुमार साहू, जलेश महतो सहित अन्य शामिल हुए।

**हरमू के मुक्तिधाम में किया गया उनका अंतिम संस्कार**

डॉ. राम प्रसाद का जन्म 20 जुलाई 1953 ई. को सिमडेगा जिले के केरसई पोस्ट के रुसु गांव में हुआ था। उन्होंने हिंदी विषय में एमए, एलएलबी और पीएचडी किया था। नागपुरी के पहले डी.लिट धारी थे। डॉ. रामप्रसाद 1980 से गोस्सनर कॉलेज रांची में नागपुरी अध्यापन कार्य प्रारंभ किया था। 2011 से गोस्सनर कॉलेज में संचालित इग्नू केंद्र में हिंदी में स्नात्तकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों को पढ़ाते थे। डॉ राम प्रसाद बेहद मिलनसार और मृदु स्वभाव के थे। नागपुरी भाषा भूषण श्रधरती और साहित्यकारों के मार्गदर्शक भी थे। वे दूसरों की मदद करने और ज्ञान बांटने के लिए तत्पर रहते थे।



उनका डी.लिट का शोध कार्य नागपुरी साहित्य के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है। स्वातंत्रयोत्तर नागपुरी साहित्य एवं शास्त्रीय अध्ययन पुस्तक में नागपुरी साहित्य के सभी विधाओं का समावेश है। यह पुस्तक नागपुरी शिक्षकों, शोधार्थियों, पाठकों और नागपुरी विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी है। शोधार्थियों को इस पुस्तक की मदद लेनी ही पड़ती है। इनकी नागपुरी साहित्य जगत में एक अलग पहचान थी। इनकी नागपुरी पुस्तकों में नागपुरी लोक कथा संग्रह, नागपुरी कोरी भइर पझरा (सह संपादक), नागपुरी गइद तइरगन (सह संपादक ), तकदीर और ततवीर लोक कथा संग्रह, खुखुड़ी रुगड़ा (सह संपादक), नागपुरी कहनी संकलन फिरू प्रकाशित है।

## वीणा हॉस्पिटल में मुफ्त परामर्श शिविर आज

- **ऑर्थो स्पेशलिस्ट डॉ अमित और डॉ सीमा करेंगी जांच**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पंडरा के बाजार समिति स्थित वीणा हॉस्पिटल में रविवार को मुफ्त परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। यह जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने दी है। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि वीणा हॉस्पिटल की ओर से हरेक रविवार को मुफ्त परामर्श शिविर का आयोजन होता है। इसी के तहत रविवार की सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में ऑथोर्पेडिक स्पाईन सर्जन डॉ अमित कुमार अपनी सेवा देंगे। बताते चलें कि डॉ अमित पीजीआई चंडीगढ़ में भी अपनी सेवा दे चुके हैं। फिलहाल वह वीणा हॉस्पिटल पंडरा में अपनी सेवा दे रहे हैं।



इस शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डीएनबी (ओबीजी) डॉ सिमा सिंह भी मरीजों की जांच करेंगी और उन्हें निःशुल्क परामर्श देंगी। बताते चलें कि डॉ सीमा सिंह टीएमच जमशेदपुर में लंबे समय तक सेवा दी है। फिलहल वह वीणा हॉस्पिटल में सेवा दे रही हैं। रविवार को आयोजित मुफ्त परामर्श शिविर में वह मरीजों को परामर्श देंगी।

### खबर एक नजर में

## राज्यपाल ने की घायल जवान के स्वास्थ्य होने की कामना



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एक्स पर कहा कि चाईबासा में सर्च अभियान के दौरान आईडी विस्फोट में घायल झारखंड जगुआर के वीर जवान सुनील धान जी के शहीद होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं तथा इस विस्फोट में घायल अन्य जवान के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## कोकर बाजार जतरा ताड़ में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**रांची।** कोकर बाजार जतरा तांड़ में शनिवार को एकदिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का उदघाटन समाजसेवी संतोष महतो, डॉ राहुल राज, समाजसेवी सुरज कुमार पासवान, कांके विधायक प्रतिनिधि राजू राम और अमित कुमार चौरसिया ने किया। इस शिविर में हड्डी, नस जोड़ एवं स्किन की समस्याओं से जूझ रहे मरीज को डॉ राहुल राज, डॉ सपन कुमार, डॉ प्रदीप, सुनील कुमार एवं उनकी टीम ने जांच की और साथ ही मुफ्त दवा दी गयी व खून जांच की गई। इस अवसर पर सुनीता देवी, सुशील विश्वसरमा, कृष्णा कुमार सोनू, अर्चना शर्मा, विशाल राम, गुड्डू पासवान, रेनू कुमारी, विशाल दास, दीपक, अमित कुमार, शुभम रेयान सहित मुहल्ले के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान में रक्तदान शिविर आयोजित



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शनिवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन संस्थान के छात्र मामलों के डीन सह एन एस एस अध्यक्ष डॉ भास्कर कर्ण ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महादान का कार्य है। हम सभी को इस पुण्य कार्य में खुद भी सहयोग करना चाहिए साथ हीं दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ ओ.पी. पांडे ने कहा कि रक्तदान को बनाइए अभियान, रक्तदान करके बचाइए जान। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजीत कुमार, डॉ संजीव तिवारी और डॉ अभिजीत नाग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र प्रमुख रितेश, विशेष, पृथ्वी राज, संस्कार एवं अन्य स्वंसेवकों का सहयोग रहा। बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान मेसरा के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग तथा मूल्य शिक्षा प्रकोष्ठ ने शनिवार को एनसीसी ग्राउंड में देश की सांस्कृतिक विरासत भारत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर सामाजिक विज्ञान के सहायक प्रोफेसर डॉ. रोहित पांडे और प्रोफेसर मृणाल पाठक ने भारत महोत्सव का परिचय देते हुए भारत के विभिन्न भागों की सुंदरता और संस्कृति के बारे में बताया। कार्यक्रम को डॉ. संजय कुमार और छात्र मामलों के डीन डॉ. भास्कर कर्ण ने संबोधित किया। इस मौके पर अदिति पालित ने नृत्य,इंद्रजीत दत्ता ने वायलिन और श्रीजीत चटर्जी ने तबला वादन किया।

## लायंस इंटरनेशनल जिला 322ए के अधिवेशन में रांची ईस्ट ने कई पुरस्कार जीते



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लायंस इंटरनेशनल जिला 322ए का दो दिवसीय अधिवेशन जमशेदपुर में संपन्न हुआ। जिसमें झारखंड एवं बिहार के लगभग 80 क्लबों के 450 सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अधिवेशन में सभी क्लबों के वर्ष भर किये गए सेवा कार्यों का आकलन किया गया एवं उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की। लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट को फोटोग्राफी एवं बैनर प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार एवं पब्लिक स्पीकिंग में शायरी अग्रवाल को प्रथम एवं भारतेंदु झा को द्वितीय तथा विनोद सिंह को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। सम्मेलन में शामिल होने वालों में अध्यक्ष संजय पोद्दार, सचिव सुनीता अग्रवाल, पीआरओ अनिता झा सहित पूर्व जिलापाल राजीव लोचन, राजीवा सिंह, वीके महेंद्रू, राजेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्षों में मनोज नरेडी, दिवाकर राजगढ़िया, रतन अग्रवाल, नरेश कुमार सहित रामकृष्ण जी, रवि आनंद, मनोज गोप एवं रमेंद्र कुमार शामिल हैं। लायन्स्टिक वर्ष 2025-26 के लिए संजय कुमार जिलापाल, शुभ्रा मजूमदार प्रथम उप जिलापाल तथा लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के कंचन साहू द्वितीय उप जिलापाल चुने गए। यह जानकारी पीआरओ अनिता झा ने दी।

## केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अपर सचिव ने खूंटी व पलामू का किया दौरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव टीके अनिल कुमार ने शुक्रवार व शनिवार को खूंटी और पलामू जिलों का दो दिवसीय दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित योजनाओं और नवाचारों की जमीनी हकीकत को समझना और ग्रामीण क्षेत्रों में महिला समूहों की भागीदारी को परखना था।

अपने दौरे के पहले दिन अनिल कुमार खूंटी जिले के तोरपा प्रखंड पहुंचे। जहां उन्होंने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा संचालित विभिन्न ग्रामीण उद्यमों और आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया। स्थानीय महिला समूहों द्वारा संचालित सब्जी उत्पादन, टसर रियरिंग, मिनी फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट्स और ग्रामीण बाजारों के प्रबंधन जैसी गतिविधियों में उन्होंने गहरी रुचि दिखाई। खास तौर पर उन्होंने महिला समूहों द्वारा संचालित परंपरागत कृषि पद्धतियों को नवाचार के साथ जोड़ने के प्रयासों की सराहना की। तोरपा के पेराहात गांव में उन्होंने महिलाओं के साथ खुलकर संवाद किया। उनकी चुनौतियों को जाना और योजनाओं के प्रभाव को समझा। उन्होंने रड़गु गांव में संचालित एलओडीयूएस केंद्र का भी दौरा किया। जहां उन्होंने उत्पादन प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण और उत्पाद ब्रांडिंग से जुड़े नवाचारों का अवलोकन किया। अनिल कुमार ने खासतौर पर ग्रामीण आजीविका से जुड़ी गतिविधियों में डिजिटल प्लेटफॉर्म, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए-1) और कोर्स लर्निंग की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। अनिल कुमार ने कहा कि इन तकनीकों को अपनाकर हम ग्रामीण समाज को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त कर सकते हैं, बल्कि समावेशी और सतत विकास की ओर भी अग्रसर हो सकते हैं। दूसरे दिन शनिवार को अनिल कुमार ने पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड में जएसएलपीएस द्वारा संचालित पलाश उच्च प्रोटीन प्रोसेसिंग सेंटर कटमासाली का निरीक्षण किया। इस केंद्र में महिला समूहों द्वारा उन्नत पोषणयुक्त खाद्य उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं। उन्होंने महिलाओं की उद्यमशीलता की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल न केवल आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण है, बल्कि इससे पोषण सुरक्षा भी सुनि/ित की जा रही है। इसके बाद वे बिशुनपुर के सिजुआ गांव पहुंचे, जहां उन्होंने सौर ऊर्जा आधारित टसर यार्न रीलिंग सेंटर का अवलोकन किया। इस केंद्र से जुड़ी महिलाओं ने उन्हें बताया कि किस प्रकार यह परियोजना उनके जीवन में स्थायी आजीविका का साधन बनी है। दौरे के क्रम में अनिल कुमार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं से भी संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को बधाई दी और कहा कि इस तरह की योजनाएं गांवों में युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।



दौरे के समापन पर अनिल कुमार ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं आज केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि बदलाव की वाहक बन चुकी हैं। उनके नेतृत्व में चल रहे ये प्रयास देश को एक मजबूत, सक्षम और आत्मनिर्भर समाज की ओर ले जा रहे हैं।

# कांग्रेस ने डॉ अंबेडकर को हमेशा किया अपमानित भाजपा ने दिया उचित सम्मान : कर्मवीर सिंह

- **भाजपा रांची महानगर का डॉ अंबेडकर सम्मान अभियान पर कार्यशाला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी की स्थापना पखवाड़ा के निमित डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान की रांची महानगर जिला एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन रातू रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर के कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ चुनाव के लिए काम नहीं करती, बल्कि समाज में परिवर्तन, पार्टी का मूल विश्वास है। कांग्रेस ने हमेशा ही डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को और संविधान को अपमानित करने का काम किया है। आज संविधान की प्रतियां लहराने वाले लोगों के पूर्वजों ने संविधान पर कलंक लगाते हुए भारत को आपातकाल जैसा कलंकित काल दिया। इन लोगों ने ही बाबा साहब को कानून मंत्री से राजी नामा देने पर मजबूर किया। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने हमेशा बाबा साहब और संविधान को पूरी तरह सम्मानित करने का काम किया है।




वहीं, स्थानीय विधायक सीपी सिंह ने कहा कि आज समय आ गया है कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज को यह बताएं कि किस तरह से इन कांग्रेस के लोगों ने अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को चुनाव में हारने के लिए जवाहरलाल नेहरू ने अपनी एड़ी चोटी एक कर दी। संविधान के रचयिता डॉक्टर साहब को इतने सालों तक भारत रत्न से भी दूर रखा गया। 1990 में जब भाजपा समर्थित गैर कांग्रेसी सरकार बनी तब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि झारखंड प्रदेश द्वारा निर्देशित आगामी 25 तारीख तक डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान रांची महानगर जिला में चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की ख्याति को जनता तक पहुंचाने का काम अलग-अलग मोहल्ले में संगोष्ठी के माध्यम से करेंगे।


महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने यह भी याद दिलाया कि किस तरह इन कांग्रेस के लोगों ने बार-बार डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का अपमान और संविधान का अपमान करते हुए राज्यों की सरकारों को गिराया, कितनी बार मध्यवर्ती चुनाव कराए और आपातकाल के समय पूरे भारतवर्ष में एक तरह से संविधान को कलंकित करने का कार्य किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कर्मवीर सिंह के साथ सी पी सिंह, समरी लाल,जीतू चरण राम, सीमा पासवान, वरुण साहू सत्य नारायण सिंह, मनोज मिश्रा, के के गुप्ता, रमेश सिंह, अरुण झा, रोशनी खलको , रंजन पासवान, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, विकास रवि, बसंत दास, उषा पाण्डे, विनय सिंह, अनिता वर्मा, विश्वजीत सिंह, रोमित नारायण सिंह, रागिनी सिन्हा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पारस हॉस्पिटल एचइसी में रेडिएशन अंकोलॉजी व पेट स्कैन का शुभारंभ 14 को

- **नि:शुल्क कैंसर ओपीडी परामर्श शिविर भी लगेगा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पारस हॉस्पिटल एचइसी में आगामी 14 अप्रैल को रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की शुरूआत होगी। साथ ही पेट स्कैन भी प्रारंभ हो जायेगा। इसके साथ एक ही छत के नीचे मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी की सुविधा कैंसर मरीजों को मिलेगा। इस उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को निःशुल्क कैंसर ओपीडी परामर्श शिविर लगाया जा रहा है। इस शिविर में कैंसर स्क्रीनिग पैकेज भी निःशुल्क मिलेगा। इस पैकेज में कुल 11 प्रकार के महत्वपूर्ण जांच किये जायेंगे। इनमें रक्त से संबंधित संपूर्ण रक्त गणना (सीबीसी), परिधीय रक्त स्मीयर, गुर्दा कार्य परीक्षण और यकृत कार्य परीक्षण शामिल है। वहीं, कैंसर मार्कर परीक्षण के तहत कुल 6 प्रकार के जांच किये जायेंगे। इनमें लिवर कैंसर के लिए अल्फा फेटोप्रोटीन, प्रोस्टेट कैंसर के लिए प्रोस्टेट विशिष्ट एंटीजन, अग्नाशय और पेट के कैंसर के लिए सीए 19.9, डिम्बग्रंथि कैंसर के लिए सीए 125, स्तन कैंसर के लिए सीए 15.3 एवं कोलोरेक्टल और अन्य कैंसर के लिए कार्सिनोएंब्रायोनिक एंजीटन की जांच शामिल है। यह शिविर सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक लगेगा। सभी अपॉइटमेंट बुक करने के लिए हॉस्पिटल में संपर्क कर सकते हैं।




हॉस्पिटल के जोनल हेड श्रीकांत सुबुद्धि ने बताया कि कैंसर के मरीज अब बड़े ही सुलभ तरीके से एक ही जगह अपना इलाज विशेषज्ञ डॉक्टरों से करवा सकते हैं। हॉस्पिटल के मार्केटिंग हेड मानस लाभ ने कहा कि अगर समय पर कैंसर की पहचान हो जाये, तो इसका इलाज संभव है। इसको देखते हुए निःशुल्क कैंसर ओपीडी परामर्श शिविर का लाभ जरूर उठायें।

# मंडा पूजा आस्था का प्रतीक : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिकिदिरी।** नगरा बेड़ा गांव में पांच दिनों तक चली शिव उपासना की पूजा मंडा पूजा का फूलखुन्दी के साथ शनिवार को समापन हो गया। शनिवार की सुबह 40 भोक्ताओं ने नंगे पांव अंगारों पर चलकर अपनी आस्था का परिचय दिया।न मंडा पूजा मेले में पूर्वी सिंहभूम से सनत महतो और पुरुलिया से आई बाघंबर सिंह मुंडा की छऊ नृत्य मंडली के बीच मुकाबला हुआ। इस से पूर्व शुक्रवार की रात मंडा पूजा मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप, भाजपा के जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुंडा, कांग्रेस के जिला महासचिव शिवदास गोस्वामी, मुखिया राजेंद्र बेदिया, अध्यक्ष चमरू बेदिया व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि मंडा पूजा उपासना व भक्ति का प्रतीक है।यह झारखंडी संस्कृति की अहम कड़ी है। दिगंबर गोस्वामी व चमरू पाहन ने पूजा अर्चना कराया। संचालन महेश बेदिया ने किया। अतिथि के रूप में निर्मल करमाली, अजगुत करमाली, मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, बालेश्वर बेदिया, लक्ष्मण प्रसाद सैनी, पप्पू सिंह व जीतनाथ बेदिया उपस्थित थे। मेला के सफल आयोजन में समिति के मुख्य संरक्षक राजेंद्र बेदिया, अध्यक्ष चमरू बेदिया, सचिव दूतीलाल बेदिया, संरक्षक समलू बेदिया, सोमनाथ बेदिया, अजय भारती, महादेव बेदिया, धनेशवर बेदिया, राजकिशोर बेदिया, अशोक बेदिया, दामोदर बेदिया, माधव करमाली, शनिचरवा बेदिया, महेश बेदिया, बालेशवर बेदिया, आशेशवर बेदिया, रतन बेदिया, जितवा बेदिया, मोहरा बेदिया, किशोर करमाली का योगदान रहा।

# एनके एरिया सरना समिति के तत्वाधान में सरहुल महोत्सव आज, तैयारी पूरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया सरना समिति कि बैठक चुरी उत्तरी पंचायत भवन में लालचंद विश्वकर्मा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सरहुल महोत्सव कि तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों को कार्य सौंपा गया। साथ ही सरना प्रेमियों, कोयलांचल वासियों तथा दुकानदारों से आग्रह किया गया कि भारी से भारी संख्या में आकर इस सरहुल महोत्सव को सफल बनाए। वहीं सरहुल महोत्सव स्थल पर दुकान लगाने वालों से दूरी बना कर अपनी-अपनी दुकान लगाने का अपील किया गया। वहीं हडिया और शराब की बिक्री भी सख्त रूप्रा से मना किया गया है। क्षेत्र के सभी सरना समिति और खोड़हा टीमों से भी आग्रह किया गया है कि समय से आकर जुलूस में शामिल हो कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं। सरहुल महोत्सव कार्यक्रम में सरना स्थल में पूजा दिन के 10 बजे, जूलूस प्रस्थान सरना स्थल से 3 बजे सरना कलब केडीएच के लिए रखा गया है।

# मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा में आदित्य साहू किया भूमि पूजा, गांवादेवती पूजा व ध्वजारोहण

खबर मन्त्र संवाददाता


जंगल में गांवादेवती की पूजा करते आदित्य साहू।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के कुच्चू में नवनिर्मित शिवशक्ति हनुमत मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्रीराम कथा को लेकर शनिवार को भूमि पूजन, ध्वजारोहण आरती की गई। एक से नौ मई, नौ दिनों तक चलने वाले धार्मिक आयोजन को लेकर कुच्चू व आसपास गांव के लोगों में अभी से ही काफी उत्साह है। भूमि पुजन कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही लोग महायज्ञ स्थल मंदिर परिसर में पहुंचने लगे थें। प्रधान पुजारी राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व अन्य पुजारियों को पंडितों द्वारा पूजा व आरती कराई गई। वहीं गांव व देवालयों में ध्वजारोहण करने से पहले गांवादेवती में पूजा व ध्वजारोहन किया गया। गांव से दो किमी दूर गांव के जंगल में गांवादेवती स्थल पर जाकर पूजा की गई। जिसके बाद गांव के सभी मंदिर, देवालय व गांव में ध्वजारोहन किया गया। पूजा व ध्वजारोहण कार्यक्रम में अतिथियों के साथ सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण शामिल थें। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने व शामिल होने वालों की आदित्य साहू व पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने सरहाना किया, और कहा धार्मिक आयोजन में सामुहिकता सनातन धर्म संस्कृति का महत्व बढाती है। मौके पर रणधीर चौधरी अमित राम साहू, नागेंद्र प्रसाद, कुलदीप साहू, रामाशीष यादव, दिनेश प्रसाद, मनोज गुप्ता, अरविंद कुमार, नीतीश साहू उर्फ आशीष, संजय कुमार, प्रेम कुमार, रामप्यारे महतो, रविंद्र महतो, अरूण कुमार साहू, अखिलेश कुमार, दिलेश्वर साहू, विवेक राज सहित ग्रामीणों के साथ काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थें।

## खबर एक नजर में

### गैंगरेप व हत्या के आरोपी को भेजा जेल

**चान्हो।** जितेंद्र साहू नामक युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को चान्हो पुलिस ने जेल भेज दिया है। वह उड़ीसा के सुंदरगढ़ नबरंगपुर का रहने वाला है। उसके ऊपर 2020 में गैंगरेप व हत्या के एक मामले का आरोप है। पुलिस के अनुसार चान्हो थाना क्षेत्र में 2020 में एक युवती की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गयी थी। घटना में शामिल अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है जबकि जितेंद्र पिता रामानन्द साहु फरार था जिसे पुलिस ने उड़ीसा से गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

### खिजरी टोली में झंडागड़ी प्रार्थना सभा का आयोजन



**अनगड़ा।** खिजरी टोली राजाडेरा में 21वाँ झंडागड़ी प्रार्थना सभा मनाया गया जिसमें धर्म मां चारी उरांव के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने जल अर्पित कर पूजा अर्चना किए। इस मौके पर सभी धर्म अगुवाओं को सरना गमछा देकर सम्मानित किया गया एवं खिजरी प्रार्थना सभा के संरक्षक समाज सेवी श्री पारसनाथ उरांव ने कहा जब से खिजरी टोली प्रार्थना सभा शुरू हुआ है आदिवासी भाई बहनों में अपने धर्म के प्रति जागरूकता आई है। मौके पर अथिति के रूप में विधायक प्रतिनिधि रिया तिर्की, अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव ने भी अपने समाज और धर्म के बारे आदिवासियों को संबोधन किया। सभा का संचालन बैजनाथ उरांव ने किया। मौके पर हिर्दू उरांव, हरखू मुंडा, मंटू उरांव,शशि उरांव, सुनीता उरांव, गांगी उरांव, सकरा बेदिया, महावीर बेदिया, मदन बेदिया, भजन बेदिया, सीमा उरांव, दीनबंधु उरांव, जौरी उरांव, गौरी देवी, अम्पी उरांव, तेजुआ उरांव आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### कार पलटने से एक युवक की मौत



**अनगड़ा।** अनगड़ा थाना क्षेत्र के रिंग रोड हेसल टॉल प्लाजा के निकट शनिवार को करीब ढाई बजे दिन में एक ऑल्टो कार के सड़क किनारे पलटने से ज्योतिष चौधरी नामक करीब 35 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। मृतक थाना क्षेत्र के सालन ग्राम निवासी जयमंगल चौधरी का एकलौता पुत्र था। जबकि कार में सवार अन्य दो लोग घायल हो गए। बताया गया कि वह चूटू अपने मामा घर गया था और वहां से अपना घर लौट रहा था कार का रफ्तार तेज था हेसल के पास मोड़ में उसका संतुलन बिगड़ गया और कार सड़क के किनारे पलट गया। तत्काल सभी घायलों को पीएचसी अनगड़ा इलाज के लिए ले जाया गया जहां ज्योतिष चौधरी की मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया।

### धमधमिया में राजा मेदिनी राय की जयंती मनी



**खलारी।** धमधमिया में शनिवार को राजा मेदिनी राय की जयंती मनायी गयी। इस दौरान धमधमिया के समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी लोगों ने राजा मेदिनी राय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। सरजू सिंह चेरो ने कहा कि राजा मेदिनी राय ने अपने शासन काल में जनता के सुख व समृद्धि के लिए काफी काम किया। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। सरजू सिंह चेरो ने कहा कि चैत्र पूर्णिमा के दिन राजा मेदिनी राय का जन्म हुआ था। वे 1658 से 1674 तक पलामू के राजा रहे। उन्होंने पलामू के दुर्ग में से एक किला का निर्माण कराया था। कहा कि राजा मेदिनी राय के बताये रास्ते पर चलकर ही क्षेत्र का विकास किया जा सकता है। स्वास्थ्य, शिक्षा व बेहतर शासन ही राजा मेदिनी राय की सोच थी। वे जनता का हाल जानने के लिए घर-घर जाया करते थे। उनके शासनकाल में एक कहावत चरितार्थ था कि राजा मेदनिया घर-घर बाजे मदनिया। शेख वकील अहमद ने भी राजा मेदिनी राय के की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर रमेशर भोगता, संतोष सिंह, बिरेन्द्र प्रसाद साहू, शीतल महतो, भुगलू मुंडा, व्यास महतो, महेंद्र यादव, धीरू राम, बबलू विश्वास, सुकरा गंझू, बाबूलाल मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

### अंबेडकर के विचारों को किया गया याद

**पिस्कानगड़ी।** आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बाबा भीम राव अंबेडकर के साथ-साथ हनुमान जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं हनुमान जी की आरती, दीप प्रज्वलन एवं अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पार्पण के साथ किया गया। साथ ही असि0 प्रो0 कमलेन्द्र नाथ त्रिपाठी जी ने इस अवसर पर अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंबेडकर के विचारों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। समाज में अंबेडकर के इन मूल्यों को पुनर्जीवित करना समय की माँग है। अंबेडकर के समतामूलक समाज के निर्माण में उनके विचार युगों-युगों तक प्रासंगिक रहेंगे। वे हासिए पर खड़े समाज को मुख्य धारा में लाने का भगीरथ प्रयास किया। बी0 एड0 के छात्र/छात्राओं में श्वेता थापा, सुमित, अनिशा, पार्वती, आयुषी, अंजली, मनिया, विक्टोरिया, आशीष, अंजू, पूजा श्रीवास्तव, प्रियंका, हीरामणी, हेमावती, मुकेश, मूनिता, रीना, बरखा, नेहा, नूतन, शिखा, नीतू, विमला, सपना, कंचन, स्वाती, किरण, शीतल, नेहा, शिम्पी, नीधि, जान्ह्वी ने भाषण, गीत एवं कविता के माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग किए। मंच का संचालन सृष्टि एवं श्यामली ने किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद कुमार सिंह जी ने दिया। डॉ हरीश ने शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया। मौके पर शुभा शर्मा, मोहित कुमार तिवारी, वागीश दूबे, ओमप्रकाश, मिन्नी शोभा कुजूर, निकिता मेहता, डॉ सरिता, विवेक कुमार, उपस्थित थे।

### ऑक्सब्रिज में शैक्षणिक प्रमाण पत्र वितरण समारोह



**मांडर।** ऑक्सब्रिज विद्यालय में पिछले शैक्षणिक वर्ष (2024-2025) में अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य ईवोन ई. एक्का ने की। पिछले सत्र के सर्वश्रेष्ठ छात्र, 100% उपस्थिति एवं विभिन्न कक्षाओं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा, ₹विद्यार्थियों की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है बल्कि शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग का भी परिणाम है।₹ हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय में ऐसे छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। इन पुरस्कारों ने छात्रों के आत्मविश्वास को और अधिक बढ़ाया है।समारोह में विद्यालय निदेशक तौफिक आलम, शिक्षकगण एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस में बुंडू के रेलाडीह की छात्रा का चयन



**बुंडू।** सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, रेलाडीह, बुण्डू की एक छात्रा का चयन हुआ है। राजकीयकृत मध्य विद्यालय, रेलाडीह के प्रधानाचार्य अवधेश गुप्ता ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस, बरियातु, रांची में नामांकन के लिए जिला स्तरीय चयन समिति की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, रेलाडीह बुण्डू की छठवीं कक्षा की वैष्णवी? कुमारी का चयन किया गया है। राज्य शिक्षा विभाग की ओर से जिला स्तरीय चयन समिति ने एक मार्च, 2025 को? प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया था। उसकी इस सफलता पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अवधेश गुप्ता, शिक्षक, विजय कुमार, बसंत गुड़िया, बैकुंठ सिंह मुंडा, जागेश्वर उरांव, महेश्वर सिंह मुंडा, चितरंजन महतो सहित एसएमसी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए वैष्णवी के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी है।

### मंडा पूजा आयोजित करने का निर्णय

ठाकुरगांव-बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में ग्रामीणों की बैठक कौशल किशोर साहु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव उपासना का पूजा मंडा पूजा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। फुलखुन्दी आगामी 24 अप्रैल व 25 अप्रैल को झूलन सह मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पूजा की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजय कुमार साहु, सचिव शिबु पाहन व कोषाध्यक्ष कृष्णा साहु चुने गए।

# समर्पणदीप बीएड कॉलेज के प्राध्यापक की विदाई

- पीपीटी की हुयी प्रस्तुति
- छात्रों की आंखें भर आई

खबर मन्त्र संवाददाता



विद्यार्थियों के साथ वासिफ शाह।

**रातू।** समर्पणदीप बीएड कॉलेज में शनिवार को सहायक प्राध्यापक वासिफ शाह को भावभीनी दी गयी। समारोह की शुरूआत श्री शाह के कार्यकाल की खट्टी-मीठी यादों की पीपीटी प्रस्तुत कर अंशु और पूजा की ओर से की गयी। इस दौरान विद्यार्थियों के आंखों से आंशु छलक आये। बताते चलें, कि उन्हें वर्ष 2024 में बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया था। सचिव नवल किशोर गुप्ता, प्राचार्य डॉ दशरथ महतो, अन्य सहायक प्राध्यापक और सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं ने शाह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और वेश कीमती उपहार भी दिये। संचालन डॉ आनंद कुमार भगत ने किया।

**समारोह में थे शामिल**

अभिषेक सिंह, नवल किशोर गुप्ता, विकास पोद्दार, जितेंद्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ दशरथ महतो, डॉ शशि कुमारी तिर्की, एएन मिश्र, शैलेश कुमार दास, डॉ कुमारी कुसुम लता, डॉ नमिता साहू, अंकित कुमार, अंकिता कुमारी, दिनेश महतो, कन्हाई महतो, अनिल कुमार साहु, कमलेश, सत्यभामा देवी, शिवराज भगत, पूजा, खुशबू, साक्षी, प्रियंका, नेहा, रंजना, प्रिसिला, पूनम, पुष्पा, सुनीता, जीतराज, अंशु, अमन, अटल, सुभाष व अमित आदि।

## मंदिर का वार्षिकोत्सव : महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

# महिलाओं की सामुहिकता से सनातन धर्म मजबूत

खबर मन्त्र संवाददाता


ओरमांझी में कलशयात्रा में शामिल महिलाएं।

**ओरमांझी।** बलिदानी टिकैत उमरांव की मांग खटंगा में श्रीश्री 108 मनोकामना मंदिर की तृतीय वार्षिक महोत्सव को लेकर शनिवार को कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा में गांव की 251 महिलाओं के साथ युवतियां व छोटी बच्चियां भी शामिल हुई। महायज्ञ स्थल मंदिर परिसर से बाजे-गाजे के साथ निकाली कलशयात्रा गांव भ्रमण करते हुए डोमानदी जलाशय पहुंची। जहां पंडित निरज पांडेय के साथ अन्य पंडितो द्वारा मंत्रोच्चारण कर विधिवत पूजा-अचार्ना के साथ कलश में जलभराया गया। कलशयात्र में मुख्य रूप से शामिल पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने कहा मंदिर की वार्षिक महोत्सव को लेकर गांव के लोग काफी उत्साहित है। धार्मिक आयोजनों में महिलाओं की सामुहिकता से सनातन धर्म संस्कृति को काफी मजबूत बनाती है। वहीं बलिदानी का वंसज सह आयोजन समिति के अध्यक्ष पप्पु सिंह ने कार्यक्रम में शामिल होने वालों को बधाई दी, और कहा भक्ति जागरण के साथ वार्षिक महोत्सव का समापन किया जाएगा। कलशयात्रा में अमरनाथ चौधरी, प्रो. रामकुमार महतो, शशि मेहता, रामप्रसाद उरांव, रामसाय उरांव, लक्ष्मण महतो, सुजीत बेदिया, पंचु महतो, दिलेश्वर महतो, रेखा देवी सहित काफी संख्या में महिलाएं व ग्रामीण शामिल थें।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

प्रपत्र VI
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम-30/2013 की धारा-11 (1) के अधीन)

चुकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम-जोनहिया, थाना-दारू, थाना-सं0-191, अंचल-दारू, जिला-हजारीबाग में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा ईचाक से झुमरा पथ की लम्बाई-9.30 कि0मी0 चौडीकरण/मजबूतीकरण हेतु भू अर्जन अपेक्षित है।

परियोजना लोक हित में होने के कारण अतिमहत्वपूर्ण है अर्जनाधीन भूमि निम्नतम् है आवागमण की सुगम्यता तथा अनुयोजकता बढेंगी, बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा, बाजार में विपणन की संभावना, आधार भूत संरचना एवं कानून एवं व्यवस्था की स्थिति सुदृढ होगा। भू-अर्जन के कारण विस्थापित परिवारों की सं0 शुन्य है। इस बाध्यकारी विस्थापन का कारण नीचे दिया गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी को प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम-जोनहिया, थाना-दारू, थाना-सं0-191, अंचल-दारू, जिला-हजारीबाग में उपर्युक्त कथित परियोजना के कमोवेश 1.74 एकड़ यानि 0.7044 हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित अर्जनाधीन है जो निम्नवत है:-

| क्र0 सं0 | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | | 168 | निजी | टांड-II | 0.042 | खेसरा 168 का रैयत | प्लॉट सं0-170 | प्लॉट सं0-255 | रास्ता | निज |
| 2 | 23 | 170 | निजी | टांड-II | 0.030 | झलू बढही पेशरान मुन बढही | प्लॉट सं0-171 | प्लॉट सं0-168 | रास्ता | निज |
| 3 | 08 | 171 | निजी | टांड-II | 0.052 | नरेश सिंह पिता जलेश्वर सिंह वो मिथलेश सिंह पिता आदित्य सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-170 | मितराज मिस्त्री | रास्ता | निज |
| 4 | 49 | 177 | निजी | टांड-II | 0.18 | मितराज मिस्त्री पिता...... जाति बढई निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-178 | प्लॉट सं0-171 | रास्ता | निज |
| 5 | | 178 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-178 का रैयत | प्लॉट सं0-179 | प्लॉट सं0-177 | रास्ता | निज |
| 6 | 8 | 179 | निजी | टांड-II | 0.003 | नरेश सिंह पिता जलेश्वर सिंह वो मिथलेश सिंह पिता आदित्य सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-180 | प्लॉट सं0-178 | रास्ता | निज |
| 7 | 48 | 180 | निजी | टांड-II | 0.004 | पुरना भूईयाँ पेशरान गणेश भूईयाँ | प्लॉट सं0-181 | प्लॉट सं0-179 | रास्ता | निज |
| 8 | | 181 | निजी | टांड-II | 0.017 | खेसरा सं0-181 का रैयत | प्लॉट सं0-182 | प्लॉट सं0-180 | रास्ता | निज |
| 9 | 25 | 182 | निजी | टांड-II | 0.008 | ठाकुर गोप वल्द बुधु गोप | प्लॉट सं0-183 | प्लॉट सं0-181 | रास्ता | निज |
| 10 | | 183 | निजी | टांड-II | 0.019 | खेसरा सं0-183 का रैयत | प्लॉट सं0-184 | प्लॉट सं0-182 | रास्ता | निज |
| 11 | 50 | 184 | निजी | टांड-II | 0.028 | चमन तेली वल्द बुलका तेली | प्लॉट सं0-185 | प्लॉट सं0-183 | रास्ता | निज |
| 12 | 22 | 185 | निजी | टांड-II | 0.01 | जोधन भूईयाँ वल्द गिरधारी भूईयाँ | प्लॉट सं0-186 | प्लॉट सं0-184 | रास्ता | निज |
| 13 | | 186 | निजी | टांड-II | 0.004 | खेसरा सं0-186 का रैयत | प्लॉट सं0-187 | प्लॉट सं0-185 | रास्ता | निज |
| 14 | 7 | 187 | निजी | टांड-II | 0.007 | राजो सिंह वो कमल सिंह पिता भुखा सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-189 | प्लॉट सं0-186 | रास्ता | निज |
| 15 | 46 | 189 | निजी | टांड-II | 0.007 | प्रभु महतो वो छत्रधारी राम पिता माधो महतो जाति कोईरी निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-190 | प्लॉट सं0-187 | रास्ता | निज |
| 16 | 46 | 190 | निजी | टांड-II | 0.007 | प्रभु महतो वो छत्रधारी राम पिता माधो महतो जाति कोईरी निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-191 | प्लॉट सं0-189 | रास्ता | निज |
| 17 | 52 | 191 | निजी | टांड-II | 0.003 | रामदयाल कहार वल्द भिखु कहार | प्लॉट सं0-192 | प्लॉट सं0-190 | रास्ता | निज |
| 18 | | 192 | निजी | टांड-II | 0.001 | चमन तेली वल्द बुलका तेली | प्लॉट सं0-193 | प्लॉट सं0-191 | रास्ता | निज |
| 19 | | 196 | निजी | टांड-II | 0.093 | खेसरा सं0-196 का रैयत | प्लॉट सं0-200 | प्लॉट सं0-206 | निज | रास्ता |
| 20 | 51 | 206 | निजी | टांड-II | 0.075 | नरेश सिंह पिता जलेश्वर सिंह वो मिथलेश सिंह पिता आदित्य सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-196 | प्लॉट सं0-207 | निज | रास्ता |
| 21 | 51 | 207 | निजी | टांड-II | 0.035 | नरेश सिंह पिता जलेश्वर सिंह वो मिथलेश सिंह पिता आदित्य सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-206 | प्लॉट सं0-208 | निज | रास्ता |
| 22 | 16 | 208 | निजी | टांड-II | 0.035 | गणेश महतो पेशरान हेमराज महतो | प्लॉट सं0-207 | प्लॉट सं0-209 | निज | रास्ता |
| 23 | 15 | 209 | निजी | टांड-II | 0.05 | कैला गोप पेशरान मंगु गोप | प्लॉट सं0-208 | प्लॉट सं0-237 | निज | रास्ता |
| 24 | 13 | 237 | निजी | टांड-II | 0.04 | केवल महतो वल्द कंगार महतो | प्लॉट सं0-209 | प्लॉट सं0-238 | निज | रास्ता |
| 25 | | 238 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-238 का रैयत | प्लॉट सं0-237 | प्लॉट सं0-239 | निज | रास्ता |
| 26 | | 239 | निजी | टांड-II | 0.056 | खेसरा सं0-239 का रैयत | प्लॉट सं0-238 | प्लॉट सं0-240 | निज | रास्ता |
| 27 | 65 | 240 | निजी | टांड-II | 0.12 | राजो सिंह वो कमल सिंह पिता भुखा सिंह, जाति राजपुत, निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-239 | प्लॉट सं0-241 | निज | रास्ता |
| 28 | 08 | 241 | निजी | टांड-II | 0.009 | लालमन सिंह वो बडका गुरुदयाल सिंह पेशरान भैरो सिंह | प्लॉट सं0-240 | प्लॉट सं0-242 | निज | रास्ता |
| 29 | | 242 | निजी | टांड-II | 0.004 | खेसरा सं0-242 का रैयत | प्लॉट सं0-241 | प्लॉट सं0-243 | निज | रास्ता |
| 30 | 65 | 243 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-243 का रैयत | प्लॉट सं0-242 | प्लॉट सं0-244 | निज | रास्ता |
| 31 | 31 | 244 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-244 का रैयत | प्लॉट सं0-243 | प्लॉट सं0-245 | निज | रास्ता |
| 32 | | 245 | निजी | टांड-II | 0.003 | खेसरा सं0-245 का रैयत | प्लॉट सं0-244 | प्लॉट सं0-246 | निज | रास्ता |
| 33 | 7 | 246 | निजी | टांड-II | 0.022 | राजो सिंह वो कमल सिंह पिता भुखा सिंह, जाति राजपुत, निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-245 | प्लॉट सं0-253 | निज | रास्ता |
| 34 | | 253 | निजी | टांड-II | 0.032 | खेसरा सं0-253 का रैयत | प्लॉट सं0-246 | जंगल | निज | रास्ता |
| 35 | 51 | 255 | निजी | टांड-II | 0.006 | नरेश सिंह पिता जलेश्वर सिंह वो मिथलेश सिंह पिता आदित्य सिंह जाति राजपुत निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-268 | प्लॉट सं0-256 | रास्ता | निज |
| 36 | 8 | 256 | निजी | टांड-II | 0.041 | दौलत मिस्त्री पिता कुलदीप मिस्त्री वो निरंजन शर्मा पिता दयानाथ शर्मा वो हेमराज मिस्त्री पिता जयलाल मिस्त्री वो बैजनाथ मिसीत्र पिता स्व0 नाया मिस्त्री जाति बढई निवासी साकिन देह | प्लॉट सं0-255 | प्लॉट सं0-257 | रास्ता | निज |
| 37 | 8 | 257 | निजी | टांड-II | 0.011 | खेसरा सं0-256 का रैयत | प्लॉट सं0-256 | प्लॉट सं0-260 | रास्ता | निज |
| 38 | 50 | 260 | निजी | टांड-II | 0.01 | खेसरा सं0-260 का रैयत | प्लॉट सं0-257 | प्लॉट सं0-261 | रास्ता | निज |
| 39 | 35 | 261 | निजी | टांड-II | 0.006 | चमन तेली वल्द बुलका तेली | प्लॉट सं0-260 | जंगल | रास्ता | निज |
| 40 | 21 | 929 | निजी | टांड-II | 0.002 | जबुआ चमार वल्द कनी चमार | प्लॉट सं0-930 | प्लॉट सं0-1070 | रास्ता | निज |
| 41 | 48 | 930 | निजी | टांड-II | 0.001 | पुरना भूईयाँ पेशरान गणेश भूईयाँ | प्लॉट सं0-933 | प्लॉट सं0-929 | रास्ता | निज |
| 42 | | 933 | निजी | टांड-II | 0.003 | खेसरा सं0-933 का रैयत | प्लॉट सं0-934 | प्लॉट सं0-930 | रास्ता | निज |
| 43 | | 934 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-934 का रैयत | प्लॉट सं0-935 | प्लॉट सं0-933 | रास्ता | निज |
| 44 | | 935 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-935 का रैयत | प्लॉट सं0-942 | प्लॉट सं0-932 | रास्ता | निज |
| 45 | 50 | 942 | निजी | टांड-II | 0.004 | चमन तेली वल्द बुलका तेली | प्लॉट सं0-951 | प्लॉट सं0-935 | रास्ता | निज |
| 46 | 27 | 976 | निजी | टांड-II | 0.008 | तुफानी महतो वल्द बोधन महतो | परती कदीम | प्लॉट सं0-1004 | रास्ता | निज |
| 47 | 50 | 982 | निजी | टांड-II | 0.018 | चमन तेली वल्द बुलका तेली | परती कदीम | प्लॉट सं0-983 | निज | रास्ता |
| 48 | 8 | 983 | निजी | टांड-II | 0.034 | लालमन सिंह वो बडका गुरूदयाल सिंह पेशरान भैरो सिंह | प्लॉट सं0-982 | प्लॉट सं0-984 | निज | रास्ता |
| 49 | 29 | 984 | निजी | टांड-II | 0.004 | खेसरा सं0-984 का रैयत | प्लॉट सं0-983 | प्लॉट सं0-985 | निज | रास्ता |
| 50 | 52 | 985 | निजी | टांड-II | 0.008 | रामदयाल कहार वल्द भिखु कहार | प्लॉट सं0-984 | प्लॉट सं0-986 | निज | रास्ता |
| 51 | 7 | 986 | निजी | टांड-II | 0.022 | खेसरा सं0-986 का रैयत | प्लॉट सं0-985 | प्लॉट सं0-987 | निज | रास्ता |
| 52 | 8 | 987 | निजी | टांड-II | 0.02 | लालमन सिंह वो बडका गुरूदयाल सिंह पेशरान भैरो सिंह | प्लॉट सं0-986 | प्लॉट सं0-988 | निज | रास्ता |
| 53 | | 988 | निजी | टांड-II | 0.001 | खेसरा सं0-988 का रैयत | प्लॉट सं0-987 | प्लॉट सं0-989 | निज | रास्ता |
| 54 | 48 | 989 | निजी | टांड-II | 0.002 | पुरना भूईयाँ पेशरान गणेश भूईयाँ | प्लॉट सं0-988 | प्लॉट सं0-990 | निज | रास्ता |
| 55 | | 990 | निजी | टांड-II | 0.003 | खेसरा सं0-990 का रैयत | प्लॉट सं0-989 | प्लॉट सं0-991 | निज | रास्ता |
| 56 | | 991 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-991 का रैयत | प्लॉट सं0-990 | प्लॉट सं0-992 | निज | रास्ता |
| 57 | | 992 | निजी | टांड-II | 0.003 | खेसरा सं0-992 का रैयत | प्लॉट सं0-991 | प्लॉट सं0-993 | निज | रास्ता |
| 58 | | 993 | निजी | टांड-II | 0.004 | खेसरा सं0-993 का रैयत | प्लॉट सं0-992 | प्लॉट सं0-994 | निज | रास्ता |
| 59 | 21 | 994 | निजी | टांड-II | 0.002 | जबुआ चमार वल्द कनी चमार | प्लॉट सं0-993 | प्लॉट सं0-995 | निज | रास्ता |
| 60 | 8 | 995 | निजी | टांड-II | 0.006 | लालमन सिंह वो बडका गुरूदयाल सिंह पेशरान भैरो सिंह | प्लॉट सं0-994 | प्लॉट सं0-996 | निज | रास्ता |
| 61 | 5 | 996 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-996 का रैयत | प्लॉट सं0-995 | प्लॉट सं0-997 | निज | रास्ता |
| 62 | 40 | 997 | निजी | टांड-II | 0.002 | मेलवा कोयरी वल्द मनी कोयरी | प्लॉट सं0-996 | प्लॉट सं0-998 | निज | रास्ता |
| 63 | 51 | 998 | निजी | टांड-II | 0.003 | खेसरा सं0-998 का रैयत | प्लॉट सं0-997 | प्लॉट सं0-999 | निज | रास्ता |
| 64 | | 999 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-999 का रैयत | प्लॉट सं0-998 | प्लॉट सं0-1000 | निज | रास्ता |
| 65 | | 1000 | निजी | टांड-II | 0.004 | खेसरा सं0-1000 का रैयत | प्लॉट सं0-999 | प्लॉट सं0-1001 | निज | रास्ता |
| 66 | | 1001 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-1001 का रैयत | प्लॉट सं0-1000 | प्लॉट सं0-1003 | निज | रास्ता |
| 67 | 35 | 1003 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-1003 का रैयत | प्लॉट सं0-1001 | प्लॉट सं0-1005 | निज | रास्ता |
| 68 | 17 | 1005 | निजी | टांड-II | 0.058 | गुरूदयाल महतो वल्द अनखत महतो | प्लॉट सं0-1003 | प्लॉट सं0-1006 | निज | रास्ता |
| 69 | | 1006 | निजी | टांड-II | 0.021 | खेसरा सं0-1006 का रैयत | प्लॉट सं0-1005 | प्लॉट सं0-1007 | निज | रास्ता |
| 70 | | 1007 | निजी | टांड-II | 0.069 | खेसरा सं0-1007 का रैयत | प्लॉट सं0-1006 | प्लॉट सं0-1063 | निज | रास्ता |
| 71 | | 1063 | निजी | टांड-II | 0.045 | खेसरा सं0-1063 का रैयत | प्लॉट सं0-1007 | प्लॉट सं0-1062 | निज | रास्ता |
| 72 | | 1064 | निजी | टांड-II | 0.009 | खेसरा सं0-1064 का रैयत | प्लॉट सं0-1065 | प्लॉट सं0-1063 | निज | रास्ता |
| 73 | | 1065 | निजी | टांड-II | 0.011 | खेसरा सं0-1065 का रैयत | प्लॉट सं0-1066 | प्लॉट सं0-1064 | निज | रास्ता |
| 74 | | 1066 | निजी | टांड-II | 0.012 | खेसरा सं0-1066 का रैयत | प्लॉट सं0-1007 | प्लॉट सं0-1065 | निज | रास्ता |
| 75 | | 1068 | निजी | टांड-II | 0.001 | खेसरा सं0-1068 का रैयत | प्लॉट सं0-932 | प्लॉट सं0-1070 | रास्ता | निज |
| 76 | 21 | 1070 | निजी | टांड-II | 0.003 | जबुआ चमार वल्द कनी चमार | प्लॉट सं0-968 | प्लॉट सं0-1071 | रास्ता | निज |
| 77 | 51 | 1071 | निजी | टांड-II | 0.028 | खेसरा सं0-1071 का रैयत | प्लॉट सं0-1070 | प्लॉट सं0-1072 | रास्ता | निज |
| 78 | | 1072 | निजी | टांड-II | 0.017 | खेसरा सं0-1072 का रैयत | प्लॉट सं0-1071 | प्लॉट सं0-1093 | रास्ता | निज |
| 79 | | 1073 | निजी | टांड-II | 0.008 | खेसरा सं0-1073 का रैयत | प्लॉट सं0-1072 | प्लॉट सं0-1075 | रास्ता | निज |
| 80 | 51 | 1075 | निजी | टांड-II | 0.007 | खेसरा सं0-1075 का रैयत | प्लॉट सं0-1073 | प्लॉट सं0-1077 | रास्ता | निज |
| 81 | | 1077 | निजी | टांड-II | 0.009 | खेसरा सं0-1077 का रैयत | प्लॉट सं0-1075 | प्लॉट सं0-1078 | रास्ता | निज |
| 82 | | 1078 | निजी | टांड-II | 0.001 | खेसरा सं0-1078 का रैयत | प्लॉट सं0-1077 | प्लॉट सं0-1079 | निज | रास्ता |
| 83 | | 1079 | निजी | टांड-II | 0.001 | खेसरा सं0-1079 का रैयत | प्लॉट सं0-1078 | प्लॉट सं0-1081 | निज | रास्ता |
| 84 | | 1080 | निजी | टांड-II | 0.002 | खेसरा सं0-1080 का रैयत | प्लॉट सं0-1079 | प्लॉट सं0-1081 | निज | रास्ता |
| 85 | 26 | 1081 | निजी | टांड-II | 0.041 | तिलक जोल्हा वल्द सोधन जोल्हा | प्लॉट सं0-1080 | प्लॉट सं0-1091 | निज | रास्ता |
| 86 | 51 | 1091 | निजी | टांड-II | 0.011 | खेसरा सं0-1091 का रैयत | प्लॉट सं0-1081 | प्लॉट सं0-1175 | निज | रास्ता |
| 87 | 22 | 1092 | निजी | टांड-II | 0.021 | जोधन भूईयाँ वल्द गिरधारी भूईयाँ | प्लॉट सं0-1165 | प्लॉट सं0-1093 | निज | रास्ता |
| 88 | 8 | 1093 | निजी | टांड-II | 0.01 | लालमन सिंह वो बडका गुरूदयाल सिंह पेशरान भैरो सिंह | प्लॉट सं0-1092 | प्लॉट सं0-1173 | रास्ता | निज |
| 89 | 9 | 1173 | निजी | टांड-II | 0.02 | खेसरा सं0-1173 का रैयत | प्लॉट सं0-1093 | प्लॉट सं0-1174 | रास्ता | निज |
| 90 | | 1174 | निजी | टांड-II | 0.018 | खेसरा सं0-1174 का रैयत | प्लॉट सं0-1173 | प्लॉट सं0-1175 | रास्ता | निज |
| 91 | 16 | 1175 | निजी | टांड-II | 0.029 | गणेश महतो पेशरान हेमराज महतो | प्लॉट सं0-1174 | प्लॉट सं0-1176 | निज | रास्ता |
| 92 | 35 | 1176 | निजी | टांड-II | 0.011 | खेसरा सं0-1176 का रैयत | प्लॉट सं0-1175 | प्लॉट सं0-1176 | निज | रास्ता |
| 93 | 20 | 1177 | निजी | टांड-II | 0.031 | चमन वल्द लव गोप | प्लॉट सं0-1176 | सीमाना महेशरा | निज | रास्ता |
| | | कुल | | | 1.74 | | | | | |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013) की धारा-11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतू अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा कय/विकय नहीं करेगे या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपतियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
हजारीबाग

PR 350182 (Land Reforms)25-26*D

## समय संवाद

भारत में ऐसा नहीं हुआ। भारत में दर्शन का जन्म जिज्ञासा से हुआ है। आदिम समाज में धरती, आकाश, सूर्य, और चन्द्र के प्रति जिज्ञासा थी। इस जिज्ञासा ने सोच, विचार और अध्ययन के नए रास्ते खोल दिए। तर्क चले। कुतर्क भी चले। लेकिन दर्शनाभिलाषी सतर्क रहे। तर्क ही यहाँ मार्गदर्शक रहा है। मूर्ति देव प्रतीक होती हैं। यह साधारण पत्थर या मिट्टी नहीं है। इसलिए मंदिर में जाने को दर्शन करना कहा जाता है। सतत विवेचन से दर्शन की प्रतिष्ठा बढ़ी। विज्ञान और दर्शन में अंधविश्वास को जगह नहीं है। संकीर्णता के लिए भी कोई स्थान नहीं है। पूर्वजों ने समूचे अस्तित्व को एक इकाई जाना था। वैदिक काल में दार्शनिक चिंतन की सुस्पष्ट धारा दिखाई पड़ती है। ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहा है।

# ब्रह्म नित्य हैं, जगत अनित्य

**हृदयनारायण दीक्षित**



**संस्कृति** मनुष्यता के सत्कर्मों का शिव और सौंदर्य है। यह राष्ट्र की आत्मा होती है। राष्ट्र किसी सुनिश्चित भूमि पर लोगों के रहने के आधार पर ही नहीं बनते। भूमि, जन और राजव्यवस्था से राज्य बनते हैं। लेकिन राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण घटक संस्कृति है। संस्कृति का मूल आधार दर्शन होता है। राष्ट्र का दार्शनिक चिंतन ही राष्ट्र जीवन का बीज है। यही संस्कृति को विकसित होने की प्रेरणा देता है। कुछ विद्वान दर्शन को बौद्धिक कार्यवाही कहते हैं। प्रत्यक्ष, प्रमाण, अनुमान, तर्क, संशय, संदेह और सकारात्मक चिंतन के मूल उपकरण हैं। भारतीय दर्शन की प्रतिष्ठा समूचे विश्व में है। दार्शनिक विकास भी 100-50 वर्षों का काम नहीं है।

दुनिया के अधिकांश देशों में सांस्कृतिक विकास के पहले दर्शन नहीं था। समाज ने उन्नति की। पंथ और संप्रदाय ने सामाजिक जीवन को नियंत्रित किया। शुभ और अशुभ की विभाजक रेखाएं विकसित हुईं। पंथिक विकास के क्रम में विश्वास का वातावरण बना। इस विकास में तर्क और संशय नहीं थे। पंथ और विश्वास बढ़ते गए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण को स्वीकारने का साहस नहीं हुआ। विचार अंधविश्वास हो गए।

गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया है कि, यह ज्ञान मैंने सूर्य को, सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को बताया था। समय के अंतराल में यह ज्ञान लुप्त हुआ। अब मैं तुमको वही ज्ञान दे रहा हूं। ज्ञान सदा रहता है। सनातन है ज्ञान का तत्व। भारत की धरती पर मूल ज्ञान को युग अनुसार बनाए रखने वाले महानुभावों की लम्बी परंपरा है। यह ज्ञान सबसे पहले ऋग्वेद में, फिर उपनिषदों में, दार्शनिक चिंतन में, गीता और ब्रह्मसूत्र में दिखाई पड़ता है। रामायण में इसी ज्ञान के प्रतिरूप मयार्दा पुरुषोत्तम राम हैं। गीता में श्रीकृष्ण हैं। बुद्ध, महावीर भी इसी धारा के शीर्ष व्यक्तित्व हैं। सांख्य दर्शन के ऋषि कपिल हैं। योग दर्शन के पतंजलि हैं। इसी परंपरा में विवेकानंद, दयानंद जैसे महान व्यक्तित्व हैं। इन सबके बीच अद्वैत दर्शन के प्रचारक शंकराचार्य हैं। शंकराचार्य ने अपने शोध, बोध व आचरण से वैदिक दर्शन को भारतीय स्वाभिमान का सनातन तत्व पाया है। उन्होंने अल्प आयु में ही गीता, ब्रह्मसूत्र और तमाम उपनिषदों का भाष्य किया है। पूरे देश की यात्राएं की। वेदांत दर्शन पर तमाम तर्क हुए। विद्वानों ने तमाम प्रश्न पूछे। शंकराचार्य ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। ईश्वर और मोक्ष जैसे गूढ़ और जटिल विषयों पर उनकी व्याख्या अद्भुत है।

शंकराचार्य की दार्शनिक अनुभूति का प्रभाव तत्कालीन समाज पर पड़ा ही था। उन्होंने लम्बी दूरी की यात्राएं की। व्यापक जनसम्पर्क किया। उन्होंने शास्त्रार्थ में बौद्ध विद्वानों को भी प्रभावित किया। शंकराचार्य के समय बौद्ध पंथ का प्रभाव फैल रहा था। राज्याश्रयी होने के कारण बुद्ध विचार के प्रचार का काम भी सरल था। वेदांत का तत्व विवेचन आसान नहीं पर आचार्य शंकर ने शब्द गर्भ में पैठकर सार और असार का अनावरण किया है। दर्शन का अर्थ है-सत्यानुभूति, लेकिन सत्य की अनुभूति आसान नहीं। यह प्रवचन से असंभव है। मेधा शक्ति भी आत्म तत्व तक नहीं पहुँचती है। तर्क से भी बात नहीं बनती। सामान्यतया भक्ति, संन्यास और योग कर्म ईश्वर की प्राप्ति के उपकरण माने जाते हैं, लेकिन शंकराचार्य इनमें से किसी उपकरण को ब्रह्म अनुभूति का साधन नहीं मानते।

शंकराचार्य के वास्तविक समय के सम्बंध में मतभेद है। वैसे, अधिकांश विद्वानों के अनुसार उनका समय 788 ई. से 820 ई. तक माना जाता है। इसका मुख्य ग्रंथ ब्रह्मसूत्र है। उनके दर्शन से भारतीय ज्ञान साधना ने आकाश जैसी ऊंचाई पाई। वेदांत दर्शन भारतीय राष्ट्रभाव का प्रतिनिधि दर्शन है। ब्रह्मसूत्र ब्रह्म जिज्ञासा से प्रारंभ होता है। दार्शनिक परंपरा में ब्रह्म को लेकर काफी तर्क चले हैं। शंकराचार्य ने ब्रह्म को सत्य बताया है और संसार को मिथ्या। वेदांत दर्शन के जानकारों के लिए यह कोई नई बात नहीं है लेकिन विराट को प्रकट करने के लिए शब्द अर्थ ही पर्याप्त नहीं होते।

शंकराचार्य का ब्रह्म समूचे अस्तित्व में कण-कण में व्याप्त है। इसका न जन्म होता है और न मृत्यु। यह अजन्मा है। सदा से है। सदा रहता है। शंकर ने इसे नित्य कहा है। नित्य का अर्थ है कि इस पर काल का प्रभाव नहीं पड़ता है। ब्रह्म काल के भीतर भी है और बाहर भी है। काल अबाधित है। इसका बोध भक्ति से नहीं होता। इसके विपरीत संसार के प्रत्येक पदार्थ कालाधीन हैं।

# मन के समर्पण का प्रयास ही सार्थक और सही दिशा

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। **कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह,**

लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा घिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं।

भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली।

इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये। दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान, उपजाउ भूमि, धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। उस काल में भी धार्मिक निष्ठा हमारी सुरक्षा कवच के तौर पर काम करती है। समाज को एक करने में धर्म का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे विश्व में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना प्रेम बढ़ाने के लिये ही की गयी है जिससे धर्म की स्थापना स्वतः होती है। श्री राम का जीवन संतोष, प्रेम, त्याग और तप का जीवन था। यही कारण है कि आज भी भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए।

राम कृष्ण से कौन बड़ा, तीन्हों तो गुरु कीन्ह। तीन लोक के हैं धनी गुरु आगे आधीन। नम्र भाव अति प्रीत युक्त चरण कमल सिरनाई जो सदगुरु आज्ञा करें लीजें शिश नवाय। गुरु सत्ता का इस व्याख्या को समझना ही जीव का उदेश्य है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम मुख्य स्थानः छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

# बैसाखीः संस्कृति, संघर्ष और समर्पण का समागम

बैसाखी (13 अप्रैल) पर विशेष

- **योगेश कुमार गोयल**

**कृषि** प्रधान देश भारत में बैसाखी पर्व का संबंध फसलों के पकने के बाद उसकी कटाई से जोड़कर देखा जाता रहा है। इस पर्व को फसलों के पकने के प्रतीक के रूप में भी जाना जाता है। इसे विशेष तौर पर पंजाब का प्रमुख त्योहार माना जाता है। वैसे देशभर में बैसाखी को बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। सिख समुदाय बैसाखी से ही नए साल की शुरूआत मानते हैं। इस दिन एक-दूसरे को बधाइयां दी जाती हैं। पंजाब में किसान तब अपने खेतों को फसलों से लहलहाते देखता है तो खुशी से झूम उठता है। खुशी के इसी आलम में शुरू होता है गिद्दा और भांगड़ा का मनोहारी दौर। पंजाब में ढोल-नगाड़ों की धुन पर पारम्परिक पोशाक में युवक-युवतियां नाचते-गाते और जश्न मनाते हैं तथा सभी गुरुद्वारों को फूलों तथा रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया जाता है।

उत्तर भारत और विशेषकर पंजाब तथा हरियाणा में गिद्दा और भांगड़ा की धूम के साथ मनाए जाने वाले बैसाखी पर्व के प्रति भले काफी जोश देखने को मिलता है लेकिन वास्तव में यह त्योहार विभिन्न धर्म एवं मौसम के अनुसार देश के अलग-अलग हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल में इसे ह्यनबा वर्षह्न के नाम से मनाया जाता है तो केरल में ह्यविशूह्न नाम से तथा असम में यह ह्यबीहूह्न के नाम से मनाया जाता है। बंगाल में ह्यपोइला बैसाखीह्न भी कहा जाता है और वे अपने नए साल की शुरूआत मानते हैं। हिन्दू धर्म की



पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हजारों साल पहले इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था इसीलिए इस दिन गंगा आरती करने तथा पवित्र नदियों में स्नान की भी परम्परा रही है।

13 अप्रैल 1919 को बैसाखी का दिन आज भी अंग्रेजों की बर्बरता और जुल्मों की दास्तान बयां करता है। दरअसल, रोलट एक्ट के विरोध में अपनी आवाज उठाने के लिए इस दिन हजारों लोग जलियांवाला बाग में इकट्ठा हुए थे। ह्यरोलट एक्टह्न के तहत न्यायाधीशों और पुलिस को किसी भी भारतीय को बिना कोई कारण बताए और उन पर बिना कोई मुकद्दमा चलाए जेलों में बंद करने का अधिकार दिया गया था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर भारतवासियों में इस कानून के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश उमड़ पड़ा था। इस काले कानून के विरोध में अमृतसर के जलियांवाला बाग में हजारों लोगों की एक विशाल जनसभा हुई थी लेकिन अंग्रेज सरकार ने बहुत खतरनाक षड्यंत्र रचकर जलियांवाला बाग में एकत्रित हुए लोगों को चारों ओर से घेरकर बिना किसी पूर्व चेतावनी के अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। उस दर्दनाक हत्याकांड में सैंकड़ों भारतवासी शहीद हो गए थे।

बैसाखी को सूर्य वर्ष का प्रथम दिन माना गया है क्योंकि इसी दिन सूर्य अपनी पहली राशि मेष में प्रविष्ट होता है और इसीलिए इस दिन को ह्यमेष संक्रांतिह्न भी कहा जाता है। यह मान्यता रही है कि सूर्य के मेष राशि में प्रवेश करने के साथ ही सूर्य अपनी कक्षा के उच्चतम बिन्दुओं पर पहुंच जाता है और सूर्य के तेज के कारण शीत की अवधि खत्म हो जाती है। इस प्रकार सूर्य के मेष राशि में आने पर पृथ्वी पर नवजीवन का संचार होने लगता है। इस तरह बैसाखी खुशियों का त्योहार है। बैसाखी का पवित्र दिन हमें गुरु गोबिन्द सिंह जैसे महापुरुषों के महान् आदर्शों एवं संदेशों को अपनाने तथा उनके पद्चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है और हमें यह संदेश भी देता है कि हमें अपने राष्ट्र में शांति, सद्भावना एवं भाईचारे के नए युग का शुभारंभ करने की दिशा में सार्थक पहल करनी चाहिए।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# पीड़ारहित उपचार के जनक

**डॉ. मधुसूदन शर्मा**

अठारहवीं शताब्दी में डॉ. हैनीमैन ने न केवल एक नई चिकित्सा प्रणाली की नींव रखी, बल्कि मानवता को एक सुरक्षित, किफायती और समग्र चिकित्सा पद्धति भी प्रदान की। उनकी खोज पर आधारित चिकित्सा का समता का सिद्धांत सिमिलिया सिमिलीबस क्यूरेंटुर है जिसका अर्थ है ह्यसमान से समान का उपचार। होम्योपैथी की विशेषता है कि यह केवल रोग के लक्षणों को नहीं, बल्कि रोग के मूल कारण को दूर करने में विश्वास रखती है। यह पद्धति शरीर की प्राकृतिक उपचार क्षमता को प्रोत्साहित करके व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक व भावनात्मक स्वास्थ्य को संतुलित करती है। बता दें कि डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमैन का जन्म 10 अप्रैल 1755 को जर्मनी में हुआ था। उनके योगदान को याद करने के लिए इस दिन को विश्व होम्योपैथी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

वे तीव्र बुद्धि के बालक थे। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद, उन्होंने शिक्षा को प्राथमिकता दी। उनकी चिकित्सा यात्रा लीपज़िग विश्वविद्यालय से शुरू हुई। हैनिमैन ने 1779 में चिकित्सा विज्ञान की उन दिनों की सर्वश्रेष्ठ डिग्री एमडी उच्चतम अंक लेकर पास की।

हैनिमैन के समय में चिकित्सा पद्धति बहुत कष्टप्रद और अमानवीय थी। रोगियों का इलाज कठोर और असहनीय तरीकों से किया जाता था। बीमारी ठीक करने के लिए भारी मात्रा में दवाइयां दी जाती थीं।

**संस्थापक**
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

**मुद्रक, प्रकाशक**
**मंजू सिंह**

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**प्रधान संपादक**
**सौरभ कुमार**

**संपादक**
**अविनाश ठाकुर***

**फोन : 95708-48433**
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

**धनबाद कार्यालय**
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# इतिहास, श्रद्धा और स्वाद का संगमअमृतसर

**अमृतसर**, पंजाब का एक ऐतिहासिक और धार्मिक शहर है, जिसे स्वर्ण मन्दिर के लिए दुनिया भर में जाना जाता है। यहां की गलियों में सिख धर्म, इतिहास और स्वाद का अनोखा संगम मिलता है। अमृतसर न केवल धार्मिक स्थल है, बल्कि यह अपने लाजवाब स्ट्रीट फूड और संस्कृति के लिए भी प्रसिद्ध है।

अमिताभ



अपनापने से भरा शहर है पंजाब का अमृतसर। वाहे गुरु की नगरी है, इसलिए पर्यटक पहले श्री हरमन्दिर साहिब में मत्था टेकते हैं। फिर दूसरे पर्यटक स्थलों के बाद स्ट्रीट फूड के मजे लेने पहुंच जाते हैं। अमृतसरी कुल्चा, अमृतसरी मच्छी, अमृतसरी पापड़, अमृतसरी वडियां वगैरह खाने-पीने के नाम तक अमृतसर से जुड़े हैं। हिन्दी की बेहतरीन कहानियों में शुमार चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कालजयी कहानी ह्यउसने कहा थाह्न का ताना- बाना अमृतसर की गलियों में ही बुना गया है। भारतीय फिल्मों के पहले सुपर स्टार राजेश खन्ना का जन्म अमृतसर में ही हुआ था। माता की भेंटों के सम्राट नरेन्द्र चंचल और कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के तार भी अमृतसर से ही जुडे. हैं। अमेरिका के सेलिब्रेटी शेफ विकास खन्ना अमृतसर के ही हैं।वाहेगुरु की नगरी अमृतसर में सिखों का सबसे बड़ा तीर्थ है गोल्डन टेम्पल। असल में, श्री हरमिन्दर साहिब बड़ा लैंडमार्क है, गोल्डन टेम्पल या कहें स्वर्ण मन्दिर उसका एक हिस्सा है। असीम श्रद्धा के चलते ताजमहल से ज्यादा पर्यटक यहां रोज दर्शन करने आते हैं। अंदाजा है कि रोजाना एक लाख से ज्यादा भक्त मत्था टेकते हैं।

सिख पंथ के चौथे गुरु राम दास ने अमृत का सरोवर खुदवाया था। अमृत के सरोवर से ही शहर को अमृतसर नाम मिला। पांचवें गुरु अर्जुन देव जी ने सरोवर के बीच मन्दिर के निर्माण का शुभारम्भ लाहौर के मुस्लिम संत हजरत मियां मीर के शुभ कमलों से करवाया था। बताते हैं कि सच्चे संत के सत से ही सरोवर का जल अमृत बन गया। आज भी भक्त सरोवर का जल पान करते हैं और सरोवर में स्नान करते हैं।

पंजाब के महाराजा ने 1803 में नए सिरे से मन्दिर का निर्माण करवाया। गुम्बदों पर 400 किलो खालिस सोना चढ़वाया, दरवाजों व दीवारों के ऊपरी हिस्सों पर सोने के पत्तरे चढ़ाए। तब से मन्दिर स्वर्ण आभा से जगमगा गया और नाम हो गया- स्वर्ण मन्दिर। सिख कायदे के मुताबिक यहां गुरु का लंगर छकने का रिवाज सदियों से जारी है। हाल के सालों में, श्री हरमन्दिर साहिब से जलियांवाला बाग और आगे टाउन हॉल (अब पार्टिशन म्यूजियम) को जोड़ता रास्ता हाई- फाई बन गया है। सौंदर्यीकरण के बाद साफ-सफाई और पुरानी-पुरानी इमारतों का नया- नवेला बाहरी रूप देखते ही बनता है। लगता है कि यूरोप के किसी शहर के स्क्वेयर में टहल रहे हैं।

# परीक्षा की सुनियोजित तैयारी से कामयाबी



केंद्र के साथ ही विभिन्न राज्यों में नौकरी के लिए लिखित परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं जिनमें बड़ी संख्या में उम्मीदवार शामिल होते हैं। संबंधित विषय के अलावा सामान्य ज्ञान का पेपर होता है। करीब-करीब सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं में जनरल स्टडीज के व्यापक दायरे से सवाल पूछे जाते हैं। इसमें विज्ञान, सोशल स्टडीज, इतिहास, भूगोल, गणित, भाषा व संख्यात्मक योग्यता ऐसे में लगातार व बेहतर तैयारी ही सफल होने की राह है। उम्मीदवारों के अभ्यास के लिए जनरल स्टडीज से संबंधित चुनींदा प्रश्न :

*अमेरिका में सिलिकॉन घाटी कहां है?
झ कैलिफोर्निया में

* पृथ्वी का कितना भाग वनों से घिरा है?
सतह का करीब 31 प्रतिशत हिस्सा वनों से घिरा हुआ है

*नैंसी किस देश का प्रमुख औद्योगिक नगर है?
फ्रांस का

*भूमध्यरेखा के सहारे 10 डिग्री देशांतर की दूरी कितनी होती है?
झ 1,113 किलोमीटर

* बुडापेस्ट किस देश की राजधानी है?
हंगरी

*शारजाह शहर कहां है?
संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में

*भारत में एगमार्क का प्रमाणपत्र कौन देता है?
झ विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय, भारत सरकार

* कोर सेक्टर क्या है?
झ किसी देश की अर्थव्यवस्था के लिए अह म उद्योगों का समूह होता है।

# बिना ग्रामसभा की अनुमति कोई खनन कंपनी गाँव में नहीं आएगी !

**पप्पु यादव**

**अपनी** जमीन को बचाने के लिए ग्रामीणों ने किया कटा टोली में बैठक, लिया कई निर्णय। लातेहार के बालूमाथ प्रखंड के धाधू पंचायत और चतरा जिले के टंडवा प्रखंड के बेंती पंचायत से आए ग्राम संगठन प्रतिनिधि ने एक बैठक का कटा टोली में आयोजन कर अपने नेता विधायक टाइगर जयराम महतो से मिलने पहुंचे थे।

लेकिन गांव वाले टूटे नहीं। दुःखी जरूर हुए। पर बैठक को आगे बढ़ाते हुए।बैठक में गंभीर चर्चा हुई। धाधू पंचायत जो जल्द ही नॉर्थ धाधू पश्चिमी परियोजना के तहत एनएलसी इंडिया लिमिटेड की कोल खदान के नीचे आ जाने वाली है वहाँ की 711.78 हेक्टेयर वन भूमि अब कंपनी की भूख का अगला निवाला बनने को तैयार की जा रही है। इसी तरह, बेंती पंचायत, जिस पर अब सीसीएल की अशोक एक्सटेंशन परियोजना की काली छाया मंडरा रही है, वहाँ के लोग भी हाथ जोड़ने नहीं बैठक में, हाथ उठाने आए थे हक की लड़ाई के लिए। बैठक में

**गाँव वालों ने एक सुर में कहाः**



बिना ग्रामसभा की अनुमति कोई खनन कंपनी गाँव में न तो आएगी, न सर्वे करेगी, न काम शुरू करेगी। जो भी ये सोच रहा है कि सरकार की छाया में वो कुछ भी कर सकता है, उसे हम अपने खेतों की मेड़ की तरह रोक खड़े करेंगे। अभी तो हमने सिर्फ बोलना शुरू किया है, जरूरत पड़ी तो सड़कें गूंजेंगी सचिवालय हिल जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अब सरकार को जगाना पड़ेगा। सांसद,विधायक और बड़े नेताओं से संपर्क कर उन्हें गाँव की सच्चाई बताई जाएगी।

हर पंचायत अपने प्रतिनिधि चुनेगी जो नेताओं से जाकर कहेगा साहब गाँव में विकास के नाम पर विस्थापन बोया जा रहा है। आप या तो साथ दीजिए या आने वाली पीढ़ियाँ आपको माफ नहीं करेंगी, यदि फिर भी सरकार और उसके जनप्रतिनिधि बहरा बनते हैं, गाँववालों ने कहा कि

हम दफ़्तरों में जाकर धरना देंगे, विधानसभा घेरेंगे। सड़क पर बैठेंगे लेकिन अपनी जमीन किसी कंपनी को बैठने नहीं देंगे। मालूम हो कि धाधू और बेंती दोनों ही इलाके विधायक जयराम महतो के विधान सभा क्षेत्र में नहीं आते। बैठक में कई मुद्दों पर बात हुई जिसमें सूचना का अधिकार का प्रयोग कर के खनन परियोजनाओं से जुड़ी हर जानकारी निकाली जाएगी।

ई आई ए रिपोर्ट और सार्वजनिक सुनवाई के फजीर्वाड़े पर सवाल उठाया जाएगा।

कानूनी लड़ाई, संगठन निर्माण, और जन चेतना फैलाने के लिए गाँव-गाँव अभियान चलाया जाएगा।हमारे पुरखे जंगल बचाते हुए मरे थे। अब हम लड़ते हुए जंगल, जमीन और आत्मा बचाएँगे। जहाँ कंपनी का बुलडोजर चलेगा, वहीं हमारी आत्मा की आंधी उठेगी।

सूत्र के अनुसार नॉर्थ धाधू परियोजना, जिसकी नीलामी अगस्त 2023 में एनएलसी को दी गई, और दिसंबर 2023 में केंद्र सरकार ने उसे अलॉटमेंट दिया । वहाँ की पर्यावरणीय स्वीकृति और ग्रामसभा की अनुमति अभी तक ग्रामवासियों को नहीं दिखाई गई। गांव वालों को नोटिस तब मिलता है, जब तारीख बीत चुकी होती है । बैठक में कई जन संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### श्री राम फैक्ट्री ने लगाया हेल्थ कैंप



**कुजू।** श्री राम पॉवर एंड स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। शिविर में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.राजेंद्र कुमार, डॉ.संजय श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट सुनील कुमार ने दर्जनों लोगों की जांच की। उचित परामर्श देते हुए निःशुल्क दवा भी दिया । प्रबंधन ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों को कभी किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए श्री राम फैक्ट्री हमेशा उनकी सेवा में रहता है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार, प्रबंधन की ओर से संजय सिन्हा, रंजीत झा, ए.सी.चतुवेर्दी, भानु प्रताप, निखिल मिश्रा सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

### ओरला में धूमधाम से मना सरहुल



**कुजू।** सरहुल पूजा समिति ओरला ने धूमधाम से मनाया सरहुल। पाहन गोपाल मुंडा, हरिहर पहाड़, दिनेश्वर मुंडा ने विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद गाजे- बाजे के साथ शोभायात्रा निकाला गया। पूजा में झामुमो नेता विनोद किस्कु, दसई किस्कु, नरेश हांसदा, रामकुमार मांझी,दीपक टुडू, बूमरी मुखिया कारण बेदिया, दुलारी देवी,कृष्ण उरांव, किरण मंडा, जिप सदस्य दयमंती देवी शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों को सरना स्थल में पूजा अर्चना कराया गया। अतिथियों ने कहा कि आज आदिवासी पूरे भारत में सरहुल पूजा मना रहे हैं, और आदिवासी जंगल पहाड़ में रहकर भी अपने प्राकृतिक की रक्षा अपनी जान से भी ज्यादा करते हैं। साथ ही उन्होंने हर व्यक्ति को प्राकृतिक की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। मौके पर अध्यक्ष दिलीप बेदिया, उपाध्यक्ष जितेंद्र मुंडा, कोषाध्यक्ष दिनेश बेदिया, ओमप्रकाश अग्रवाल, रजीत सिंह, कैलाश करमाली, शंकर दयाल शर्मा, शशि नायक ,सुरेश मुंडा ,शिवनंदन मुंडा, नंदलाल मुंडा, खीरू बेदिया, राजकुमार बेदिया, अरविंद सिंह ,राजकुमार शास्त्री, विकास बेदिया, अनिल गंझु, बलदेव बेदिया आदि शामिल थे।

### महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**कुजू।** तिलैया सांडी ग्राम में श्री श्री 1008 पंच दिवसीय लक्ष्मीनारायण सह हनुमंत विग्रह प्राण प्रतिष्ठा करमा के जतराटांड़ में श्री श्री 1008 हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, पैंकी मुंडा टोला में श्री श्री 1008 शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है। जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति के सागर में डूब गया है। चहुओर सुबह से लेकर शाम तक देवी देवताओं आह्वान, पूजा पाठ का अनुष्ठान चल रहा है। श्रद्धालु यज्ञशाला मंडप की परिक्रमा करने में जुटे हैं। शनिवार को जतराटांड़ में यज्ञाचार्य नरेश पांडेय एवं पंडितो ने यजमान बने मोहरलाल मुंडा, महादेव मुंडा, जगरनाथ मुंडा, सुखलाल महतो, पारसनाथ महतो सपत्नीक, पैंकी में यज्ञाचार्य रामशरण गिरी जी महाराज, मनीष कुमार पांडेय तथा उनके सहयोगी पंडितो ने यजमान बने बरतू मुंडा, फूलो मुंडा, मनोज मुंडा, सुरेश मुंडा,चूरामन मुंडा, धनेश्वर मुंडा, विकास रविदास सपत्नीक जबकि तिलैया साण्डी में यज्ञ संचालक राकेश कुमार पांडेय, यज्ञाचार्य बालमुकुंद पांडेय ने यजमान बने अर्जुन महतो, भुनेश्वर करमाली, दहला बेदिया, नारायण बेदिया, रमेश महतो पत्नीक के हाथों पूजा अर्चना और कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया।

### हनुमान जी की छज्जा निर्माण शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा लक्ष्मी टॉकीज मेन रोड स्थित रामनवमी मैदान के समीप 1980 के दशक में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा अब खुले आसमान से निकलकर मंडप में विराजमान होंगे। हनुमान जयंती के पावन अवसर पर शनिवार को हनुमान जी की प्रतिमा स्थल पर छज्जा निर्माण कार्य का भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता ने फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी स्थानीय लोगों से अपील की कि यह मंदिर समाज के सहयोग से बन रहा है। हर व्यक्ति को इस पूण्य कार्य में आगे आकर योगदान देना चाहिए। बताया जाता है कि यह प्रतिमा जितनी देवी पति बाला करमाली द्वारा वर्ष 1980 में छोटा सा चबुतरा बनाकर स्थापित की गई थी। अब वर्षों बाद स्थानीय जनों के प्रयास और श्रद्धा से बाउंड्री वाल और छज्जा निर्माण निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है। निर्माण कार्य में आर्थिक एवं श्रम सहयोग की आवश्यकता को देखते हुए समाज के सभी वर्गों से योगदान देने की अपील की गई। मौके पर राजेश सिन्हा, अजय गुप्ता, राजेश मंडल, प्रमोद कुमार, शैलेश कुशवाहा, बबलू ठाकुर, अशोक राम, रवि कुमार और मनोज सिन्हा जैसे कई लोग उपस्थित थे।

### फुले को मिले भारत रत्न : मालाकार



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** माली-मालाकार उत्थान समिति के तत्वावधान में सेंट्रल सौंदा में शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा गोविंद राव फुले जी की 197वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के लोगों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर समिति के सचिव उदय मालाकार ने कहा कि महात्मा फुले भारत माता के सच्चे क्रांतिकारी सपूत थे। उन्होंने दबे-कुचले समाज के लोगों को आवाज दी। शोषण के खिलाफ लड़ना सिखाया और शिक्षा का महत्व समझाकर समाज को प्रगतिशील दिशा दी। बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को समाप्त करने की दिशा में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि जब समाज समानता के मूल मंत्र को आत्मसात कर लेगा, तभी नए भारत का निर्माण संभव होगा। इसी उद्देश्य से समाज के लोग भारत सरकार से यह मांग कर रहे हैं कि महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। इस अवसर पर समिति के पिंटू मालाकार, धनंजय मालाकार, रामकृपाल मालाकार, नंदू भगत, सुरेंद्र भगत, वीरेंद्र भगत, विशाल मालाकार, सोनू मालाकार, बीनू भगत, रविंद्र भगत, सुनील मालाकार सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया और पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# दलालों के चंगुल में ब्लॉक ऑफिस

- जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र प्रधानमंत्री आवास योजना और वृद्धावस्था पेंशन के फॉर्म के लिए दलालों की निगरानी से गुजरना पड़ता है
- जीतेन्द्र कुमार सदर ब्लॉक ऑफिस कई दिनों से चक्कर काट रहे थे, बाबू कोई न कोई दस्तावेज की कमी बताकर लौटा देते हैं। बाहर खड़ा एजेंट कहता है कि 1000 रुपये दो, कल तक सर्टिफिकेट बनवा देंगे




**अभय कुमार सिंह**

**हजारीबाग।** जब सरकारी दफ्तरों का रास्ता बिचौलियों की गली से होकर गुजरे, तो लोकतंत्र लाचार नजर आता है। हजारीबाग जिले के अधिकतर प्रखंड कार्यालयों की यही हकीकत बन गई है। सरकारी योजनाओं और जरूरी प्रमाण पत्रों के लिए अब आम जनता को सिर्फ दस्तावेज नहीं, दलालों की फीस भी साथ ले जानी पड़ती है। जाति प्रमाण पत्र हो या आय प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना हो या वृद्धावस्था पेंशन, हर फॉर्म पहले दलालों की निगरानी से गुजरता है, तब जाकर बाबुओं की मेज तक पहुंचता है। सुबह 10 बजे से पहले ही ब्लॉक कार्यालयों के बाहर एजेंटों की भीड़ लग जाती है।

ये खुद को सहायक बताते हैं, लेकिन असल में ये वो दलाल हैं जो आम लोगों की मजबूरी को अपना धंधा बना चुके हैं। कोई 200 रुपये मांगता है, कोई 2000 तक कि यह सब फॉर्म की जटिलता के आधार पर तय होता है।

जीतेन्द्र कुमार, जो एलपीसी बनवाने के लिए सदर ब्लॉक ऑफिस पहुंचे थे, बताते हैं, कई दिनों से चक्कर काट रहा हूँ। बाबू कोई न कोई दस्तावेज की कमी बताकर लौटा देते हैं। बाहर खड़ा एजेंट कहता है कि 1000 रुपये दो, कल तक सर्टिफिकेट बनवा देगा। खुलासा ये भी हुआ कि कई कर्मचारियों और बिचौलियों के बीच आपसी साझेदारी है। दलालों को पहले से पता होता है कि किस टेबल पर कौन बाबू है, किससे कितनी 'सेवा-शुल्क' में काम होगा और कितने दिन में निपटेगा। एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, ऊपर से दबाव है। आवाज उठाने पर ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसलिए चुप रहना ही बेहतर समझते हैं।

नव झारखंड फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा कहते हैं कि भ्रष्टाचार कर्मचारियों के रग-रग में समा चुका है। अब यह संस्कृति बन गई है। जल्द ही हर ब्लॉक कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जब अधिकारियों से सवाल पूछे जाते हैं, तो वे जांच और सबूत की बात करते हैं। पर सवाल ये है कि जब शिकायत जिस व्यक्ति से होनी है, वो खुद इस भ्रष्ट जाल का हिस्सा हो, तो न्याय की उम्मीद किससे करें? जरूरत है सिस्टम को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की, ताकि दलालों की दखलंदाजी खत्म हो और जनता का अधिकार सीधे उन्हें मिले, बिना किसी कट के।

## जनता से संवाद करें कार्यकर्ता : सांसद

- चौपारण में भाजपा का सदस्यता सम्मेलन में शामिल हुये मनीष जायसवाल और मनोज यादव




**खबर मन्त्र संवाददाता**

चौपारण। शनिवार को चेतना पैलेस, चौपारण में भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में बरही विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं की निष्ठा ही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियां सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी हैं और सरकार की उपलब्धियों को लेकर कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर संवाद करें। उन्होंने कार्यकताओं से कागजों की राजनीति से ऊपर उठकर धरातल पर सक्रिय रहने की अपील की। साथ ही, झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि कोयला तस्करी, गौ-तस्करी, नशे का कारोबार और अवैध लॉटरी जैसे मामलों में सरकार और प्रशासन की लापरवाही साफ दिख रही है। उन्होंने चेताया कि यदि राज्य सरकार की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ, तो भाजपा कार्यकर्ता जोरदार विरोध दर्ज कराएंगे। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि सक्रिय कार्यकर्ता पार्टी का चेहरा होते हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक गतिविधियों में भागीदारी करें और जनता की समस्याओं को हल करने में अग्रसर रहें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जिस तरह से जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, उन्हें जन-जन तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन महामंत्री आशीष सिंह ने किया। इस अवसर पर भाजपा के विभिन्न मंडलों के अध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। जिनमें विजय यादव, भगवान केशरी, बाबूलाल मेहता, मुकुंद साव, राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, बिराज रविदास सहित अनेक नेता शामिल थे। सम्मेलन में संगठन को और अधिक सक्रिय, सशक्त और जनोन्मुखी बनाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### दो बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

भुरकुंडा (रामगढ़)। भदानीनगर ओपी क्षेत्र के मतकमा मोड़ के पास शनिवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही भदानीनगर ओपी पुलिस पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एंबुलेंस के जरिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सालगो गांव निवासी आयुष महतो पिता संदीप महतो पैशन प्रो बाइक नंबर जेएच 02 एके 2503 से फंडामेंटल साइंस स्कूल लादी के रास्ते भुरकुंडा की ओर आ रहा था। वहीं अरमादाग गांव निवासी रंजीत बेदिया स्प्लेंडर बाइक से भुरकुंडा बाजार से खरीदारी कर अपने घर लौट रहा था, इसी दौरान मतकमा मोड़ के पास दोनों बाइकों की तेज रफ्तार में आमने-सामने टक्कर हो गई। दुर्घटना की सूचना पर भदानीनगर ओपी पुलिस घायलों को एंबुलेंस से ईलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया।

## विस्थापितों को लेकर बैठक में शामिल हुये सांसद व विधायक

- विस्थापितों के सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करें एनटीपीसी के अधिकारी : रोशन लाल चौधरी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना से प्रभावित विस्थापितों की समस्याओं के समाधान हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक जिला समाहरणालय में प्रमंडलीय आयुक्त की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, उपायुक्त नैंसी सहाय, एनटीपीसी के अधिकारी एवं बड़कागांव व केरेडारी के कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। बैठक के दौरान विस्थापित ग्रामीणों ने कंपनी के समक्ष अपनी समस्याएं और मांगें रखीं। इनमें कट-ऑफ डेट निर्धारण, विस्थापन और रोजगार, जीएम लैंड का मुआवजा, प्रदूषण नियंत्रण, कम मजदूरी, आरएंडआर कॉलोनी में बुनियादी सुविधाएं, और बायपास रोड का शीघ्र निर्माण शामिल था। विधायक रोशन लाल चौधरी ने एनटीपीसी अधिकारियों को सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विस्थापितों की सभी मांगें जायज हैं और उन्हें अनदेखा करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान हेतु एक कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें जनप्रतिनिधि, एनटीपीसी और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। विधायक ने विस्थापितों को भरोसा दिलाया कि वे उनके साथ 24 घंटे खड़े हैं।

### गोंदलपुरा में कॉल परियोजना के विरोध में मना धिक्कार दिवस




**बड़कागांव।** गोंदलपुरा पंचायत के रोहनियाटांड़ तालाब के पास दो वर्षों से जारी धरना के समर्थन में शुक्रवार को धिक्कार दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम करणपुरा बचाओ संघर्ष समिति, आजादी बचाओ आंदोलन और चंदौल भू रैयत संघर्ष समिति के संयुक्त बैनर तले आयोजित किया गया। 12 अप्रैल 2023 से रैयत अपनी जमीन और आजीविका की रक्षा के लिए लगातार धरना दे रहे हैं। क्षेत्र में कुल 15 कोल कंपनियों को खनन के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा भूमि आवंटित की गई है, जिनमें अदानी कोल कंपनी प्रमुख है। ग्रामीणों का आरोप है कि बहु-फसली उपजाऊ जमीन को भी खनन के लिए छीना जा रहा है। उनका कहना है कि गोंदलपुरा पंचायत के मोतरा, बादम, बाबूपारा, और गोंदलपुरा जैसे गांवों में खनन से प्रभावित होने का खतरा है। 83 गांवों में से 76 गांव विस्थापन की चपेट में हैं। लोगों ने कहा कि यदि सभी प्रभावित गांव एकजुट नहीं हुए, तो वे अधिकार और जमीन दोनों खो बैठेंगे।

# सयाल परियोजना की कॉलोनियां बदहाल

## संयुक्त ट्रेड यूनियन ने पीओ को सौंपा ज्ञापन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। सयाल परियोजना के अंतर्गत आने वाली आवासीय कॉलोनियों की दयनीय स्थिति को लेकर शनिवार को सयाल में संयुक्त ट्रेड यूनियनों ने एकजुट होकर विरोध-प्रदर्शन कर परियोजना पदाधिकारी को मांग-पत्र सौंपा। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता वासुदेव साव ने किया। प्रदर्शनकारियों ने कॉलोनियों में बुनियादी सुविधाओं की गंभीर कमी का मुद्दा उठाया।

यूनियन के नेताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन की होगी। संयुक्त ट्रेड यूनियनों द्वारा प्रबंधन को सौंपे गये मांग-पत्र में आवासीय कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से जल्द बहाल करने, सेफ्टी टैंक, नाली और सड़कों की मरम्मती कराने, अंबेडकर भवन सयाल के बगल में अवस्थित खटाल को अन्यत्र स्थानांतरित करने सहित कॉलोनी वासियों को प्रभावित करने वाली अन्य मूलभूत समस्याओं के भी समाधान की मांगे शामिल है।

यूनियन ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो वे आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी परियोजना प्रबंधन की होगी। सभा को जेपीएन सिन्हा, संजय मिश्रा, अर्जुन सिंह, संजय शर्मा, संजय वर्मा, विनोद कुमार, सदानंद सिंह, मार्शल हांसदा आदि ने संबोधित किया। मौके पर संतोष ठाकुर, बृजनंदन पासवान, कुंदन कुमार, रामविलास यादव, इंद्रदेव पासवान, पिंटू सिंह, लाल मोहन महली, अनूप कुमार राम, बिहारी साव, सनी सिंह, बाल गोविंद मुंडा, रामदुलार सिंह, चंद्रभान सिंह, दिलीप कुमार, अदीप सिंह, राणा सिंह आदि मौजूद थे। ज्ञापन में यूसीडब्ल्यूयू, एनसीओयूए, बीसीकेयू, एजेकेएसएस, जेसीकेएमयू नेताओं के हस्ताक्षर अंकित है। पत्र की प्रतिलिपि महाप्रबंधक बरका-सयाल क्षेत्र और सभी संगठन के क्षेत्रीय सचिव को भी प्रेषित की गई है।

## एक नजर में

### हजारीबाग: दो महिलाओं ने की आत्महत्या

**बरही/ इचाक।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से शनिवार को दो महिलाओं ने की आत्महत्या। पहली घटना इचाक प्रखंड के नवाडीह पंचायत स्थित कलवाराबांध गांव की है, जहां 70 वर्षीय निर्मला देवी ने शुक्रवार रात जहर खा लिया। उन्हें गंभीर हालत में परिजन सदर अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि घरेलू विवाद के चलते उन्होंने यह कदम उठाया। दूसरी घटना बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर गांव की है। यहां 22 वर्षीय खुशबू कुमारी ने शुक्रवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार वह मानसिक तनाव में थी। खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चली गई थी और सुबह जब दरवाजा नहीं खुला, तो देखा गया कि वह फांसी के फंदे से लटकी हुई है। बरही पुलिस को सूचना दी गई, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### तिवारी महतो ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन




**विष्णुगढ़।** बनासो पंचायत भवन के समीप मांडू विधायक तिवारी महतो ने 200केबीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यो को करवाने के प्रति हमारी गंभीरता बनी रहेगी। मौके पर आजसू जिला सचिव करण यादव पुर्व प्रमुख अशोक गुप्ता, आजसू के रणजीत गुप्ता, दीपू भाई, सोनू पाण्डेय, साजिद हुसैन रतन पांडे, सत्येंद्र पांडेय, अवधेश पांडेय, निर्मल साव, कुंदन पांडेइकबाल अंसारी, मेघलाल राणा, करण यादव, शोहेबउल्ला खान, केशू सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बरही : दो बाइकों में टक्कर, एक घायल

बरही। धनबाद रोड स्थित मध्य विद्यालय बरही के समीप दो बाइकों में टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घायल युवक की पहचान मोहम्मद इब्राहिम के 25 वर्षीय पुत्र मोहम्मद इस्माइल ग्राम मोगढ़ा थाना बरकट्ठा निवासी के रूप में की गई है।

### हनुमान जी की जयंती पर हुयी विशेष पूजा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी सहित आसपास क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में संकटमोचन भगवान हनुमान जी की जयंती शनिवार को विशेष पूजा-अर्चना की गई। सुबह से ही हनुमान जी के मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर भगवान हनुमान के समक्ष मत्था टेक अपने घर-परिवार और क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली की कामना की। भगवान हनुमान की जंयती के अवसर पर कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास क्षेत्र के हनुमान मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया था। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की पूजा कर सुख-समृद्धि और संकटों से रक्षा की कामना की। पंडितों के अनुसार चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जी का जन्म हुआ था, इसीलिए हर वर्ष इस दिन को हनुमान जयंती के रूप में मनाया जाता है। हनुमान जयंती के इस अवसर पर कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भंडारे का श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। इधर भुरकुंडा बाजार स्थित इच्छा पुरन प्राचीन हनुमान मंदिर खोपड़िया बाबा धर्मशाला में भगवान हनुमान जी की पंडित नंदकिशोर मिश्रा द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना की गई। वहीं संध्या में महाआरती, हनुमान चालीसा का पाठ, अखंड-कीर्तन और खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### कुजू बस्ती में धूमधाम से मनी हनुमान जयंती



**कुजू।** हनुमान जयंती शनिवार को कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में भगवान हनुमान जी की विधिवत पूजा अर्चना की गयी। जयंती के अवसर पर श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती में पंडित यमुना पांडेय द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया। वहीं संध्या बेला में स्थानीय महिला श्रद्धालुओं द्वारा भजन-कीर्तन किया गया। बाद में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप खीर, चना, शरबत का वितरण किया गया। वहीं क्षेत्र के श्री श्री महावीर मंडल कुजू बस्ती, नया बाजार टांड़ हनुमान मंदिर, कुजू बड़ा मंदिर में स्थापित हनुमान की प्रतिमा, डटमा मोड़, श्री राम चौक के अलावे आरा, सारूबेड़ा, तोपा, ओरला, सांडी, दिगवार, बोंगावार, करमा, रतवे, छोटकी डूंडी, बड़की डूंडी में विधिवत पूजा अर्चना के साथ धूमधाम से हनुमान जयंती मनाया गया। मौके पर सागर ठाकुर, अभिषेक साहू लल्ला, श्रवण शाह, शुभम साहू, संजम साहू, विक्की ठाकुर, शेखर साहू, राहुल साहू, सुजल साहू, सुमित साहू, रोहित साहू, चंदन शर्मा, रौनक साहू, सुजीत साहू, अंशु शर्मा, आयुष कुमार, चंदन साहू, शांति देवी, उमा देवी, चंपा देवी, गुड़िया देवी, सुमित्रा देवी, ममता साहू, किरण देवी, पूनम देवी सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# खादी संवारे भविष्य : क्रिएट इन इंडिया चैलेंज से स्थायित्व को बढ़ावा

-धनलक्ष्मी पी

750 से सर्वश्रेष्ठ तकः मेक द वर्ल्ड वियर खादी' चैलेंज के लिए चयनित रचनात्मक हस्तियों से मुलाकात₹

'मेक द वर्ल्ड वियर खादी' चैलेंज के प्रति लोगों की जबरदस्त रुचि दिखने के बाद इसके फाइनलिस्ट चुने गए हैं। इसमें दुनिया भर से 750 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

विज्ञापन और रचनात्मक उद्योगों के एक प्रतिष्ठित निर्णायक मंडल ने मौलिकता, सांस्कृतिक प्रतिध्वनि और वैश्विक अपील के आधार पर प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया।

चयनित उम्मीदवारः इमान सेनगुप्ता और सोहम घोष - हवास वर्ल्डवाइड इंडिया;

कार्तिक शंकर और मधुमिता बसु - 22 फीट ट्राइबल; काजल तिरलोतकर - इंटरएक्टिव एवेन्यूज; तन्मय राउल और मंदार महादिक - डीडीबी मुद्रा समूह; आकाश मेजरी और काजोल जेसवानी - डीडीबी मुद्रा समूह

विजेताओं की घोषणा मई 2025 में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स) में की जाएगी।

हम एक ऐसे वस्त्र को पहनने के बारे में कल्पना करें, जो न केवल स्टाइलिश हो, बल्कि स्वतंत्रता, स्थायित्व और वैश्विक प्रभाव की गाथा को भी अभिव्यक्ति देता हो। वह खादी ही है - भारत का प्रतिष्ठित वस्त्र! अभी हम खादी के बारे में क्यों बात कर रहे हैं? क्या इसलिए कि गर्मी का मौसम है और खादी के अलावा और कौन-सा कपड़ा त्वचा और सेहत को आराम दे सकता है? बेशक, यह खादी ही है।

लेकिन इस संवाद को लाने का एक और महत्वपूर्ण कारण यह है कि उम्मीद है कि आपने ₹मेक द वर्ल्ड वियर खादी₹ चैलेंज के बारे में सुना होगा। यह चैलेंज 1 से 4 मई, 2025 तक मुंबई में होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स) के उद्घाटन के हिस्से के रूप में आयोजित किए जा रहे 32 क्रिएट इन इंडिया चैलेंजों में से एक होगा।




यह महज एक अभियान भर ही नहीं है। यह चैलेंज सिर्फ कार्रवाई के लिए आह्वान से कहीं अधिक है। यह एक ऐसी पहल है, जिसमें दुनिया भर के रचनात्मक व्यक्ति डिजिटल कला, सोशल मीडिया स्टोरीटेलिंग या विज्ञापन संबंधी अवधारणाओं के माध्यम से खादी को पारंपरिक वस्त्र से वैश्विक फैशन आइकन में बदलने के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं।

यह पहल दुनिया भर के रचनाकारों को किसी महान चीज पर अपनी रचनात्मक छाप छोड़ने में मदद करती है। क्रिएट इन इंडिया चैलेंज और विशेष रूप से मेक द वर्ल्ड वियर खादी सेगमेंट रचनात्मक पेशेवरों को दुनिया के खादी को देखने के तरीके को नया रूप देने का एक अविश्वसनीय अवसर प्रदान करता है। भारत की सांस्कृतिक विरासत को अत्याधुनिक रचनात्मकता के साथ मिलाकर, प्रतिभागी खादी को एक वैश्विक तौर पर फैशन की एक शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद कर सकते हैं, जो आधुनिक मूल्यों को दशार्ती है।

भारत और दुनिया भर से 'मेक द वर्ल्ड वियर खादी' चैलेंज के लिए पंजीकृत 750 से अधिक प्रतिभागियों के साथ, एक रचनात्मक प्रदर्शन के लिए मंच तैयार है, जो वैश्विक मंच पर भारत की अभिनव भावना को उजागर करता है।

प्रतिभागियों को एक प्रिंट क्रिएटिव, एक आउटडोर होर्डिंग और एक डिजिटल/सोशल मीडिया क्रिएटिव बनाने का काम सौंपा गया था। पंजीकरण 27 जनवरी को खुला, मार्च में शॉर्टलिस्टिंग हुई और कल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा की गई। विज्ञापन और रचनात्मक उद्योगों के दिग्गजों से बनी एक प्रतिष्ठित जूरी ने मौलिकता, सांस्कृतिक प्रतिध्वनि, वैश्विक अपील और प्रतियोगिता के दृष्टिकोण के साथ तालमेल के आधार पर प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। शॉर्टलिस्ट की गई प्रविष्टियां अपनी रणनीतिक अंतर्दृष्टि, शक्तिशाली कहानी कहने और खादी के इर्द-गिर्द वैश्विक बातचीत को बढ़ावा देने की क्षमता के लिए अलग से उभरीं।

कुल पांच उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया हैः इमान सेनगुप्ता और सोहम घोष - हवास वर्ल्डवाइड इंडिया; कार्तिक शंकर और मधुमिता बसु - 22 फीट ट्राइबल; काजल तिरलोतकर - इंटरएक्टिव एवेन्यूज; तन्मय राउल और मंदार महादिक - डीडीबी मुद्रा समूह; आकाश मेजरी और काजोल जेसवानी - डीडीबी मुद्रा समूह। विजेताओं की घोषणा मई 2025 में वेव्स समिट में की जाएगी।

**खादीः टिकाऊ फैशन का कूल फैक्टर**

खादी सिर्फ पुराने जमाने की नहीं है; यह टिकाऊ फैशन का भविष्य है।

हाथ से बुनी हुई, पर्यावरण के अनुकूल और प्यार से बनाई गई खादी जेनरेशन जेड और मिलेनियल की हर पसंद का प्रतिनिधित्व करती है, जैसे प्रामाणिकता, स्थायित्व और नैतिक विकल्प। साथ ही, इसे कारीगरों द्वारा बनाया जाता है, जो पर्यावरण को अनुकूल रखते हुए स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाता है।

खादी सिर्फ एक फैशन ट्रेंड ही नहीं, बल्कि यह एक आंदोलन भी है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में निहित, खादी महात्मा गांधी के नेतृत्व में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का प्रतीक बन गई। आज, यह एक टिकाऊ, हस्तनिर्मित और पर्यावरण के अनुकूल कपड़ा है, जो खासकर ग्रामीण भारत में कारीगरों को सशक्त बनाता है, जबकि फास्ट फैशन के पर्यावरणीय नुकसान के खिलाफ लड़ाई में योगदान देता है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद, क्योंकि उन्होंने कई साल पहले ऐसे उत्पादों के निर्माण हेतु शंखनाद किया था, जो ह्लजीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्टह्व वाले हों। खादी अपनी पर्यावरण के अनुकूल प्रक्रियाओं और टिकाऊ उत्पादन के साथ पूरी तरह तालमेल रखती है, जो नैतिक फैशन की ओर वैश्विक बदलाव में अपनी भूमिका को मजबूत करती है। सरकार की ह्लमेक इन इंडियाह्व पहल भी यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है कि खादी उत्पाद अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हैं।

बिल्कुल सही कहा गया है, ₹हमें पृथ्वी अपने पूर्वजों से विरासत में नहीं मिलती है, हम इसे अपने बच्चों से उधार लेते हैं।₹ यह भावना खादी के लोकाचार के साथ पूरी तरह मेल खाती है, एक टिकाऊ, पर्यावरण के प्रति अनुकूल वस्त्र, जो हमारे अतीत से हमें जोड़ता है और साथ ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए धरती की सुरक्षा करता है।

दुनिया सतत, पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रणालियों को अपना रही है। इसके साथ ही, वैश्विक मंच पर खादी का स्थान पहले से कहीं ज्यादा स्पष्ट होता जा रहा है। यह वस्त्र केवल अतीत का अवशेष नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। ग्रामीण कारीगरों की हस्तनिर्मित कलात्मकता से लेकर इसके कालातीत वस्त्र की वैश्विक अपील तक, खादी एक बार फिर आज की दुनिया में स्टाइलिश और टिकाऊ होने के अर्थ को फिर से निर्धारित करने के लिए तैयार है।

**केवीआईसी की भूमिका और सरकारी पहल**

खादी के पुनरुत्थान के केंद्र में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) की प्रतिबद्धता है। खादी के प्रचार के लिए नोडल एजेंसी के रूप में, केवीआईसी कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार तक पहुंच की सुविधा प्रदान करके स्थानीय कारीगरों के सशक्तिकरण का समर्थन करता है। सरकार समर्थित पहलों और कार्यक्रमों के माध्यम से, केवीआईसी ने सुनिश्चित किया है कि खादी न केवल अपनी समृद्ध परंपरा को बनाए रखे, बल्कि आज के वैश्विक फैशन बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए विकसित हो।

वेव्स समिट सिर्फ एक और आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक रचनात्मक खेल का मैदान है। इसे मीडिया और मनोरंजन जगत का केंद्र समझें, जहां प्रसारण, गेमिंग, डिजिटल मीडिया और अन्य क्षेत्रों के उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं और नेटवर्किंग के अवसर उपलब्ध हैं। ह्यमेक द वर्ल्ड वियर खादीह्न चैलेंज को दुनिया भर से नए, साहसिक विचारों को सामने लाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो रचनात्मकता को प्रेरित करता है जो शायद दुनिया को खादी पहनने के लिए प्रेरित करे।

हम वेव्स 2025 के दौरान विजेताओं की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह चैलेंज खादी को एक आधुनिक, आकांक्षी और टिकाऊ ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए नए और रचनात्मक तरीकों को सामने लाने का वादा करती है और आने वाले समय के लिए उत्साह बढ़ता जा रहा है।

लेखिका पीआईबी मुंबई में मीडिया और संचार अधिकारी हैं।

## पूर्वोत्तर भारत के समग्र विकास के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता

**केंद्रीय** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने अरुणाचल प्रदेश के क्रा दादी जिले का आधिकारिक दौरा किया, जहाँ उन्होंने कई विकासात्मक कार्यक्रमों में भाग लिया और स्थानीय समुदाय से संवाद किया।

माननीय केंद्रीय मंत्री का पारंपरिक गीतों और स्थानीय कलाकारों द्वारा पोषण अभियान पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक के माध्यम से गर्मजोशी और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध स्वागत किया गया। इस नाटक ने पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व को उजागर किया।

7वें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के हर कोने तक विकास पहुँचाने की केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने सरकार की प्रमुख नीति ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासह्व को रेखांकित करते हुए




कहा, ह्लराष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सरकार देश के सभी आकांक्षी जिलों में विशेष पहलों के माध्यम से स्वास्थ्य और परिवार कल्याण को सशक्त बनाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है, जिसमें पूर्वोत्तर को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

मातृ कल्याण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (ढटटश) के अंतर्गत भुगतान स्वीकृतियाँ प्रदान कीं, जिससे गर्भावस्था के दौरान और उसके बाद माताओं को सहायता देने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई गई ताकि आने वाली पीढ़ी स्वस्थ और सशक्त हो।अपने संबोधन में उन्होंने बजट से संबंधित महत्वपूर्ण बातें साझा करते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के लिए लैंगिक बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया, ह्l2024झ25 के बजट अनुमान में यह राशि ?3.27 लाख करोड़ थी, जो 2025झ26 के बजट में बढ़कर ?4.49 लाख करोड़ हो गई है। समग्र केंद्रीय बजट में लैंगिक बजट की हिस्सेदारी भी 6.8% से बढ़कर 8.86% हो गई है।ह्व

इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे, जिनमें अरुणाचल प्रदेश सरकार की महिला एवं बाल विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और सांस्कृतिक कार्य मंत्री श्रीमती दासांगलु पुल; भूमि प्रबंधन, नागरिक उड्डयन और शहरी मामलों के मंत्री श्री बालो राजा; महिला एवं बाल विकास विभाग की आयुक्त (आईएएस) श्रीमती मिमुम तायेंग; और क्रा दादी जिले के उपायुक्त शामिल थे।केंद्रीय मंत्री की यह यात्रा भारत सरकार की महिलाओं को सशक्त बनाने, बच्चों के कल्याण को बढ़ावा देने और विशेष रूप से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण व सांस्कृतिक रूप से समृद्ध पूर्वोत्तर क्षेत्र में संतुलित विकास सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। (पीआईबी)

## आर्थिक सुधार की चुनौतियां

**आर्थिक सुधारों से मजबूत हुई अर्थव्यवस्था, लेकिन चुनौतियां भी**

**कई लोगों का मानना है कि आगामी वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी।**

आर्थिक मामलों के विभाग ने सोमवार को बीते एक दशक में देश के आर्थिक प्रदर्शन की समीक्षा प्रस्तुत की। यह हर वर्ष आने वाली आर्थिक समीक्षा नहीं है। उसे तो लोक सभा चुनाव के बाद पेश होने वाले पूर्ण बजट के पहले प्रस्तुत किया जाएगा। अर्थव्यवस्था की समीक्षा में उन सुधारों को प्रमुखता से पेश किया गया है जो मोदी सरकार ने क्रियान्वित किए हैं।

समीक्षा में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के 7.3 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। कई लोगों का मानना है कि आगामी वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यह सही है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अपेक्षा से बेहतर रही है।

अपेक्षाकृत प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत का इस दर से वृद्धि हासिल करना सराहनीय है। सरकार ने बीते एक दशक में कई सुधारों को अंजाम दिया है और महामारी से उबरने की प्रक्रिया में भी देश का प्रदर्शन अनुमान से बेहतर रहा है। बहरहाल, अभी भी ऐसी चुनौतियां हैं जो मध्यम से दीर्घ अवधि में संभावित वृद्धि पर असर डाल सकती हैं।

सर्वाधिक उल्लेखनीय सुधारों की बात करें तो सरकार ने ऋण शोधन अक्षमता एवं दिवालिया संहिता, 2016 पारित की। सरकारी बैंकों के विलय और उनके पुनर्पूंजीकरण के अलावा उसने दोहरी बैलेंस शीट की समस्या हल करने में भी मदद की। इसके परिणामस्वरूप देश का बैंकिंग क्षेत्र इस समय एक दशक में सबसे अधिक अनुकूल परिस्थितियों में है।

बेहतर कॉर्पोरेट और बैंक बैलेंस शीट की मदद से न केवल वृहद आर्थिक जोखिम कम हुए हैं बल्कि निजी निवेश को भी मदद मिलेगी। बीते एक दशक में आकार दिया गया एक अन्य उल्लेखनीय सुधार है वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)। वर्षों तक अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन करने के बाद कर व्यवस्था में स्थिरता के संकेत नजर आ रहे हैं और राजस्व में इजाफा हो रहा है।

अब सरकार को दरों और स्लैब को युक्तिसंगत बनाने पर ध्यान देना चाहिए ताकि प्रदर्शन में और सुधार हो सके। सरकार ने कई अन्य पहल भी की, मसलन अचल संपत्ति (नियमन एवं विकास) अधिनियम, छोटे मोटे आर्थिक अपराधों की आपराधिकता समाप्त करना, विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की प्रक्रिया को उदार बनाना और मुद्रास्फीति के लचीले लक्ष्य अपनाना आदि।

इनमें से कुछ सुधार मध्यम से लंबी अवधि में वृद्धि को समर्थन देंगे। बहरहाल कम से कम दो ऐसे मुद्दे हैं जिन पर तत्काल नीतिगत ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार ने महामारी के बाद वृद्धि को सहायता देने के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाने का विकल्प चुना जिससे राजकोषीय समेकन की प्रक्रिया धीमी हुई। अनुमान के मुताबिक इसके परिणामस्वरूप ही इस वर्ष देश का सार्वजनिक ऋण बढ़ सकता है।

आंशिक तौर पर इसके लिए कम नॉमिनल वृद्धि भी वजह होगी। सकल घरेलू उत्पाद के 80 फीसदी से अधिक का सार्वजनिक ऋण भारत जैसे देश में हमेशा वृहद आर्थिक स्थिति को मुश्किल में डाल सकता है। उच्च ऋण और ब्याज भुगतान सरकारी व्यय को भी प्रभावित कर रहे हैं। इस समाचार पत्र के एक विश्लेषण के मुताबिक हाल के वर्षों में ब्याज भुगतान में इजाफे के साथ स्वास्थ्य और शिक्षा पर व्यय अपेक्षाकृत कम हुआ है। ऐसे में सरकार को राजकोषीय घाटा तेजी से कम करने की जरूरत है ताकि सार्वजनिक ऋण को कम किया जा सके।

## स्टार्टअप्सः भारत की नवाचार क्रांति का सुलगना

पीयूष गोयल

(केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री)

प्रयागराज संगम पर महाकुंभ की शानदार सफलता के बाद, अब विकास की तीन धाराओं - नवाचार, रोजगार सृजन और उद्यमिता के संगम का जश्न मनाने का समय आ गया है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास और विरासत की कल्पना को जीवंत और उत?साहपूर्ण भारत के लिए आगे ले जाएगा।

ये तीनों धाराएँ 3 अप्रैल को स्टार्टअप महाकुंभ में समाहित होंगी। प्रयागराज में हुए विस्मयकारी आध्यात्मिक समागम की तरह, स्टार्टअप महाकुंभ का आयोजन भी भव्य और वैश्विक स्तर पर किया जा रहा है।


इस कार्यक्रम में 3,000 से अधिक स्टार्टअप, 1,000 से अधिक निवेशक, 500 से अधिक वक्ता और दुनिया भर से 15,000 से अधिक प्रतिनिधि और व्यवसायी शामिल होंगे, जिसमें 50 से अधिक देशों की भागीदारी होगी। यह स्टार्टअप के लिए सहयोग, मार्गदर्शन, धन उपलब्ध कराने और नए बाजारों तक पहुंच का पता लगाने के लिए एक शक्तिशाली मंच होगा। समर्पित विशेषज्ञों की कक्षाएं, ज्ञान सत्र और नेटवर्किंग फोरम के साथ, यह कार्यक्रम न केवल नवाचार को बढ़ावा देगा बल्कि उद्यमियों की अगली पीढ़ी को अपने स्वयं के उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित भी करेगा।

साथ ही, इस वर्ष के महाकुंभ में, तीन-स्तरीय निवेशक-नेतृत्व वाली जूरी प्रक्रिया 50 करोड़ रुपये के पुरस्कार पूल के साथ भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र द्वारा वित्त पोषित ग्रैंड इनोवेशन चैलेंज में 150 फाइनलिस्ट का चयन करेगी।

नवाचार - चाहे शतरंज का खेल हो या प्राचीन भारत में शून्य की अवधारणा, या आज का यूपीआई, चंद्रयान और मंगलयान, नवाचार हमेशा से ही भारतीय डीएनए का हिस्सा रहा है। स्वस्थ अनुसंधान और विकास के माध्यम से प्राप्त नए विचार, नवीन वस्तुएं और सेवाएं भारत को 2047 तक विकसित देश बनने के अपने मिशन में आगे बढ़ाएंगी। उपयुक्त रूप से, इस कार्यक्रम का विषय स्टार्टअप इंडिया @2047 है।

प्रधानमंत्री मोदी की कल्पना - 2015 में स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को वैश्विक स्टार्टअप हब बनाने और देश को रोजगार सृजन करने वाले देश में बदलने का अपना सपना स्पष्ट किया। इसके तुरंत बाद, परिवर्तनकारी स्टार्टअप इंडिया पहल शुरू की गई।

प्रधानमंत्री मोदी की इस पहल ने युवा ऊर्जा का ऐसा जबरदस्त प्रवाह पैदा किया है जो भारत के उद्यमशीलता परिदृश्य को बदल




रहा है। पंजीकृत स्टार्टअप की संख्या 2016 में लगभग 500 से बढ़कर अब लगभग 1.7 लाख हो गई है। ये उद्यम फिन-टेक, डीप-टेक, एड-टेक, नैनो-टेक, बायो-टेक, स्पेस-टेक, एग्री-टेक और हेल्थ-टेक सहित 55 से अधिक क्षेत्रों में फैले हुए हैं, जो भारत को प्रमुख प्रौद्योगिकी-संचालित उद्यमिता के गढ़ के रूप में उभरने में मदद कर रहे हैं।

सरकार स्टार्टअप्स को धन उपलब?ध कराने में सहायता देने के लिए भी सक्रिय रूप से पहल कर रही है। पिछले साल के बजट में हमारी सरकार ने एंजल टैक्स को समाप्त कर दिया था, इस कदम की नए उद्यमियों ने सराहना की थी। इस साल बजट में 10,000 करोड़ रुपये का नया फंड ऑफ फंड्स शुरू किया गया।

नौकरियां और समाधान - सरकार द्वारा पंजीकृत स्टार्टअप ने 31 जनवरी, 2025 तक 17.69 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा की हैं। इसके अलावा, वे वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए अत्याधुनिक समाधान प्रदान कर रहे हैं। गैर-आक्रामक, एआई-संचालित थर्मल इमेजिंग तकनीक के साथ स्तन कैंसर का पता लगाने में क्रांतिकारी बदलाव; किसानों को सीधे खरीदारों से जोड़कर ग्रामीण व्यापार को सरल बनाना; किफायती और कुशल भुगतान गेटवे समाधान प्रदान करना; कचरे को धन में बदलने वाले प्रभावशाली पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाना; हमारे साइबरस्पेस को सुरक्षित करना चुनौतियों के ऐसे कुछ उदाहरण हैं जिनका हमारे स्टार्टअप द्वारा भारत और दुनिया के लिए समाधान किया गया है।

हमारे स्टार्टअप भी बहुत फुर्तीले और तेज-तर्रार हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान, जिन स्टार्टअप ने मजबूत विश्लेषणात्मक समाधान, ड्रोन, दूरसंचार प्लेटफॉर्म आदि विकसित किए थे, उन्होंने संपर्क ट्रेसिंग, क?वारनटाइन निगरानी और वॉर रूम के लिए डैशबोर्ड विकसित करने के लिए इन तकनीकों का लाभ उठाने के लिए तेजी से काम किया। पीपीई किट, वेंटिलेटर और सैंपल कलेक्शन उत्पादों और सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण उपकरण बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।

उद्यमशीलता संस्कृति - स्टार्टअप इंडिया पहल ने पूरे देश में उद्यमशीलता की मानसिकता को काफी हद तक बदल दिया है। जहाँ एक समय परिवार एक सुरक्षित नौकरी की तलाश में रहते थे, वहीं आज वे अपने युवा परिवार के सदस्यों के उद्यमशीलता के कारनामों को प्रोत्साहित करते हैं और उन पर गर्व करते हैं। यह हमारे ऊजार्वान युवाओं को नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी देने वाले बनने के लिए प्रेरित कर रहा है।

ऐसी ऊर्जा से पैदा हुए उद्यम नई ऊँचाइयों को छू रहे हैं। उद्योग के अनुमानों के अनुसार, एक बिलियन डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाले भारतीय यूनिकॉर्न की संख्या 2016 से पहले 10 से भी कम थी जो आज बढ़कर 110 से अधिक हो गई है, जिनका सामूहिक मूल्य 385 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

सार्वजनिक खरीद में सहायता - हमारी सरकार ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) में पात्र स्टार्टअप का विशेष प्रावधान किया है। यह प्लेटफॉर्म विक्रेताओं को सरकारी विभागों द्वारा खरीद के लिए पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त पहुँच प्रदान करता है, जिससे उद्यमियों को जटिल प्रक्रियाओं और निहित स्वार्थों से बचने में मदद मिलती है जो इसके लॉन्च से पहले संचालित होते थे।

जीईएम ने 29,780 सरकारी पंजीकृत स्टार्टअप्स को लोकतांत्रिक बाजार पहुंच, आसान उत्पाद सूचीकरण और सार्वजनिक खरीद में टर्नओवर और अनुभव की आवश्यकताओं में छूट की मदद से 37,460 करोड़ रुपये के 4,09,155 ऑर्डर पूरा करने में सक्षम बनाया है।

नए भारत के प्रकाश स्तंभ - आज, स्टार्टअप नए भारत की आशा की किरण हैं। फलता-फूलता स्टार्टअप इकोसिस्टम हमारे नागरिकों के लिए 'जीवन की सुगमता' को बढ़ाने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को बदल रहा है।

पोषित स्टार्टअप इकोसिस्टम युवाओं को उद्यमशीलता की संस्कृति अपनाने में मदद कर रहा है जो भारत को नवाचार, नई तकनीक और नए विचारों का वैश्विक केन्द्र बनाएगा।

## विदेश जाना है लेकिन पासपोर्ट-वीजा नहीं है?

अक्सर जब हम विदेश जाने की सोचते हैं तो सबसे पहले पासपोर्ट और वीजा की जरूरत पड़ती है। खासकर, वीजा पाने के लिए कई बार लंबा इंतजार करना पड़ जाता है। लेकिन क्या आपको पता है कि एक ऐसा भी डॉक्यूमेंट है जो पासपोर्ट की तरह काम करता है और जिसके सहारे कुछ लोगों को वीजा की भी जरूरत नहीं होती? इस दस्तावेज को सीमैन बुक (रीॅल्ल इङ्क्ष') कहा जाता है।

### क्या है सीमैन बुक?

सीमैन बुक को कंटीन्यूअस डिस्चार्ज सर्टिफिकेट भी कहा जाता है। यह दस्तावेज खास तौर पर मर्चेंट नेवी, क्रूज लाइन या मछली पकड़ने वाले जहाजों में काम करने वाले लोगों को दिया जाता है। यह एक पहचान पत्र की तरह होता है जिसमें व्यक्ति का नाम, जन्मतिथि, राष्ट्रीयता, शैक्षणिक योग्यता, नौकरी का पद, जहाज का नाम और यात्रा की अवधि जैसी पूरी जानकारी होती है।

### एयरपोर्ट पर कैसे होता है इसका इस्तेमाल?

आम यात्रियों को जब भी विदेश जाना होता है तो उन्हें पासपोर्ट और वीजा दिखाना जरूरी होता है। लेकिन मर्चेंट नेवी या क्रूज में काम करने वाले लोग जब ड्यूटी पर जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचते हैं, तो वे सीमैन बुक के साथ यात्रा कर सकते हैं। एयरपोर्ट पर इसे पासपोर्ट के बराबर मान्यता दी जाती है।

हालांकि, एयरपोर्ट की सुरक्षा जांच के दौरान इन्हें सीमैन बुक के साथ सीडीसी यानी सीफेरर आइडेंटिटी डॉक्यूमेंट भी दिखाना होता है।

### क्या वीजा की जरूरत नहीं पड़ती?

सीमैन बुक वाले कर्मचारी अक्सर कई देशों से होकर यात्रा करते हैं। इस दौरान सीमैन बुक का इस्तेमाल ट्रांजिट वीजा की तरह किया जाता है। जब वे अपने जहाज पर ड्यूटी जॉइन करने जाते हैं तो सीमैन बुक और सीडीसी वीजा की तरह मान्य होते हैं।

लेकिन अगर यह यात्रा निजी कारणों से की जा रही हो, जैसे घूमने, इलाज या कारोबार के लिए, तो उन्हें भी सामान्य यात्रियों की तरह पासपोर्ट और वीजा की जरूरत होती है।

# डीपीएस के प्राचार्य एवं प्राइमरी विंग की इंचार्ज ने कल्पना सोरेन से मुलाकात की

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में शैक्षिक समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ आरके झा और प्राइमरी विंग की इंचार्ज प्रभा सिंह ने शनिवार को कल्पना सोरेन के साथ सी.एम आवास में औपचारिक मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान छात्र कौशल को बढ़ाने और राज्य के विकासात्मक लक्ष्यों के साथ शैक्षिक पहल को सरेखित करने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

मौके पर उन्होंने सामाजिक परिदृश्य को बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करने के लिए डीपीएस के सक्रिय दृष्टिकोण की सराहना की और राज्य भर में छात्रों के बीच कौशल विकास को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों को लागू करने के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया।

# अत्यधिक ड्यूटी से नाराज हुए लोको पायलट

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। रेल लोको पायलट रांची रेल प्रशासन पर ज्यादती का आरोप लगाते हुए अनिश्‍ितकालीन सत्याग्रह पर बैठ गए हैं। हटिया स्थित रांची डीआरएम कार्यालय के समक्ष सत्याग्रह कर रहे रेल लोको पायलट ने रांची रेल मंडल पर नियम विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया है। सत्याग्रह कर रहे रेल लोको पायलट के अनुसार रांची रेल मंडल लोको पायलट को ड्यूटी के दौरान मुख्यालय आने पर 16 घंटे के रेस्ट के प्रावधान को नहीं मान रहा है।


जबकि इस तरह की सुविधा अन्य रेल मंडल में उपलब्ध है और इसको लेकर चिठ्ठी भी जारी की जा चुकी है। संघ के मंडल सचिव सीएस कुमार कहते हैं कि जिस रुल्स को रेलवे ने खुद बनाया है उसी को स्थानीय अधिकारी मानने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हर कर्मचारी को 8 घंटे ड्यूटी और 16 घंटे रेस्ट मुख्यालय में मिलता है। लेकिन रांची रेल मंडल इसे नजरअंदाज करते हुए मुख्यालय से बाहर ड्यूटी होने पर 16 घंटे रेस्ट का जबरन प्रावधान कर रही है।

**रांची रेल मंडल में करीब 700 लोको पायलट :** रांची रेल मंडल में करीब 700 लोको पायलट हैं जिनके ऊपर परिचालन का जिम्मा है। रांची रेल मंडल में वरिष्ठ सहायक लोको पायलट के पद पर पदस्थापित अंजली कुमारी कहती हैं कि हम नियम के अनुसार काम करना चाहते हैं। जिससे रेलवे की सुरक्षा का ध्यान रख सकें मगर हमसे 10 घंटा से अधिक काम लिया जाएगा तो यह मानवीय लक्षण है कि हम ठीक से काम नहीं कर पाएंगे और कुछ ना कुछ घटनाएं होगी।

लोको पायलट अंजली कहती हैं कि हमारा रांची रेल डिवीजन ने जबरन चिळी निकालकर अधिक समय तक काम करने को विवश कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यालय लौटने के बजाय हमें अगले जगह से दूसरे स्टेशन के लिए गाड़ी लेकर भेजने को मजबूर कर रहा है जिससे 72 घंटे तक कोई रेस्ट नहीं मिलेगा। यह नियम विरुद्ध है और हमारे उपर जबरन दबाव बनाकर काम करने की कोशिश की जा रही है। ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है जिसमें पुरुषों के मुकाबले शारीरिक क्षमता कम होती है और कई तरह की समस्याएं उनके साथ होती हैं। इसके बावजूद हम कंधे से कंधे मिलाकर काम करना चाहते हैं। लेकिन रांची रेल प्रशासन हमसे जबरन ज्यादा देर तक काम करना चाहती है जो किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं होगा।

## स्पीड न्यूज

### सरायकेला में छऊ महोत्सव का समापन आज



सरायकेला। 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले राजकीय चैत्र पर्व सह छऊ महोत्सव के द्वितीय दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन अपर डीसी सरायकेला–खरसावां जयवर्धन कुमार के कर कमलों द्वारा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति मे किया गया।

### रामनगर, शंकोसाई में चैता महोत्सव का आयोजन आज

जमशेदपुर। चैता महोत्सव के अवसर पर एक भव्य आयोजन राम नगर, संकोसाई, रोड नंबर 1, जमशेदपुर में दिनांक 13 अप्रैल 2025 को रात 9 बजे से किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कांग्रेस पूर्वी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी और पटमदा डीएसपी बैचेनदेव कुजूर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक राजू नेता ने बताया कि चैता महोत्सव एक पारंपरिक अवसर है जो प्रकृति की सुंदरता और जीवन की नई शुरूआत का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

### कान्वाई चालकों ने बुकिंग रोकी

जमशेदपुर। टाटा मोटर्स के चेसिस यार्ड में शनिवार को कानवाई चालकों ने अपने हक अधिकार के लिए सभी चालकों ने मिलकर दस बजे से लेकर एक बजे तक बुकिंग रोक दिया। फस्ट पार्टी इंश्योरेंस पॉलिसी एवं वेतन बढ़ोतरी एक अप्रेल से लम्बित है इसी के खिलाफ कान्वाई चालकों ने बुकिंग रोकी। काफी जद्दोजहद के बाद टी टी सी ए प्रबन्धन ने कहा कि पन्द्रह मई को समस्याओं का समाधान हो जाएगा । यह मामला को देखते हुए निबंधन रद युनियन के महामंत्री जयनारायण सिंह ने माइक से बोला कि पन्द्रह मई तक समझोता नहीं होने पर हम भी आप सभी के साथ मजबूती से खड़े होकर बुकिंग रोक दिया जाएगा।

### सुरभि शाखा ने जम्मू अखाड़ा में मनाया हनुमान जन्मोत्सव



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दीप उत्सव मनाया। साथ ही शरबत, चना, गुड़ का वितरण किया गया। कार्यक्रम सीताराम डेरा स्थित हनुमान मंदिर जम्मू अखाड़ा में हुआ। आज का कार्यक्रम सांवरमल अग्रवाल घाटशिला के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, ममता अग्रवाल सुमन झाझरिया, श्रुति, मेघा जैन एवं जम्मू अखाड़ा के कार्यकर्ता बंटी अग्रवाल के द्वारा संपन्न हुआ।

### बाबा साहेब की जयंती मनायेगा एससी, एसटी, ओबीसी माइनोरिटी समिति

जमशेदपुर। जमशेदपुर केंद्रीय मुखी समाज के उपाध्यक्ष सह डॉ अम्बेडकर एसी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी वेलफेयर समिति के प्रवक्ता शम्भु मुखी डूंगरी ने एक प्रेस विज्ञप्ती जारी कर कहा कि 14 अप्रैल को डॉ अम्बेडकर के 134वी जन्म जयंती के अवसर पर पुरे शहर के विभिन्न क्षेत्रो पर बड़े घूमघाम से जयंती मनाया जायेगा। इस मौके पर एग्रीको ट्रांसपोर्ट मैदान पर सुबह 9 बजे विभिन्न क्षेत्रो के अम्बेडकरवादी एकत्रित हो कर विशाल बाइक रैली निकलेगे। डॉ अम्बेडकर के आदम गत प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांसुमन अर्पित किया जायेगा।

# अर्का जैन विवि में 60 छात्रों का बंपर कैंपस प्लेसमेंट

## हिताची की ग्लोबललॉजिक टेक्नोलॉजीज ने छात्रों को किया लॉक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** गम्हरिया स्थित अर्का जैन विश्वविद्यालय में गुड़गांव स्थित ग्लोबल लॉजिक टेक्नोलॉजी कंपनी की ओर से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव चलाया गया। इसमें यूनिवर्सिटी में विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत अंतिम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के पश्चात कंपनी में विश्वविद्यालय के 60 छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन हुआ, जो एक रिकॉर्ड होने के साथ ही विश्वविद्यालय परिवार समेत लौहनगरी के लिए गौरव का विषय है। विश्वविद्यालय में ग्लोबल लॉजिक टेक्नोलोजी द्वारा एसोसिएट विश्लेषक पद के लिए कैंपस ड्राइव चलाया गया। इसमें विश्वविद्यालय के बीबीए, बीकॉम, बीसीए, बीए-अंग्रेजी और बीएससी-बायो टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। बताया गया है कि चयनित छात्र-छात्राओं को 2.2 से 3 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर लॉक किया गया है, जिनका जॉब लोकेशन गुड़गांव होगा।

**इन छात्र-छात्राओं का हुआ चयन**

ऋषभ रमण शर्मा, संदीप दे, सचिन शर्मा, अनुष्का, प्रीति कुमारी श्यामल, दीप रचित, महिमा कुमारी, मनीषा कुमारी वर्णवाल, स्वाति श्रीवास्तव, अंजिल शर्मा, विशाल साह, नयन कुमार, अनुभव कुमार, सौरव प्रकाश, रिया कुमारी, अनामिका सिंह, सुधा पुनीत साई ईश्वर, अंकित कुमार, आदित्य पाथाडिया, अभिषेक कुमार शर्मा, सानिया गुप्ता, राहुल कुमार, रितिक्षा, सृष्टिका कुमारी, निशा कुमारी, रतन प्रसाद, पुष्पांजलि सिंह सरदार, अनुष्का साह, निकिता कुमारी, निखिल कुमार सिंह, विश्वरूप दास, साहिल केशरी, जसमीत कौर, मोमिता शेखर, राज शर्मा, कुमारी मेघा, रितिक विश्वकर्मा, कुमार शांतनु, मनीषा चौधरी, पायल कुमारी, जागृति दास, आयुष राज, नेहा कुमारी, अनिक पात्रा, अभिमन्यु कुमार सिंह, शिवम तिवारी, ईशाब्रमन, दीपशिखा, श्रेया यागिनी, आदित्य जॉन सुबर्नो, श्रुति कुमारी, विक्रांत सिंह, अदिति मैती, प्रियंका मंडल, जया दास, देवाशीष महतो, अभिषेक कुमार सिंह, अमन, सुखमति सरदार, आयुष कुमार।


**शिक्षकों व विद्यार्थियों की मेहनत व लगन का परिणाम : डॉ एसएस रजी**

छात्र–छात्राओं की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय मैनेजमेंट बोर्ड के अध्यक्ष डॉ एसएस रजी, निदेशक सह कुलसचिव डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, परिसर निदेशक सह डीएसडब्ल्यू डॉ अंगद तिवारी, संयुक्त कुलसचिव डॉ डी धंजल समेत सभी अधिकारियों व शिक्षक–शिक्षिकाओं ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने इसे शिक्षक–शिक्षिकाओं, विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग समेत छात्र–छात्राओं की मेहनत व लगन का परिणाम बताया है।

**वर्ष 2021 में हिटाची ने किया था कंपनी का अधिग्रहण**

बता दें कि ग्लोबल लॉजिक डिजिटल उत्पाद इंजीनियरिंग सेवाओं में अग्रणी कंपनी है। यह कंपनी अपने ग्राहकों को आधुनिक दुनिया के लिए नवीन उत्पादों, प्लेटफार्मों और डिजिटल अनुभवों को डिजाइन करने और बनाने में मदद करती है। 20 से अधिक वर्षों से ग्लोबल लॉजिक ने अद्भुत उत्पाद बनाने और लोगों, उत्पादों और व्यावसायिक अवसरों के बीच संबंधों को जोड़ने के लिए हर प्रमुख उद्योग के व्यवसायों के साथ साझेदारी की है। वर्ष 2021 में ग्लोबल लॉजिक का हिताची लिमिटेड ने अधिग्रहण किया था। 15 देशों में कंपनी में 28,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं जबकि 500 से अधिक सक्रिय ग्राहक, 70 से अधिक निजी लेबल ग्राहक प्रयोगशालाएं, 35 इंजीनियरिंग केंद्र, 8 डिजाइन स्टूडियो, 12 बिक्री कार्यालय तथा मेथड के माध्यम से 350 से अधिक यूएक्स/यूआई डिजाइनर और डेवलपर्स हैं।

# चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क बिष्टुपुर में हनुमान चालिसा पाठ संपन्न




**जमशेदपुर।** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर चिन्मया विद्यालय परिसर में 1200 छात्र छात्राओं द्वारा निरन्तर सात बार हनुमान चालिसा का पाठ किया गया, छात्रों के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी हनुमान चालिसा का पाठ किया। इस पावन अवसर पर विद्यालय के मंदिर प्रागण में हनुमान जी की पूजा आरती की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की प्राचार्य मिक्की सिंह एवं वाईस चेयरमैन श्री बी. सुरेन्द्रनाथ का सहयोग सराहनीय रहा। छात्र छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा व निर्माण बर्दाश्त नहीं : डीसी

अनन्य मित्तल ने जमशेदपुर सीओ ऑफिस का किया निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश कहा, सरकारी जमीन के अतिक्रमण पर सरकारी कर्मियों की जवाबदेही तय होगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** डीसी अनन्य मित्तल द्वारा विभिन्न सरकारी कार्यालयों के निरीक्षण के क्रम में शनिवार को अंचल कार्यालय, जमशेदपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने आगत-निर्गत पंजी, नीलाम पत्रवाद, लगान निर्धारण के मामले, जिला से गए पत्रों के कंप्लायंस, कैशबुक समेत अलग-अलग विभागों को भूमि हस्तांतरण, सरकारी भूमि का अतिक्रमण, अवैध जमाबंदी, म्यूटेशन, नामांतरण, टाटा लीज अतिक्रमण अभिलेख एवं भूमि से संबंधित अन्य मामलों की जांच की साथ ही सभी दस्तावेजों को दुरूस्त रखने का निर्देश दिया। अंचल के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में म्यूटेशन के लंबित मामलों की जानकारी ली साथ ही शीघ्र मामलों का निष्पादन करने को। साथ ही यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया कि आम लोगों को बेवजह कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े। डीसी ने अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों/कर्मियों को सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री, अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण पर पैनी नजर रखने को कहा। राज्य या केन्द्र सरकार की जमीन की खरीद-बिक्री पर त्वरित एक्शन लेने के निर्देश दिये। उन्होने स्पष्ट कहा कि किसी भी परिस्थिति में सरकारी जमीन पर कब्जा या अवैध निर्माण होता हो तो संबंधित पोषक क्षेत्र के सरकारी कर्मी की जबावदेही तय करते हुए बर्खास्तगी की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा की स्थिति में स्वतः संज्ञान लेते हुए आरोपी को नोटिस करें, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण को लेकर सर्वे करें तथा जेपीएलई चलायें। निरीक्षण के दौरान डीसी ने कहा पदाधिकारियों/कर्मियों के बायोमीट्रिक उपस्थिति की भी जांच की। उन्होंने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति के बिना सभी अनुपस्थित माने जाएंगे, समय पर कार्यालय आएं और अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होने अंचल कार्यालय में निष्पादित किये जाने वाले सभी कार्यों की जांच की। इस दौरान अपर डीसी भगीरथ प्रसाद, सीओ जमशेदपुर सदर मनोज कुमार उपस्थित थे।

# संजीव नेत्रालय में आज मनाया जायेगा 6वां स्थापना दिवस

## मुख्य अतिथि होंगे सिविल सर्जन डॉ साहिल पाल


खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर स्थित प्रतिष्ठित नेत्र चिकित्सा संस्थान संजीव नेत्रालय 13 अप्रैल 2025 को अपना 6 वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाने जा रहा है। इस विशेष अवसर पर लाइव सर्जरी तथा नेत्र देखभाल पर सीएमई (कंटिन्यूइंग मेडिकल एजूकेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे डॉ. साहिल पाल, सिविल सर्जन, पूर्वी सिंहभूम जिला, झारखंड, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी। निदेशक डॉ संजीव तिरिया ने बताया कि इस अवसर पर कई जटिल एवं आधुनिक नेत्र शल्य चिकित्सा का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित विशेषज्ञ भाग लेंगेः डॉ डी के सिंघल (जमशेदपुर), डॉ अनुप मंडल (पश्चिम बंगाल), डॉ. सुनील सिंह (प्रमुख, नेत्र विभाग, रिम्स, रांची), डॉ संजीव कुमार तिरिया (निर्देशक, संजीव नेत्रालय), डॉ. कुमार साकेत (जमशेदपुर), डॉ. रवि दौलत बरहाबिया (जमशेदपुर), डॉ. राजीव प्रियदर्शी (विट्रियो रेटिना सर्जन, संजीव नेत्रालय), डॉ. राहुल बाहेकर (विट्रियो रेटिना व मोतियाबिंद सर्जन, संजीवनी नेत्रालय, महाराष्ट्र), डॉ सुबोध सिंह (विट्रियो रेटिना सर्जन, रांची)। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में नेत्र रोगों के उपचार, नवीनतम सर्जिकल तकनीकों और अनुसंधान पर देशभर के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा वार्ता एवं प्रस्तुतियां दी जाएंगी। डॉ संजीव कुमार तिरिया, निदेशक, संजीव नेत्रालय ने कहा, हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग को उन्नत, सुलभ और विश्वसनीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# नशीली दवाओं की बड़ी खेप के साथ दो युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर थाना पुलिस ने नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। शनिवार को सिटी एसपी शिवाशीष कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पकड़े गए युवकों के पास से 475 शीशी विनसेरेक्स कफ सिरप और 90 नाइट्रोसन टैबलेट बरामद की गई हैं। इन दवाओं का इस्तेमाल नशे के रूप में किया जाता है, और खासकर आपराधिक प्रवृत्ति के युवक इसका उपयोग अपराध को अंजाम देने से पहले करते हैं। एसएसपी किशोर कौशल को सूचना मिली थी कि कुछ युवक खरकाई रोड से बिष्टुपुर के रीगल चौक की ओर एक सुपर स्प्लेंडर बाइक से नशीली दवाएं लेकर जा रहे हैं। इसी आधार पर बिष्टुपुर थाना पुलिस ने टीम बनाकर कार्रवाई की।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने जमशेदपुर में विद्युत अधोसंरचना को किया सशक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो



पावर सब स्टेशन का उद्घाटन करते टाटा स्टील के वीपी सीएस चाणक्य चौधरी। साथ में टीएसयूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा व यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय व अन्य।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने रविवार को टिनप्लेट और साकची में दो नए 33/6.6 केवी पावर सबस्टेशन का उद्घाटन किया। यह पहल जमशेदपुर में मजबूत और भरोसेमंद विद्युत अधोसंरचना के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस सुविधा का उद्घाटन चाणक्य चौधरी, उपाध्यक्ष- कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, और ऋतुराज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विजय प्रकाश सिंह, वरिष्ठ महाप्रबंधक- पावर सर्विस डिवीजन, टाटा स्टील यूआईएसएल, रघुनाथ पांडेय, टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड सर्विसेज श्रमिक यूनियन, वरुण बजाज, प्रमुख-टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर, टाटा स्टील, हरिंदर वर्मा, प्रमुख- इलेक्ट्रिकल टीएंडडी, तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। टिनप्लेट सबस्टेशन जमशेदपुर के पूर्वी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रदान करेगा, जिसमें एग्रिको, भुइंयाडीह, बारीडीह, सिदगोड़ा, भालूबासा, सीतारामडेरा, गाढ़ाबासा, टुइलाडुंगरी, गोलमुरी, विद्यापतिनगर, विजया गार्डन आदि प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। यह क्षेत्र लगभग 2.5 से 3 लाख की आबादी को कवर करता है। साकची सबस्टेशन आसपास के क्षेत्रों जैसे काशीडीह, बराद्वारी और आमबगान को विद्युत आपूर्ति प्रदान करेगा, जिससे इन शहरी इलाकों में बिजली की आपूर्ति में मजबूती आएगी। साल दर साल बढ़ती हुई जनसंख्या, शहरी विस्तार और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि ने बिजली की खपत में उल्लेखनीय रूप से इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के प्रमुख कारणों में से एक है एयर कंडीशनरों का व्यापक प्रसार, जिसने बिजली वितरण नेटवर्क पर भारी दबाव डाला है–अक्सर मौजूदा अवसंरचना को उसकी निर्धारित क्षमता से पार ले जाने की स्थिति में पहुँचा दिया है। इन नए सबस्टेशनों के चालू होने से लोड का संतुलन बेहतर होगा और उपभोक्ताओं को अधिक विश्वसनीय बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

## एक नजर में

### सिरमटोली सरना स्थल बचाओ मोर्चा के लोग पहुंचे मंत्री चमरा लिंडा के आवास घेराव करने

रांची। सिरम टोली सरना स्थल बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में आदिवासी समाज के लोगों ने झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा के आवास का घेराव किया। मोर्चा के नेताओं ने बताया कि मंत्री चमरा लिंडा ने अपनी सुरक्षा में टुंडूल डोरिया टोली गांव, नगड़ी को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया। गांव घुसने के सभी रास्तों पर दो -दो बैरिकेडिंग लगा कर वाटर टैंक और आंसू गैस की गाड़ियां लगा कर आदिवासी आंदोलनकारियों को रोकने की कोशिश की। आदिवासी संगठन के अगुवाओं ने संयुक्त रूप से कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री चमरा लिंडा ने आज आदिवासियों को छलने का काम किया है। घेराव कार्यक्रम में आदिवासी समाज के लोग सिरोम टोली सरना स्थल के सामने से फ्लाईओवर के रैंप हटाने को लेकर केवल उनसे सवाल करना चाह रहे थे कि आपने (चमरा लिंडा जी) जो समाज को 23 फरवरी 2025 को वादा किया था कि रैंप एनीहाउ हटेगा और कल से जेसीबी मशीन लगा कर रैंप हटाया जाएगा। लेकिन फरवरी से अप्रैल आ गया अब तक रैंप नहीं हटा। समाज ने कहा हमें एनी हाउ का मतलब समझाया जाए। आदिवासी समाज ने पहले बैरिकेडिंग पर धरना में ही बैठ कर पुलिस प्रशासन और मजिस्ट्रेट को मंत्री चमरा लिंडा को वार्ता के लिए बुलाने का आग्रह किया। समाज ने पांच घंटे इंतजार किया, जब मंत्री चमरा लिंडा समाज से वार्ता करने नहीं आए तब आदिवासी समाज ने आक्रोशित होकर बैरिकेडिंग को तोड़ डाला। लोग आगे बढ़ना चाह रहे थे लेकिन अगुवाओं ने समझा बुझाकर आक्रोशित लोगों को शांत कराया। आदिवासी संगठन के अगुवाओं ने की घोर निन्दा करते हुए कहा कि आदिवासी होस्टल के बच्चों को पैसे की लालच एवं खस्सी, मुर्गा और दारू का लालच देकर अपने सुरक्षा में लगभग 2000 छात्र - छात्राओं को अपने आवास में हरवे हथियार के साथ जमा कर के रखा। समाज ने कहा कि चमरा लिंडा आदिवासियों को आदिवासी से लड़ाने का काम कर रहे हैं जिसका आदिवासी समाज घोर निन्दा करती है और ऐसे कुकृत्य करने वाले विधायक और मंत्री को समाज चिन्हीत कर बेपर्दा करने का काम करेगी। अगला घेराव खिजरी विधायक राजेश कच्छप का किया जाएगा। आज के घेराव कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, निरंजना हेरेंज टोप्पो, कुंदरसी मुंडा, प्रेम शाही मुंडा, पवन तिर्की, राहुल तिर्की, संगीता कच्छप, प्रवीण टोप्पो, अजय टोप्पो, प्रकाश मुंडा, फूलचंद तिर्की, रंजित उरांव, संजय तिर्की, विक्की पहान, मनोज उरांव, बसंत लिंडा, आशिश उरांव, लक्ष्मी मुंडा, सबिता कच्छप, आकाश तिर्की, प्रभात तिर्की एवं हजारों की संख्या में आन्दोलन कारी उपस्थित हुए।

### संस्कृतिकर्मियों ने 50 बालिकाओं की पढ़ाई का जिम्मा लिया

**रांची।** बांग्ला संस्कृतिकर्मी वृंद का 32वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को एलईबीबी हाई स्कूल के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। हजारीबाग के प्रभास कल्याणी प्रीति ट्रस्ट के सहयोग आयोजित कार्यक्रम में इस बार मंच का नामकरण संगठन के संस्थापक प्रो डॉ सरोज बसु के नाम पर किया गया था। मौके पर बांग्ला संस्कृतिकर्मी वृंद से जुड़े कई सदस्यों व संस्कृतिकर्मियों ने बंगीय विद्यापीठ स्कूल की 50 छात्राओं के वर्षभर की पढ़ाई का भार लिया। उनका कहना था कि शिक्षा से ही बालिकाओं का सशक्तीकरण हो सकता है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विष्णुपुर घराने के शास्त्रीय संगीत गायक पंडित श्यामा प्रसाद नियोगी, की प्रस्तुति रही। उनके साथ तबले पर सच्चिदानंद मजुमदार, हारमोनियम पर अमृता चटर्जी, तानपुरा पर शर्मिष्ठा दास और बसंत कुमार ने संगत की। देर तक संगीतप्रेमी संगीत की स्वरलहरियों में डूबते-उतरते रहे। संचालन सुबीर लाहिड़ी व मौसमी मल्लिक ने किया। कार्यक्रम में मानस रंजन मुखर्जी, सौरव देव, रीता दे, सुपर्णा चटर्जी, अपरूपा चौधरी, सुदेशना चौधरी, परोमिता चौधरी, सुचिस्मिता, अपराजिता भप्टाचार्य, सुदीप्ता चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में संस्कृतिकर्मी व बंग समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### मेसरा में मंडा पूजा का विधायक ने किया उद्घाटन



**रांची।** मेसरा शिव रक्षा काली मंदिर परिसर में शनिवार देर रात कांके के विधायक सुरेश बैठा ने मंडा पूजा का किया उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति को बरकरार रखने की जरूरत है। बैठा ने कहा कि नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ा दें। मंडा पूजा में आदिवासी कालाकारों ने एक से बढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। दर्शकों ने सांस्कृति कार्यक्रम का आनंद लिया। मौके पर कांके जिला परिषद अध्यक्ष संजय महतो, कांके प्रखंड के प्रमुख सोमनाथ मुंडा, पूजा समिति के अध्यक्ष गंगा कारमाली, शिव मंदिर के कर्ताधर्ता रामकिशुन महतो, राजा महतो, मदन महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

### सीपीआईएम के मजदूर नेता कालीसेन गुप्ता के भाभी का निधन

**सिंदरी।** सीपीआईएम के वरिष्ठ मजदूर नेता कालीसेन गुप्ता की भाभी एवं पीडीआईएल के पूर्व कर्मचारी और बिहार फुटबाल ओलंपिक एसोसिएशन के पूर्व खिलाडी देव कुमार सेनगुप्ता की 72 वर्षीय पत्नी कोनिका सेनगुप्ता का निधन बीती रात सिंदरी स्थित आवास पर हो गया। वे लंबे समय से बिमार थी और जे 4 स्थित घर पर ही इलाज चल रहा था। उनके दो बच्चे पुत्र देवाशीष सेनगुप्ता कतर में एवं पुत्री गौरी सेनगुप्ता ब्रिटेन में रहती हैं। पुत्र और पुत्री के आने के बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। सीपीआईएम सिंदरी, बलियापुर लोकल कमेटी के सचिव विकास कुमार ठाकुर, सचिव गौरव प्रसाद, सूर्यकुमार सिंह, राज नारायण तिवारी, रानी मिश्रा, मिट्ठू दास ने शोक व्यक्त किया है।




# लखनऊ ने रोका टाइटंस का विजयी रथ, पूरन के तूफान में उड़ी गिल सेना

**गुजरात टाइटंस की चार जीत का सिलसिला लखनऊ ने तोड़ा**

**निकोलस पूरन ने 34 गेंदों पर 61 रन बनाकर मैच जिताया**

**पंत की लखनऊ को मिली सीजन की चौथी जीत**

एजेंसी

**लखनऊ।** आइपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस की जीत का सिलसिला थम गया है। लगातार चार जीत के बाद गुजरात को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 6 विकेट से हराया। इकाना स्टेडियम पर गुजरात की सलामी जोड़ी ने 73 गेंदों 120 रनों की साझेदारी बनाई। इसके बाद भी टीम 20 ओवर में 180 रन ही बना सकी। एडेन मार्करम और निकोलस पूरन की विस्फोटक पारी से लखनऊ ने आखिरी ओवर में ही मुकाबला अपने नाम कर लिया। लखनऊ की यह लगातार तीसरी और कुल चौथी जीत है। 34 गेंदों पर 7 छक्के और एक चौका लगाकर निकोलस पूरन ने 61 रन बनाये।



### आखिरी 8 ओवर में 60 रन ही बने

गुजरात के लिए कप्तान शुभमन गिल ने 60 रन बनाए जबकि उनके साथी ओपर साई सुदर्शन ने 56 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। सुदर्शन ने सत्र का अपना चौथा अर्धशतक लगाया और गिल के साथ मिलकर बड़े स्कोर के लिए मंच तैयार किया। लेकिन घरेलू टीम के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी की और तीन विकेट चटकाकर स्कोरिंग गति पर ब्रेक लगा दिया। पहले विकेट के लिए सत्र की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी के बाद मेहमान टीम आखिरी आठ ओवरों में सिर्फ 60 रन ही बना सकी। सुदर्शन और गिल की जोड़ी ने लगभग हर ओवर में बाउंड्री जमाई और घरेलू गेंदबाजों को परेशान किया। गुजरात की टीम ने छठे ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया जब सुदर्शन ने आवेश खान (32 रन देकर एक विकेट) की गेंद को बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर चौके के लिए पहुंचाया। मेहमान टीम ने पावरप्ले में 64 रन बनाए।

गिल ने जहां आक्रामक होकर बल्लेबाजी की, वहीं सुदर्शन ने संयमित होकर दूसरे छोर पर उनका साथ निभाया। कप्तान ने नौवें ओवर में दिग्वेश राठी (30 रन देकर एक विकेट) की गेंद पर एक रन लेकर 31 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। गुजरात टाइटंस ने 10 ओवर तक बिना किसी नुकसान के 103 रन बना लिए थे। सुदर्शन ने फाइन लेग बाउंड्री पर स्वीप करके अपना अर्धशतक पूरा किया। मेजबान टीम को आखिरकार 13वें ओवर की पहली गेंद पर सफलता मिली जब आवेश की गेंद पर गिल लांग ऑन बाउंड्री के करीब मारक्रम को कैच दे बैठे। टाइम आउट के बाद साई सुदर्शन ने बिश्नोई (36 रन देकर दो विकेट) की गेंद को एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से उठा दिया लेकिन निकोलस पूरन ने शानदार कैच लपक लिया। बिश्नोई ने इसी ओवर में वाशिंगटन सुंदर को भी अपना शिकार बनाया। जोस बटलर (16 रन) बड़ी पारी नहीं खेल पाए और दिग्वेश राठी का शिकार बन गए। शार्दुल ठाकुर अंतिम ओवर में हैट्रिक बनाने की कोशिश में थे लेकिन चूक गए।

### लखनऊ ने आसानी से चेज किया टारगेट

मिचेल मार्श की जगह ऋषभ पंत सलामी बल्लेबाज करने उतरे। वह तेजी से रन बनाने में असफल रहे लेकिन एडेन मार्करम के साथ ऐसा नहीं था। उन्होंने पहले ही ओवर में मोहम्मद सिराज को चौका मारा। सिराज के ने अपने दूसरे ओवर में 20 रन दे दिए। इस ओवर में चार चौके लगाए। यहीं से लखनऊ के बल्लेबाजों का दबदबा बन गया। पावरप्ले के बाद लखनऊ ने 61 रन बना लिए थे। मार्करम ने 20 गेंद पर 28 जबकि पंत ने 16 गेंदों पर 17 रन मारे थे। 7वें ओवर में 21 रनों की पारी खेलने के बाद पंत आउट हो गए। उसके बाद बैटिंग करने उतरे पूरन अलग ही मूड में थे। राशिद खान के खिलाफ उन्होंने 8वें ओवर में छक्का मारा। 10वें ओवर में साई किशोर के खिलाफ पूरन और मार्करम ने 24 रन बनाए और टीम को 114 रनों तक पहुंचा दिया। इसी ओवर में मार्करम ने 26 गेंद पर फिफ्टी पूरी की। 12वें ओवर में 31 गेंदों पर 58 रन बनाकर वह प्रसिद्ध कृष्णा का शिकार बने। तब तक मैच गुजरात की पकड़ से बाहर जा चुका था।

### आइपीएल 2025 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.278 |
| गुजरात | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +1.081 |
| लखनऊ | 06 | 04 | 02 | 00 | 08 | +0.162 |
| कोलकाता | 06 | 03 | 03 | 00 | 06 | +0.803 |
| बेंगलुरु | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.539 |
| पंजाब | 05 | 03 | 02 | 00 | 06 | +0.065 |
| राजस्थान | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.733 |
| हैदराबाद | 06 | 02 | 04 | 00 | 04 | -1.245 |
| मुंबई | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.010 |
| चेन्नई | 06 | 01 | 05 | 00 | 02 | -1.554 |


**पर्पल कैप**
12 विकेट
नूर अहमद
चेन्नई


**ऑरेंज कैप**
349 रन
निकोलस पूरन
लखनऊ

### गुजरात 180/6 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन कै. पूरन बो. बिश्नोई | 56 | 37 | 07 | 01 |
| गिल कै. मार्करम बो. आवेश | 60 | 38 | 06 | 01 |
| बटलर कै. शार्दूल बो. दिग्वेश | 16 | 14 | 02 | 00 |
| सुंदर बो. बिश्नोई | 02 | 03 | 00 | 00 |
| रदरफोर्ड एलबीडब्ल्यू शार्दूल | 22 | 19 | 03 | 00 |
| शाहरुख खान नाबाद | 11 | 06 | 00 | 01 |
| तेवतिया कै. मार्करम बो. शार्दूल | 00 | 01 | 00 | 00 |
| राशिद खान नाबाद | 04 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त :** 09

**विकेट पतन :** 1-120, 2-122, 3-127, 4-145, 5-176, 6-176.

**गेंदबाज :** शार्दूल ठाकुर : 4-0-34-2, आकाश दीप : 3-0-33-0, दिग्वेश सिंह : 4-0-30-1, आवेश खान : 4-0-32-1, रवि बिश्नोई : 4-0-362. एडन मार्करम : 1-0-15-0.

### लखनऊ 186/4 (19.3 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| मार्करम कै. गिल बो. प्रसिद्ध | 58 | 31 | 09 | 01 |
| पंत कै. सुंदर बो. प्रसिद्ध | 21 | 18 | 04 | 00 |
| पूरन कै. खान बो. राशिद | 61 | 34 | 01 | 07 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 28 | 20 | 02 | 01 |
| मिलर बो. वॉशिंगटन सुंदर | 07 | 11 | 00 | 00 |
| अब्दुल समद नाबाद | 02 | 03 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त :** 09

**विकेट पतन :** 1-65, 2-123, 3-155, 4-174.

**गेंदबाज :** मोहम्मद सिराज : 4-0-50-0, अरशद खान : 2-0-11-0, प्रसिद्ध कृष्णा : 4-0-26-2, राशिद खान : 4-0-35-1, वॉशिंगटन सुंदर : 4-0-28-1, साई किशोर : 1.3-0-35.

## राजस्थान और बेंगलुरु के मैच में सॉल्ट-कोहली के सामने होगी आर्चर की मुश्किल चुनौती




**जयपुर।** राजस्थान और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीमें रविवार को यहां जब आइपीएल मैच में जीत की राह पर लौटने के इरादे से मैदान पर उतरेंगी तो सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट और विराट कोहली के सामने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कड़ी चुनौती पेश करेंगे। इन दोनों टीमें को पिछले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। आइपीएल के इस सत्र के शुरूआती मैच में इस लीग में सबसे ज्यादा रन लुटाने वाले गेंदबाज बने आर्चर ने लय में वापसी कर ली है। उनकी तेज रफ्तार गेंदें पिछले दो मैचों से कहर बरपा रहीं हैं।

## जीत के क्रम को जारी रखने उतरेगी दिल्ली



**नयी दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स रविवार शाम जहां राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के 29वें मैच में अपने जीत के क्रम को जारी रखने मैदान में उतरेगी वहीं मुंबई इंडियंस को लगातार दो हार के बाद जीत के लिए भिड़ेगी। दिल्ली की शानदार शुरूआत के पीछे केएल राहुल का फॉर्म है, जो उनकी बल्लेबाजी लाइनअप की धुरी बनकर उभरे हैं। स्टाइलिश दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने न केवल शीर्ष पर रहने की काबलियत है, बल्कि जरूरत पड़ने पर आक्रामक की भूमिका निभाने की क्षमता है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर छह विकेट की शानदार जीत के साथ दिल्ली के पिछले मैच में 53 गेंदों पर उनकी नाबाद 93 रन की पारी दबाव में लक्ष्य का पीछा करने की उनकी दक्षता को दर्शाता है।

## डोपिंग: भाला फेंक खिलाड़ी मनु पर लगा चार साल का प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु पर डोपिंग के मामले में नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने चार साल का प्रतिबंध लगा दिया है। मनु के सैंपल में प्रतिबंधित पदार्थ मेथाइलटेस्टोस्टेरोन पाया गया, जिसके बाद यह सजा सुनाई गई है। अप्रैल 2024 में बेंगलुरु में आयोजित इंडियन ग्रां प्री-1 में उन्होंने 81.91 मीटर भाला फेंककर प्रतियोगिता जीती थी। इसी इवेंट के दौरान लिए गए उनके सैंपल में डोपिंग की पुष्टि हुई। डोप टेस्ट के बाद भी मनु ने दो और प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। हालांकि, वह पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए निर्धारित 85.50 मीटर क्वालिफाइंग मार्क पार नहीं कर सके। इसके बावजूद, उनकी वर्ल्ड रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक में जगह मिलने की संभावना थी लेकिन नेशनल इंटर-स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप, पंचकूला से पहले नाडा ने उन्हें प्रोविजनल सस्पेंड कर दिया था। नाडा के एंटी डोपिंग डिसिप्लिनरी पैनल द्वारा जारी ताजा लिस्ट के मुताबिक, डीपी मनु के केस में अंतिम फैसला 3 मार्च को सुनाया गया। उनका चार साल का प्रतिबंध 24 जून 2024 से प्रभावी माना जाएगा, यानी उसी तारीख से उनकी सजा की गिनती शुरू होगी।

## अभी हार स्वीकार करने की जरूरत नहीं छह मैचों में पांचवीं हार के बाद बोले : हसी

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार पांचवें मैच में हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने अपने खिलाड़ियों का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि अभी हार स्वीकार करने की कोई जरूरत नहीं है और पांच बार के चैंपियन के पास सही खिलाड़ी हैं। चेन्नई को अपने घरेलू मैदान चेपॉक में नौ विकेट पर 103 रन का अपना अब तक का सबसे कम स्कोर बनाने के बाद शुक्रवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स से आठ विकेट की शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। हसी ने कहा, मेरा अब भी मानना है कि हमारे पास सही खिलाड़ी हैं। हमें बस उन्हें कुछ आत्मविश्वास और निरंतरता हासिल करने में मदद करनी है। इसके बाद हम सही राह पर आगे बढ़ सकते हैं फिर चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी या फिर क्षेत्ररक्षण। उन्होंने कहा, हमारे खेल की शैली के बारे में बहुत चर्चा हो रही है। लेकिन हमारे पास जो खिलाड़ी हैं, हम उनसे बिल्कुल अलग तरीके से खेलने के लिए नहीं कहना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि वे अपना नैसर्गिक खेल खेलते रहें। आस्ट्रेलिया के इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, वे अपने तरीके से खेलने और वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आईपीएल में आए हैं। मैं निश्चित रूप से उन लोगों में से नहीं हूं जो उन्हें अलग तरीके से खेलने की कोशिश करते हैं। वे इसी तरह से खेल कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहे हैं। हसी ने उन सुझावों को खारिज कर दिया कि चेन्नई ने अपनी अंतिम एकादश में कुछ शीर्ष खिलाड़ियों को शामिल कर लिया है और वह अपने युवा खिलाड़ियों को मौका देने में झिझक रहे हैं। चेन्नई के मध्यक्रम में भारत के खिलाड़ी राहुल त्रिपाठी, शिवम दुबे, विजय शंकर और दीपक हुडा शामिल हैं जो इस सत्र में अभी तक नाकाम रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं इससे सहमत नहीं हूं। हमारे पास अतीत में ऐसे कई खिलाड़ी रहे हैं जो अपने करियर के अंतिम पड़ाव में चेन्नई की तरफ से खेले जैसे कि शेन वॉटसन और अजिंक्य रहाणे।

## चोट के कारण फिलिप्स आइपीएल से हुये बाहर

**हैदराबाद।** गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स छह अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान कमर में गंभीर चोट लगने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। आइपीएल बयान के अनुसार फिलिप्स उपचार के लिए न्यूजीलैंड लौट गये हैं। जीटी जो वर्तमान में पांच मैचों में से चार जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है, ने अभी तक फिलिप्स के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा नहीं की है।




**अभिषेक शर्मा**

| | |
|---|---|
| रन | 141 |
| गेंद | 55 |
| चौका | 14 |
| छक्का | 10 |

# अभिषेक ने तोड़ा पंजाब का दिल

**जीत की पटरी पर लौटी हैदराबाद, पंजाब को आठ विकेट से हराया, अभिषेक-हेड चमके**

एजेंसी

**हैदराबाद।** अभिषेक शर्मा की विध्वंसक शतकीय पारी से सनराइजर्स हैदाराबाद ने पंजाब किंग्स को 8 विकेट से हरा दिया। सनराइजर्स हैदाराबाद की टीम की यह इस सीजन की दूसरी जीत है। इसके साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास का दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल करने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। मुकाबले में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 245 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में सनराइजर्स ने अभिषेक के शतक और ट्रेविस हेड की फिफ्टी से 18.3 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 247 रन बनाकर आसानी से मैच को अपने नाम कर लिया।मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स की टीम के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने मिलकर पहले विकेट के लिए 171 रनों की साझेदारी की। पंजाब के खिलाफ इन दोनों बल्लेबाजों ने अपनी तूफानी बैटिंग से मैच को एकतरफा बना दिया। हालांकि, इस दौरान ट्रेविस हेड 37 गेंद में 66 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन अभिषेक शर्मा का तूफान जारी रहा।

### अभिषेक का पहला आइपीएल शतक

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने महज 40 गेंदों पर शतक जड़ दिया। यह आइपीएल इतिहास का 5वां सबसे तेज शतक है। इस लिस्ट में क्रिस गेल अभी भी पहले नंबर पर हैं जोकि पुणे वारियर्स के खिलाफ साल 2013 में 30 गेंदों पर शतक लगाने में कामयाब रहे थे। बहरहाल, अभिषेक आइपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले तीसरे भारतीय बन गये हैं। अमृतसर में जन्मे अभिषेक हैदराबाद के लिए खेलते हैं।

### आइपीएल में सबसे तेज शतक

30 गेंद : क्रिस गेल बनाम पुणे वारियर्स
37 गेंद : युसूफ पठान बनाम मुंबई इंडियंस
38 गेंद : डेविड मिलर बनाम आरसीबी
38 गेंद : ट्रेविस हेड बनाम आरसीबी
39 गेंद : प्रियांश बनाम चेन्नई सुपर किंग्स
40 गेंद : अभिषेक बनाम पंजाब किंग्स

### अभिषेक की 40 गेंद में पूरी हुई सेंचुरी

हेड के विकेट के बाद अभिषेक शर्मा और ज्यादा विस्फोटक हो गए। सबसे पहले अभिषेक ने 19 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी की थी। इसके बाद अगले 50 रन बनाने में उन्होंने 21 गेंद का सामना किया। इस तरह अभिषेक शर्मा ने सिर्फ 40 गेंद में अपना शतक पूरा कर लिया। आइपीएल में अभिषेक का यह पहला शतक था। सिर्फ इतना ही अभिषेक इस लीग में सनराइजर्स के लिए दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।

### अभिषेक बने सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले भारतीय

40 गेंद में शतक लगाने के साथ ही अभिषेक शर्मा आइपीएल इतिहास में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं। अभिषेक पंजाब किंग्स के खिलाफ 55 गेंद में 141 रनों की पारी खेल कर आउट हुए। अपनी इस पारी में उन्होंने 10 छक्के और 14 चौके भी लगाए। इस मामले में उन्होंने केएल राहुल को पीछे छोड़ा है। राहुल 132 रनों की पारी के साथ सबसे बड़ी इनिंग्स खेलने वाले भारतीय बल्लेबाज थे।

### बल्लेबाजी में पंजाब ने भी मचाई थी धूम

सिर्फ सनराइजर्स ही नहीं, बल्लेबाजी में पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने भी धूम मचाई थी। पंजाब ने कप्तान श्रेयस अय्यर (82) के तूफानी अर्धशतक और प्रियांश आर्य (36), प्रभसिमरन सिंह (42) तथा मार्कस स्टॉयनिस (नाबाद 34) की आतिशी पारियों से छह विकेट पर 245 रन का विशाल स्कोर बनाए थे। इस सीजन का पंजाब किंग्स ने दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया।

### शमी ने दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

आइपीएल में कुछ गेंदबाजों के प्रदर्शन ने न केवल सुर्खियां बटोरीं, बल्कि रिकॉर्ड बुक में भी अपनी जगह बनाई। यहां हम आपको आइपीएल के इतिहास में सबसे महंगे गेंदबाजी स्पैल्स के बारे में बता रहे हैं, जहां गेंदबाजों को बिना विकेट लिए भारी रन लुटाने पड़े। लिस्ट में दूसरे नंबर पर एंट्री दर्ज कराई है हैदराबाद के गेंदबाज मोहम्मद शमी ने। 34 साल के शमी ने पंजाब के खिलाफ अपनी उम्र से दो गुणा (0-75) रन लुटा दिए। आइपीएल इतिहास में सबसे महंगे स्पैल फेंकने के मामले में राजस्थान रॉयल्स के जोफ्रा आर्चर सबसे ऊपर हैं जिन्होंने 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हैदराबाद में 4 ओवर में 76 रन दिए।

### हैदराबाद के लिए सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी

| साझेदारी | खिलाड़ी | विपक्षी टीम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 185 रन | जॉनी बेयरस्टो, डेविड वॉर्नर | बेंगलुरु | 2019 |
| 171 रन | अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड | पंजाब | 2025 |
| 167 रन | अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड | लखनऊ | 2024 |
| 160 रन | जॉनी बेयरस्टो, डेविड वॉर्नर | पंजाब | 2020 |

# सिमडेगा की टीम बनी चैंपियन मुंबई को पेनाल्टी शूटआउट में हराया

➲ पेनाल्टी शूटआउट में अनुप्रिया सोरेंग ने दो गोल और रीना कुल्लू और संदीपा कुमारी ने एक एक गोल की




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हॉकी सिमडेगा हमेशा से जिला के खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए तरह तरह का अवसर देते रहता है। साथ ही हॉकी झारखंड भी राज्य के प्रतिभा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है जिसका सुखद परिणाम भी लगातार मिल रहा है। अभी सिमडेगा जिला के जूनियर और सब जूनियर स्तर के प्रशिक्षु महिला हॉकी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित और बड़े प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव प्राप्त हो इसलिए हॉकी सिमडेगा ने जिला के महिला टीम को 05 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित 7th नव भारत ऑल इंडिया महिला हॉकी प्रतियोगिता 2025 में खेलने का अवसर दिया है। जिसमे सिमडेगा की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर चैंपियन बनी। इस प्रतियोगिता में सिमडेगा की टीम ने शनिवार को फाइनल में भारत पेट्रोलियम मुंबई की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में हराकर कर विजेता बनी। दोनो ही टीम एक-एक गोल की बराबरी पर रही, जिसमे सिमडेगा की पुष्पा मांझी ने गोल की थी। उसके बाद निर्णय ट्राई बेकर में गया जिसमे सिमडेगा की टीम ने पेनाल्टी शूट आउट के शडन डेथ में 4-3 से मैच जीत कर सिमडेगा विजेता बनी। पेनाल्टी शूटआउट के पहले स्पेल में दोनो ही टीम 3-3 गोल की बराबरी पर रही थी जिसमें अनुप्रिया सोरेंग, रीना कुल्लू और संदीपा कुमारी ने गोल की थी। फिर शडन डेथ भारत पैरोलियम की टीम के बॉल को गंगी बारला ने रोक ली फिर सिमडेगा की अनुप्रिया सोरेंग ने गोल कर अपनी टीम को विजेता बनाई। पूरे प्रतियोगिता शानदार प्रदर्शन करने वाली सिमडेगा की मीड फिल्डर अनुप्रिया सोरेंग को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरुस्कार दिया गया। जबकि गंगी बारला को बेस्ट गोलकीपर और स्वीटी डुंगडुंग को बेस्ट फॉरवर्ड का पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि हॉकी सेंटर सिमडेगा की कोच तारिणी कुमारी खिलाड़ियों पर अच्छा मेहनत कर रही जिससे कि सिमडेगा के खिलाड़ी सभी स्तरों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे है, साथ ही इस प्रतियोगिता में टीम के साथ कोच रोहित बेसरा भी मैच में सभी खिलाड़ियों को बेहतर ढंग से मोटिवेट कर रहा है और हमेशा उनका मनोबल को ऊंचा बनाकर रख रहा है सही रणनीति से लेकर चला, जिसका परिणाम है कि इस प्रतियोगिता में बड़े बड़े टीमों और अनुभवी खिलाड़ियों से सजी टीमों के विरुद्ध सिमडेगा की टीम अपराजेय रहते हुए चैंपियन बनी। हॉकी सिमडेगा के समस्त खिलाड़ियों की ओर हॉकी छत्तीसगढ़ के महासचिव मनीष श्रीवास्तव का भी आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में सिमडेगा की टीम को भाग लेने का अवसर दिलाया। इससे पूर्व के मैचों में सिमडेगा की टीम के के हॉकी जम्मू को 3-2 गोल से, स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड दिल्ली की टीम को 9-0 से, स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी ऑफ खालसा कोलकता को 6-1 से पराजित की थी। तथा दूसरे मैच में एनसीआर प्रयागराज से 1-1 गोल पर ड्रॉ रही थी। कोच रोहित बेसरा को विजेता बनने पर खेल निदेशक संदीप कुमार, हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी, पंखरासियुस टोप्पो, सुनील तिर्की, कमलेश्वर मांझी, कोच तारिणी कुमारी, एलसन किड़ो , बसंत बा, कुनुल भेंगरा, करिश्मा परवार सहित हॉकी सिमडेगा के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।


प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अनुप्रिया सोरेंग।


बेस्ट फॉरवर्ड स्वीटी डुंगडुंग।

## ल्कराज मोंटे कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में



**मोनाको।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ने शनिवार को संघर्षपूर्ण मुकाबले में फ्रांस के आर्थर फिल्स को हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टूर्नामेंट के सेमीफाइनल जगह बना ली है। करीब ढ़ाई घंटे तक चले मुकाबले में आर्थर फिल्स से पहला सेट हराने के बाद अल्कराज ने संघर्षपूर्ण वापसी करते हुए मैच 4-6, 7-5, 6-3 से जीतकर अंतिम चार में जगह बना ली।

## मध्य प्रदेश, मणिपुर और पंजाब सेमीफाइनल में

**झांसी।** 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में शनिवार को हुए क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में मध्य प्रदेश, मणिपुर और पंजाब ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। शनिवार को दिन के पहले मैच में, चार क्वार्टर में 1-1 की बराबरी के बाद मध्य प्रदेश ने महाराष्ट्र को शूटआउट में 4-2 से हराया। प्रताप लाकड़ा ने (छठे) मिनट पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर खेल की शुरूआत में मध्य प्रदेश को बढ़त दिलाई। तीन मिनट बाद महाराष्ट्र ने आकिब रहीम ने (नौंवे) मिनट में मैदानी गोल कर स्कोर एक-एक से बराबर कर दिया।

## राजकोट में दो क्रिकेट सटोरिये गिरफ्तार

**राजकोट।** गुजरात में राजकोट शहर के दो अलग-अलग क्षेत्र में दो क्रिकेट सटोरियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि सूचना के आधार पर भक्तिनगर क्षेत्र में पुजारा प्लॉट मेन रोड़ पर, शुभ अवेन्यू अपार्टमेंट के पास से लक्ष्मीवाडी क्वार्टर ब्लॉक नं. 7, क्वर्टर नं 51 निवासी जयेश प्र.राठोड (35) को तथा ए डिवीजन क्षेत्र में टागोर रोड़, गोल्डन प्लाजा कांपलेक्स के बाहर सीड़ी पर से मोरबी निवासी राजदीपसिंह ब.झाला (25) को मोबाइल फोन में क्रिकेट मैच पर सट्टा लगा रहे दोनों युवकों को बीती देर रात पकड़ लिया गया। उनसे दो मोबाइल फोन तथा अन्य सामान जब्त कर लिया गया।

# टीजीटी व पीजीटी शिक्षकों के पद को सरेंडर व वेतनमान कटौती के विरोध में किया प्रदर्शन

- विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पुतला फूंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** टीजीटी व पीजीटी शिक्षकों के पद को सरेंडर करना और वेतनमान में कटौती के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का पुतला दहन शनिवार को एसपी कॉलेज चौक के समीप किया गया। पुतला दहन संथाल परगना छात्र समन्वय समिति ने किया। जिसका नेतृत्व छात्र नेता डॉ श्यामदेव हेम्ब्रम ने किया। इस अवसर पर छात्र नेता श्यामदेव हेम्ब्रम ने कहा कि शिक्षक केवल एक पेशा नहीं बल्कि चरित्र निर्माणकर्ता और कर्तव्यपूर्ण जिम्मेदारी है। शिक्षक आने वाले छात्रों, युवाओं को बनाता है। ऐसे में सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे। इस निर्णय से सरकारी शिक्षा व्यवस्था और निजी शिक्षा व्यवस्था को ही एक तरफ से मजबूती मिलेगी। नई शिक्षा नीति के नाम पर शिक्षकों के पदों का सरेंडर करना और उनके वेतनमान में कटौती करना एक पहलू है। जहां सांसद विधायक अपने वेतन में बढ़ोतरी कर रहे हैं। वहीं शिक्षकों की वेतन में कटौती दुर्भाग्यपूर्ण है। प्राथमिक विद्यालय से लेकर उच्चतर स्तर पर शिक्षकों की भारी कमी है। एक ओर जहां शिक्षा व्यवस्था के मामले में झारखंड पूरे देश स्तर पर नीचे से तीसरे या चौथे स्थान पर है। ऐसे अनेकों विद्यालय हैं, जहां एक या दो शिक्षकों के भरोसे छात्र हैं। विद्यालय को अपग्रेड किया गया। लेकिन उनमें शिक्षकों की नियुक्ति की कोई पहल नहीं की गयी है। बिना शिक्षा के समृद्ध और विकसित झारखंड का सपना दिखाने का काम जो सरकार कर रही है, वह बिल्कुल ही विपरीत है। राज्य सरकार ने न केवल पदों को सरेंडर किया बल्कि इन पदों को माध्यमिक सहायक का नाम देकर उनके वेतनमान में भारी कटौती कर दी गई। यह कहीं न कहीं शिक्षा व्यवस्था में कटौती है। राज्य सरकार के इस निर्णय से लाखों छात्रों में आक्रोश है। जहां एक ओर झारखंड में किसी भी प्रकार की नयी बहाली नियुक्ति प्रक्रिया नहीं हो रही है। इसके विपरीत पदों को खत्म करवाया जा रहा है। सरकार की यह नीति छात्रों के भविष्य को अंधकार बना रही है। सरकार की यह नीति झारखंड राज्य में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे सभी छात्रों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। यदि सरकार इस विषय का जल्द समाधान नहीं करती है तो पूरे झारखंड भर में छात्र उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेवारी मुख्यमंत्री की होगी। यहां बता दें कि विगत 8 अप्रैल 2025 को राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया कि राज्य के टीजीटी और पीजीटी शिक्षक के तकरीबन 9000 पदों को सरेंडर कर दिया गया है। इस निर्णय से लाखों नियुक्ति की तैयारी कर रहे लाखों छात्रों पर प्रभाव पड़ेगा।

पुतला दहन कार्यक्रम में रितेश मुर्मू, विष्णु मुर्मू, महादेव हेम्ब्रम, दानियाल मुर्मू, बब्लू टुडू, रफाएल हेम्ब्रम, मुकेश मुर्मू, बाबुधन टुडू, राजीव हांसदा, आमोद बास्की, इलियास मुर्मू, बाबुधन हांसदा, स्टीफन टुडू, कालेन्द्र टुडू, हरेंद्र हेम्ब्रम आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सांसद प्रो. यदुनाथ पांडेय ने गरगा में व्याप्त प्रदूषण का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के संरक्षक पूर्व सांसद प्रो. यदुनाथ पांडेय द्वारा बोकारो की गंगा मानी जाने वाली पवित्र गरगा नदी में व्याप्त प्रदूषण के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि इस नदी में चास नगर निगम और बोकारो इस्पात नगर के आवासीय कॉलोनियों के गंदे नालों का प्रदूषित पानी लगातार प्रवाहित होकर इसकी जलधारा को भयंकर रूप से प्रदूषित कर रहा है और यह पौराणिक नदी जिसका संबंध भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के लिए आयोजित यज्ञ से है एवं यह ऋषि श्रेष्ठ गर्ग द्वारा तपोबल से भूगर्भ से उत्पन्न की गई है- वह एक गंदे नाले के रूप में तब्दील हो गई है। साथ ही इसके किनारों को अतिक्रमित भी कर लिया गया है। प्रो. पांडेय ने इस नदी की दुर्दशा देखकर अत्यंत दुखी हो कहा कि वे जल्द ही दिल्ली जाकर भारत सरकार के केंद्रीय इस्पात मंत्री केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य के मुख्यमंत्री से इस नदी को प्रदूषण और अतिक्रमण मुक्त करने हेतु बात करेंगे।

मौके पर संस्थान के महासचिव शशि भूषण ओझा मुकुल ने कहा कि विगत कई वर्षों से इस गरगा नदी को प्रदूषण और अतिक्रमण मुक्त करने हेतु संस्थान द्वारा लगातार आंदोलन चलाया जा रहा है फिर भी सरकार, जिला प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण विभाग, चास नगर निगम, बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा इसकी अनदेखी करते हुए प्रदूषण पर रोक नहीं लगाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। बोकारो डीसी ऑफिस से मात्र सौ मीटर की दूरी पर स्थित इस नदी के किनारों पर लोगों द्वारा खुलेआम हर रोज मल मूत्र त्याग करना जिला प्रशासन के मुंह पर तमाचे की तरह है जबकि यह पूरा क्षेत्र ओडीएफ घोषित है। निरीक्षण कार्यक्रम में शशि भूषण ओझा मुकुल, रघुवर प्रसाद, मृणाल कांत चौबे, लक्ष्मण शर्मा, वीरेंद्र चौबे, स्वामी सत्य कृष्ण महाराज, गौरी शंकर सिंह, डीके त्रिवेदी, गौरी शंकर झा, मिथिलेश शर्मा, मदन मोहन तिवारी, अभय कुमार गोलू, मनीष झा, नागमणि सिंह सहित कई पर्यावरण संरक्षक मौजूद रहे।

## चलती बाईक पर पेड़ की डाली गिरने से एक की मौत, दो घायल

**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के रामपुरहाट मुख्य मार्ग एनएच 114 ए पर चलती बाइक में आम के पेड़ की डाली गिर जाने से एक ,22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जबकि दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये। दरअसल मोहलपहाड़ी पोखरिया के रहने वाले कमलेश यादव अपने चाचा गंगाधर यादव और दोस्त समीर गौराई के साथ शिकारीपाड़ा में अपनी चाय का दुकान खोलने जा रहे थे। जैसे ही वे दोनों केसरगढ़ गांव के समीप पहुंचे एक आम के पेड़ की बड़ी डाली उन पर गिर गई। हादसे में तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। कमलेश यादव को आनन-फानन में फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर कमलेश के चाचा और दोस्त को बेहतर इलाज के लिए पश्चिम बंगाल रेफर कर दिया गया है। दोस्त समीर गौराई रानेश्वर थाना क्षेत्र के कदमा गांव के रहनेवाला है। यहां बता दे की दुमका शिकारीपाड़ा के बीच सड़क किनारे दर्जनों ऐसे पेड़ है। जो पुराने होकर सूख चुके हैं। जिससे हमेशा खतरा बना रहता है।

## वक्फ संशोधन के विरोध में मुस्लिम समुदाय की बैठक



**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के ढाका गांव में शनिवार को वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध में एक बैठक आयोजित हुई। इसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय से जुड़े लोगों ने भाग लिया। बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा हुई कि यह संशोधित कानून हमारे लिए काफी नुकसानदायक है।यह हमें हमारे संपत्ति से बेदखल करने की केंद्र सरकार की साजिश है।बैठक के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता अब्दुल सलाम अंसारी ने कहा कि केंद्र में भाजपा की जो सरकार है। उनसे हमारी मांग है कि यह अधिनियम वापस ले। यह हमें कमजोर करने की साजिश है।जिसे मुसलमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 23 अप्रैल को दुमका का आउटडोर स्टेडियम में काफी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग एकजुट होंगे और इस वक्फ संशोधन अधिनियम के विरुद्ध एक रैली निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारे खिलाफ लगातार कानून बन रहे हैं। चाहे वह धारा 370 हटाने का मामला हो, तीन तलाक कानून या ऐसे कई ऐसे कानून केन्द्र लगातार साजिश कर हमें नुकसान पहुंचा रहा है। जिससे हम मुस्लिम समाज काफी आहत हैं। इसे जल्द से जल्द वापस लेने की आवश्यकता है। बैठक में सेराज अंसारी, मुफ्ती मोहम्मद इल्यास, कलीमुद्दीन अंसारी, मुस्तफा मियां, मौलाना सलामत, मौलाना जसरुदीन, लाल मोहम्मद, मंसूर अंसारी, बदु अंसारी, असलम अंसारी, सहित काफी संख्या मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे।

## मंत्री ने विद्युत शक्ति उपकेंद्र साड़म में किया 10 एमवीए के नया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन



**बेरमो/ललपनिया।** पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विधुत शक्ति उपकेंद्र साड़म में 10 एमभीए के नया ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन शनिवार को किया। मौके पर मंत्री ने कहा कि क्षेत्र की जनता को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने के हमारे संकल्प को पूरा करने की दिशा में यह कदम एक मजबूत पहल है। इस नया ट्रांसफॉर्मर के चालू हो जाने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति में भारी सुधार आएगा। कम वोल्टेज की समस्या दूर होगी, किसानों को पर्याप्त बिजली मिलेगी, छोटे उद्योगों को गति मिलेगी और आम जनता को निरंतर बिजली सेवा का लाभ मिलेगा। आने वाले दिनों हमारा क्षेत्र विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के बड़की चिदरी के ग्राम छोटकी चिदरी में आयोजित श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने पूजा अर्चना कर पवन सुत हनुमान जी से समस्त क्षेत्रवासियों की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की और सभी लोगों को श्री हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दी। वहीं मंत्री जी ने ग्राम चतरोचट्टी में 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की स्थपित प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत उदघाटन फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। यहां लोगों को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने कहा कि बाबासाहेब भारत के संविधान निर्माता होने साथ वे सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के प्रबल पक्षधर भी थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित किया था। उनकी सोच आधुनिक भारत की आत्मा है। उन्होंने जो समाज का सपना देखा था वह था एक ऐसा भारत, जहां जाति, धर्म, लिंग, भाषा या वर्ग के आधार पर कोई भेदभाव न हो। हम सभी को अपने जीवन में उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 'युक्ता' ब्रांड के साथ महिलाओं को बना रहा आत्मनिर्भर- बोकारो हैंडीक्राफ्ट सेंटर

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-2 में स्थित बोकारो हस्तशिल्प केंद्र आज ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता और स्थानीय हस्तकला के संवर्धन का सशक्त उदाहरण बन चुका है। बोकारो स्टील प्लांट की कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत संचालित ब्रांड युक्ता का एक रिटेल आउटलेट भी हस्तशिल्प केंद्र परिसर में खोला गया है ताकि इन हेंडीक्राफ्ट उत्पादों को आमजनों तक पहुंचाया जा सके। इस आउटलेट में प्रदर्शित उत्पादों की रेंज न सिर्फ आकर्षक है बल्कि पर्यावरण-अनुकूल भी है। यहां के उत्पाद बांस जूट जलकुंभी जैसी प्राकृतिक और इको-फ्रेंडली सामग्रियों के उपयोग से बनाए जाते हैं जिससे न केवल पर्यावरण का संरक्षण होता है बल्कि महिलाओं को पारंपरिक कला के माध्यम से सशक्त भी बनाया जा रहा है। हस्तनिर्मित उत्पादों की विविधता के साथ इसमें शामिल हैं- गोल व चौकोर ट्रे सजावटी फूल हस्तनिर्मित जलकुंभी की चप्पलें लैंप शेड्स डेकोरेटिव आइटम्स फर्नीचर आदि। ये सभी उत्पाद बोकारो के ग्रामीण क्षेत्रों की स्थानीय महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित हैं जिन्हें सीमित संसाधनों के बीच अपने हुनर को निखारने का अवसर मिला है। बोकारो की ग्रामीण महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित इन उत्पादों को बाजार में विशिष्ट पहचान देने के लिए युक्ता नामक ब्रांड की शुरूआत की गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को एक संगठित ब्रांडिंग मंच प्रदान करना है जिससे उन्हें बेहतर बाजार और आय का अवसर मिल सके। उल्लेखनीय है कि इस कला में अब तक 600 से अधिक स्थानीय ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। इनमें से अधिकतर महिलाएं अपने गांवों से ही निर्माण कार्य में सक्रिय हैं जबकि कुछ महिलाएं हस्तशिल्प केंद्र में फिनिशिंग कार्य में योगदान कर रहीं हैं। आने वाले समय में उत्पादों की डिजाइन रेंज को विस्तृत करने, फेस्टिव कलेक्शन लाने तथा स्कूल/कॉलेज छात्रों के लिए क्राफ्ट वर्कशॉप आयोजन की योजना बनाई जा रही है। बोकारो हैंडीक्राफ्ट सेंटर ग्रामीण प्रतिभा को मंच देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समर्पित है। बोकारो इस्पात प्रबंधन ने सभी से इस प्रयास का हिस्सा बनने तथा युक्ता ब्रांड को अपनाकर स्थानीय हस्तशिल्प को समर्थन एवं महिला सशक्तिकरण के इस आंदोलन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया है।

# सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने वालों को नगर परिषद ने दी चेतावनी

- नापी कराने के बाद फिर से दिया जाएगा दुकान के बाहर दाग

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** नगर परिषद क्षेत्र के नीचे बाजार में दुकानदारों की वजह से रोज हो रहे जाम से निजात दिलाने के लिए शनिवार को नगर परिषद ने अतिक्रम मुक्त अभियान चला दुकानदारों को पहले से दिए दाग के अंदर रहने की चेतावनी दी। आदेश का पालन नहीं करने पर अब सरकारी जमीन पर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। डीडीसी के आदेश पर दोपहर को सीओ अमर कुमार, एसडीपीओ विजय महतो व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी शीतांशु खाल्को पूरी टीम के साथ सीधे टीन बाजार चौक पहुंचे। दुकानदारों की चेतावनी दिया। जिन लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर अपनी दुकानों को काफी आगे तक बढ़ा लिया था। इसके बाद अधिकारियों का काफिला वीर कुंवर सिंह चौक तक गया। जिस रास्ते से टीम गुजरी, वहां के दुकानदार अपना सामान बटोरते रहे। सभी दुकानदारों को दायरे में रहकर काम करने की कड़ी चेतावनी दी गई। सीओ ने बताया कि कई बार दुकानदारों को अपनी सीमा में रहने को कहा गया। लेकिन इन लोगों पर किसी की बात का कोई असर नहीं पड़ता है। हर किसी ने इतनी दुकान आगे बढ़ा ली है कि रास्ता जाम हो जाता है। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि सड़क पर पहले से जो सफेद लाइन खिंची हुई है, उसे किसी भी हाल में पार नहीं करना है। अब यह अभियान थमने वाला नहीं है। सोमवार को सभी दुकानों की जांच कर सरकारी जमीन का दायरा तय कर सफेद दाग दिया जाएगा। अगर इस दाग के बाहर एक भी दुकान दिखी तो सीधे कार्रवाई की जाएगी। फिर किसी को कुछ कहने का मौका नहीं मिलेगा। फिर मत कहना है कि पहले से नहीं बताया था, अगर बता दिया होता तो दुकान समेट लेते। एसडीपीओ ने कहा कि किसी भी हाल में बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। कभी भी अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

## फुसरो में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**बेरमो।** फुसरो-फुसरो क्षेत्र में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. फुसरो के रेलवे गेट स्थित हनुमान मंदिर में पुजारी अविनाश पांडेय के द्वारा हनुमान जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर और माल्यार्पण कर हनुमान जयंती मनाई गयी. इस अवसर पर मंदिर के अध्यक्ष संतोष साव ने हनुमान जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी की जयंती साल में दो बार मनाई जाती है. इनका जन्म दो बार हुआ है. पहली बार कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि को और दूसरी बार चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि को. इस दिन हनुमान जी ने सूर्य देवता को मधुर फल समझ कर खा लिए थे, जिससे पूरा संसार अंधकारमय में हो गया था, इंद्र देवता ने हनुमान जी पर ब्रज प्रहार किया जिससे हनुमान जी मूर्छित हो गए थे. इससे पवन देवता क्रोधित होकर वायु को रोक दिए थे, फिर ब्रह्मदेव ने पवन देव को मना कर हनुमान जी को अमर रहने का वरदान दिए. इस कारण आज का दिन इनका पुनर्जन्म के रूप में मनाया जाता है. इस दौरान मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा, भजन और सुंदरकांड का पाठ प्रस्तुत किया. मौके पर हीरालाल दे, श्रीनिवास राम, भानुप्रताप, विश्वनाथ, राजेश, सोनू, लखन, प्रमोद, शुभम, मिट्ठू, विशाल, लालसा देवी आदि लोग मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### लोटन सेवा के साथ प्राचीन शिवालय मंदिर सिंहपुर में तीन दिवसीय भोक्ता पर्व शुरू



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के सिंहपुर शिवालय में शनिवार को लोटन सेवा और संजोत मनाने के साथ तीन दिवसीय भोक्ता पर्व प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर दिन में पाट की प्रतिमा का भ्रमण भी सिंहपुर छतरवर हरनाद गोरियाकुदर खैराचातर करमा उदयमारा बसरिया समेत आसपास के गांवों में किया गया। इसे पाट भ्रमण के नाम से जाना जाता है। भ्रमण के दौरान घर-घर में पाट की पूजा की गई। भ्रमण के उपरांत पाट को स्थानीय सायर बांध के तट पर ले जाया गया जहां पाट पूजा के बाद सभी भक्तों को जनेऊ धारण कराई गया। बुधवार शाम को सभी भक्तिया लोटन सेवा में शामिल हुए। इस बार लगभग दो हजार से ज्यादा भक्तिया के शामिल होने का अनुमान है। लोटन सेवा के तहत सायर बांध में सैकड़ों भक्तिया एक साथ स्नान करने के बाद जमीन पर लोटन करते हुए तालाब से बुढ़ा बाबा मड़प थान तक गए। शाम को सांडदगाई की रश्म पूरी हुई। लोटन सेवा एवं भक्तिया के बीच प्रसाद वितरण के बाद सांडदगाई की परंपरा निभाई गई। इसमें भोक्ता झूलने वाले भक्तियाओं को घी के दीया में बांस के बेंत को गर्म कर पुजारी के द्वारा दागा जाता है। इस रस्म के बाद ही नए भक्तिया भोक्ता झूलने के योग्य बन पाते हैं। शाम को मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध योगेंद्र प्रसाद महतो सिंहपुर बुढ़ाबाबा मड़प थान पहुंच कर मड़प थान में मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

### पत्रकार ने मासूम की जीवन रक्षा हेतु किया रक्तदान



**बोकारो।** थैलेसीमिया से पीड़ित एवं कॉपरेटिव कॉलोनी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती एक 5 साल के मासूम बच्चे को एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। एक पत्रकार डॉ राजकुमार ने सोशल मीडिया पर सन्देश पढ़कर संवेदनशीलता व सही सामाजिकता का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उस बच्चे के लिए रेड क्रॉस स्थित ब्लड बैंक में रक्त दान करके यह साबित किया है कि मीडियाकर्मी, मात्र खबरों को ही नहीं समेटते बल्कि नि:स्वार्थ संवेदनाओं की तरंगे भी उनके अंतस्थल में हिलोरें लेती हैं जो यदा कदा परिलक्षित हो जाती हैं। डॉ राजकुमार जी ने सही समय पर रक्तदान करके न केवल एक 5 वर्ष के मासूम बच्चे की जान बचाई है बल्कि समाज को एक संदेश भी दिया है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील की है कि अपना रक्त जरूरतमंद लोगों को अवश्य दें। इससे किसी की जीवन रक्षा के साथ ही आपको परमात्मा का आशीष भी मिलता है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक कुछ तकनीकी कारणों से उस मासूम तक रक्त पहुंच नहीं पाया है। टेस्ट रिपोर्ट के कागजात की जांच चल रही थी।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन संपन्न



**बोकारो।** सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर 3सी बोकारो में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर आयोजित मातृ सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि बालिका शिक्षण प्रमुख, विद्या भारती-झारखंड व सह प्रभारी प्रधानाचार्या, भूलीनगर, धनबाद, रंजना कुमारी विद्यालय सचिव राजकुमार सिंह कोषाध्यक्ष स्वाती श्री तथा समिति सदस्या रजनी पारिया व प्राचार्य संजीव कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना ने कहा कि हर वर्ष विद्यालय प्रबंधन की ओर से मातृ सम्मेलन कर बच्चों में नैतिकता और संस्कार देने के लिए मातृशक्ति को प्रेरित किया जाता है। उन्होंने अहिल्याबाई की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। जयंती के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य संजीव कुमार ने कहा कि विद्या भारती का प्रयास छात्रों के माध्यम से एक संस्कारवान समाज देश को देना है। इस अवसर पर बहनों ने मां मेरी मां, ओ मेरी मां, लुका छुप्पी, ऐसा क्या है मां पर भाव नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित मातृ-शक्ति को भाव विभोर कर दिया। प्रोजेक्टर के माध्यम से उपस्थित मातृ-शक्ति को मोटिवेशनल वीडियो और विद्यालय की उपलब्धि से अवगत कराया गया। मौके पर श्रीमती स्वाती श्री ने कहा कि माताओं को प्रारंभ काल से ही अपने बच्चों की देखभाल के साथ-साथ संस्कारयुक्त वातावरण देना चाहिए। नारी में मातृत्व का भाव होना चाहिए। अच्छे संस्कार ही बच्चों की दिशा तय करते हैं। आवश्यकता है उसे और प्रेरित करने की। राजकुमार जी ने भी भैया बहनों के सर्वांगीण विकास के लिए माता की भूमिका अहम बताई।

# वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

- इस चैंपियनशिप में प्रत्येक श्रेणी में विभिन्न राज्यों के 60 से अधिक प्रतिभागियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के युवा तीरंदाजों ने 20 से 30 मार्च 2025 तक गुंटूर आंध्र प्रदेश में आयोजित प्रतिष्ठित एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में बड़ी सफलता पाई है। भारत के तीरंदाजी कैलेंडर में सबसे प्रतिष्ठित इस चैंपियनशिप में प्रत्येक श्रेणी में विभिन्न राज्यों के 60 से अधिक प्रतिभागियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कृतिका और यवना ने अकादमी और झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते शानदार प्रदर्शन किया। सियालजोरी की 14 वर्षीय कृतिका कुमारी ने अंडर-14, 30 मीटर गर्ल्स टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उनके साथ मूनीडीह की 10 वर्षीय यवना यादव भी हैं जिन्होंने अंडर-10, 15 मीटर ओलंपिक राउंड व्यक्तिगत श्रेणी में रजत पदक जीता है।

डीएवी सीबीएसई में कक्षा 4 की छात्रा यवना ने पहले ही राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रभावशाली पदक हासिल कर लिए हैं जिससे वह तीरंदाजी की दुनिया में एक उभरता सितारा बन गई हैं। उनकी उपलब्धियां अकादमी की जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के तीरंदाजों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वेदांता ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि हमें राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में कृतिका और यवना के शानदार प्रदर्शन पर गर्व है। उनकी जीत न केवल उनकी प्रतिभा और समर्पण को दर्शाती है, बल्कि हमारे जमीनी स्तर के खेल विकास कार्यक्रम की ताकत को भी दशार्ती है। वेदांता ईएसएल हमेशा खेल के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और हमें विश्वास है कि कृतिका और यवना दोनों झारखंड को गौरवान्वित करेंगी और अनगिनत युवा खेल प्रेमियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि सियालजोरी ईएसएल स्टील लिमिटेड प्लांट परिसर के अंदर स्थित अकादमी को झारखंड में तीरंदाजी की अंतर्निहित समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए ईएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर पहल के माध्यम से 2020 में लॉन्च किया गया था। यह परियोजना अब एक प्रमुख संस्थान मानी जाती है और ग्रामीण क्षेत्रों से 21 वर्ष की आयु तक के सभी आयु समूहों के 50 तीरंदाजों को मार्गदर्शन प्रशिक्षण पोषण संसाधन और प्रेरणा प्रदान करती है।

# कोडरमा जिला की गर्भवती महिलाओं की रजौली में होती थी भ्रूण जांच, एक गिरफ्तार





- लिंग जांच करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : सीएस

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला में भ्रूण हत्या जांच की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग कोडरमा पूरी तरह से कटिबद्ध है। भ्रूण हत्या जांच की रोकथाम के लिए उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में डिकॉय ऑपरेशन चलाकर इस कार्य में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की जाती रही है। इसी कड़ी में भ्रूण हत्या जांच मामले में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम को बड़ी सफलता मिली है। जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग को लगातार गुप्त सूचना मिल रही थी कि कोडरमा जिले से सटे पड़ोसी राज्य बिहार के नवादा जिला के रजौली, सिरदला समेत अन्य स्थानों पर कोडरमा जिला की गर्भवती महिलाओं की भ्रूण जांच की जाती है। गुप्त सूचना के आधार पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में प्राप्त सूचना की जांच करायी गई। सूचना की पुष्टि होने के उपरांत उपायुक्त के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में डिकॉय ऑपरेशन चलाया गया और भ्रूण जांच करते एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा गया। डिकॉय ऑपरेशन के दौरान भ्रूण जांच कार्य में संलिप्त एजेंट से संपर्क साधा गया। एजेंट के द्वारा गर्भवती महिला को सिरदला के अल्ट्रासाउंड (शिवम अल्ट्रासाउंड) सेंटर ले गया। जिसमें एक व्यक्ति द्वारा उक्त गर्भवती महिला का भ्रूण जांच करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। वहीं अल्ट्रासाउंड के संचालक एवं एजेंट फरार होने में सफल रहे, साथ ही भ्रूण जांच कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर सिरदला थाना को आवश्यक कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। इस कार्य में रजौली/सिरदला जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का काफी सहयोग मिला। वहां के अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी एवं पुलिस बल के सहयोग से डिकॉय ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। डिकॉय ऑपरेशन के टीम में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार के अलावे जिला मलेरिया पदाधिकारी सह सहायक नोडल पीसी-पीएनडीटी डॉ मनोज, जिला डाटा प्रबंधक पवन कुमार समेत अन्य शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## दंतेवाड़ा में 8 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में दो इनामी नक्सलियों सहित कुल आठ नक्सलियों ने शनिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सभी नक्सलियों ने दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाले ये सभी माओवादी अलग-अलग क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों में सक्रिय थे और कई मामलों में पुलिस को इनकी लंबे समय से तलाश थी।

## मुंबई पुलिस से जुड़े आयुष्मान खुराना



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना अब मुंबई पुलिस की नई सायबर सुरक्षा पहल का चेहरा बन गए हैं। यह अभियान लोगों को खासकर संवेदनशील और आसानी से निशाना बनने वाले समूहों को साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले धोखाधड़ी के तरीकों से सावधान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अभियान के तहत जारी एक प्रमोशनल वीडियो में अभिनेता आयुष्मान ऑनलाइन सतर्कता बरतने और डिजिटल फ्रॉड से बचने के कुछ आसान लेकिन जरूरी टिप्स साझा करते हैं।

## प्रसिद्ध पर्यावरणविद् रामैया का निधन

**खम्मम (तेलंगाना)।** पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित और प्रसिद्ध पर्यावरणविद् वनजीवी रामैया का शनिवार की सुबह दिल का दौरा पड़ने से इस जिले के अपने पैतृक गांव रेड्डीपल्ली में निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी जनम्मा और चार बच्चे हैं। प्रकृति के प्रति अपने गहरे प्रेम के लिए जाने जाने वाले रामैया ने अपना उपनाम बदलकर वनजीवी रख लिया था, जिसका अर्थ है वनवासी, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी आजीवन प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने जीवनकाल में, उन्हें एक करोड़ से अधिक पौधे लगाने और उनका पालन-पोषण करने का श्रेय दिया जाता है।

## भाजपा नेता के घर पर हमले का आरोपी धराया

चंडीगढ़। भाजपा नेता मनोजरंजन कालिया के जालंधर स्थित आवास पर ग्रेनेड से हमला करने के मुख्य आरोपी को पंजाब पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। राज्य डीजीपी गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि ग्रेनेड हमले में शामिल आरोपी उत्तर प्रदेश के सैदुल अमीन को गिरफ्तार कर किया गया है। सात अप्रैल की रात सेंट्रल टाउन जालंधर स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के आवास पर विस्फोट हुआ था।

## अयोध्या में पति ने की पत्नी व बेटे की हत्या

**अयोध्या ।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में शनिवार को एक पति ने धारदार हथियार से पत्नी का गला काटकर उसकी हत्या कर दी। तीन साल के बेटे का गला दबाकर उसे भी मार डाला। वारदात के बाद से आरोपी फरार है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नैय्यर ने बताया कि नगर कोतवाली में हत्या की सूचना मिली थी। प्रथम दृष्टया देखने और उसके बड़े बेटे के बयान के अनुसार लगता है कि रात में माता-पिता का आपस में झगड़ा हुआ था। उसने अपनी पत्नी को बांके से वार करके मार दिया। पति भाग गया है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।

# मॉस्कों में पुतिन से मिले अमेरिका के विशेष दूत

## युक्रेन युद्ध को लेकर जल्द हो सकती है दोनों राष्ट्रपतियों की मुलाकात

एजेंसी

**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने शुक्रवार को रूस के शहर सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने बताया है कि मुलाकात में यूक्रेन की स्थिति पर विचार हुआ और वहां पर शांति स्थापित करने के तरीकों पर चर्चा हुई। इस दौरान ट्रंप और पुतिन की मुलाकात के कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। उधर, वाशिंगटन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यूक्रेन में युद्धविराम पर रूस



तेजी से काम कर रहा है। पुतिन से मुलाकात से पहले विटकॉफ की पीटर्सबर्ग में पुतिन के निवेश मामलों के दूत किरिल दिमित्रिएव के साथ वार्ता हुई। इसके बाद विटकॉफ ने पुतिन से मुलाकात की। विटकॉफ अमेरिका और रूस के संबंधों को पटरी पर लाने के सिलसिले में अहम व्यक्ति बनकर उभरे हैं। ट्रंप के विश्वासपात्र के

**यूक्रेन में युद्धविराम पर तेजी से काम कर रहा रूस : ट्रंप**

रूप में वह रूस के साथ ही यूक्रेन के भी संपर्क में हैं। लेकिन उनकी रूस यात्रा से किसी बड़े परिणाम की उम्मीद नहीं की जा रही है। ट्रंप के दूत के रूप में विटकॉफ की पुतिन से यह तीसरी मुलाकात थी। यह मुलाकात सीरिया से रूस समर्थित असद सरकार के गिरने, रूस समर्थित ईरान के अमेरिका के साथ तनाव, अमेरिका-चीन के बीच जारी ट्रेड वार और यूक्रेन युद्ध के बीच हुई है। दोनों देशों ने अपने-अपने हित के लिए बातें की, लेकिन सार्वजनिक नहीं हुई हैं।

## अमेरिका में विदेशी नागरिकों को एक माह से ज्यादा रहने पर कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**वाशिंगटन ।** व्हाइट हाउस ने ऐलान किया कि देश में 30 दिनों से अधिक समय तक रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार के पास पंजीकरण कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर उन्हें जुमार्ना, जेल और निर्वासन का सामना करना पड़ेगा। इस घोषणा से अमेरिका भर में अप्रवासी समुदायों के बीच चिंता पैदा हो गई है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि अमेरिका में 30 दिनों से अधिक समय तक रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को संघीय सरकार के पास पंजीकरण कराना होगा। इसका पालन न करना एक अपराध है जिसके लिए जुर्माना, कारावास या दोनों का प्रावधान है। लेविट ने कहा कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा, जुमार्ना लगाया जाएगा, निर्वासित कर दिया जाएगा और आप कभी भी हमारे देश में वापस नहीं आ सकेंगे। यह निर्देश, दूसरे विश्व युद्ध के दशकों पुराने एलियन पंजीकरण अधिनियम पर आधारित है। इसे ट्रंप की तरफ से नियुक्त अमेरिकी जिला जज ट्रेवर एन. मैकफैडेन के फैसले के बाद हरी झंडी दी गई, जिन्होंने वकालत समूहों की कानूनी चुनौती को खारिज कर दिया।

## सुखबीर बादल फिर बने शिअद के अध्यक्ष

**चंडीगढ़ ।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने एक बार फिर सुखबीर सिंह बादल को सर्वसम्मति से अपना अध्यक्ष चुना है। पार्टी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने किसी अन्य उम्मीदवार का परिचय नहीं कराया, जिसके बाद सभी नेताओं ने सुखबीर सिंह बादल के नाम पर सहमति जताई। शिरोमणि अकाली दल की इस बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता, विधायक और कार्यकर्ता शामिल हुए। नेताओं ने माना कि उनके अनुभव और नेतृत्व से पार्टी को पंजाब की सियासत में मजबूती मिलेगी। सुखबीर बादल ने अध्यक्ष चुने जाने पर कहा कि हमारा लक्ष्य पंजाब के हितों की रक्षा करना तथा अकाली दल को और मजबूत करना है।

# वक्फ कानून के खिलाफ बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा, तीन मरे

## पुलिस वैन सहित कई वाहनों को फूंका, 110 गिरफ्तार

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कई जिलों में वक्फ कानून के खिलाफ हुआ उग्र प्रदर्शन। शुक्रवार को मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन कानून के विरोध के दौरान हिंसा में तीन लोगों लोगों की मौत हो गई है।

जिले के शमशेरगंज में एक घर से पिता-पुत्र की रक्तरंजित लाश बरामद हुई है। उनके शरीर पर अनेक जगहों पर जख्म के निशान हैं। वहीं, सूती में यह किशोर की गोली लगने से मौत हो गई है। मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा के सिलसिले में 110 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।



शुक्रवार को हिंसा के दौरान पुलिस वैन सहित कई वाहनों में आग लगा दी गई। सुरक्षा बलों पर पथराव किया गया और सड़कें ब्लॉक कर दी गईं। हिंसा की घटना में 15 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल हुए हैं तथा अनेक लोग जख्मी हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा है कि मुर्शिदाबाद में हालात बेकाबू हैं। स्थिति काफी गंभीर है और यह राज्य प्रशासन के नियंत्रण के बाहर है। हिंसा ग्रस्त इलाकों में केंद्रीय बल की तैनाती की मांग को लेकर अधिकारी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। वहीं,

**केंद्रीय बल की तैनाती को लेकर सुवेंदु अधिकारी ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। दूसरी ओर पुलिस ने लोगों को किसी प्रकार के उकसावे पर ध्यान नहीं देने को कहा है। मुर्शिदाबाद समेत राज्य के अन्य हिस्सों में फैली हिंसा के बीच सीएम ममता बनर्जी ने लोगों से शांति स्थापित करने की अपील की है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हम वक्फ कानून के पक्ष में नहीं है। पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होगा फिर दंगा किस बात का।

# सुंदरबनी सेक्टर में जेसीओ शहीद

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू के सुंदरबनी सेक्टर के केरी बट्टल इलाके में सेना ने शुक्रवार रात आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। मुठभेड़ में एक जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) शहीद हो गया सेना ने शनिवार को एक्स पर लिखा कि जीओसी व्हाइट नाइट कोर और सभी रैंक 9 पंजाब के बहादुर उप निरीक्षक कुलदीप चंद के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करते हैं। उन्होंने 11 अप्रैल की रात को सुंदरबनी के केरी बट्टल क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ विरोधी अभियान का बहादुरी से नेतृत्व करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। वहीं, किश्तवाड़ जिले में एक ऑपरेशन के दौरान तीन

**किश्तवाड़ में मुठभेड़, 3 पाकिस्तानी आतंकी ढेर**

पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया गया है, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का एक शीर्ष कमांडर भी शामिल है। किश्तवाड़ जिले के बफीर्ले इलाकों में चल रहे एक ऑपरेशन में शनिवार को तीन आतंकियों को ढेर किया गया। सेना ने बताया कि ये आतंकी पाकिस्तान आधारित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े थे और इनमें से एक कमांडर सैफुल्लाह पिछले एक साल से चिनाब घाटी में सक्रिय था। सेना के व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने बताया कि तीन पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया गया। मौके से एक एके-47 और एक एम4 राइफल समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं।



## ओम बिरला ने शहीद की बेटी के शादी समरोह में निभायी भात की रस्म

**कोटा ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा में एक शहीद की बेटी के विवाह समारोह का हिस्सा बने। वह सिर्फ इसमें शामिल ही नहीं हुए, बल्कि उन्होंने शहीद हेमराज मीणा और वीरांगना मधुबाला की बेटी रीना के विवाह समारोह में भात (मायरा) की रस्म भी निभाई। इस मौके पर परिवार और स्थानीय लोग भावुक हो उठे। विवाह समारोह में ओम बिरला ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भात की रस्म पूरी की। उन्होंने रीना को चुनरी ओढ़ाई और परिवार को आशीर्वाद दिया।

## दंतेवाड़ा और बीजापुर सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली हुये ढेर

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-बीजापुर सीमा क्षेत्र के इंद्रावती टाइगर रिजर्व के जंगल में शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली को ढेर हो गए हैं। मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ बरामद हुआ है। एक इंसास रायफल भी मिली है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि अभी तक तीन नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं। मृत नक्सलियों की पहचान की जा रही है। यह कार्रवाई सीआरपीएफ की 202 कोबरा और 210 कोबरा इकाइयों, राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी ) की संयुक्त टीम द्वारा अंजाम दी गई। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा-बीजापुर के सरहदी इलाके इंद्रावती टाइगर रिजर्व के जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिसके बाद सुरक्षाबलों और पुलिस के जवानों को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों दंतेवाड़ा-बीजापुर जिलों का यह संयुक्त ऑपरेशन है। मुठभेड़ में नक्सलियों को बहुत नुकसान हुआ है।

# पूरे भारत के लिए प्रेरणा स्रोत हैं छत्रपति शिवाजी महाराज : शाह

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को रायगढ़ में कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ महाराष्ट्र तक ही सीमित नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। खुद को आलमगीर कहने वाले औरंगजेब की हार महाराष्ट्र में हुई थी और उसकी कब्र भी यहीं है। वह शनिवार को रायगढ़ जिले



में शिवाजी महाराज की 354वीं पुण्यतिथि स्मरणोत्सव समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्हें शिंदेशाही पगड़ी और कावड़ी की माला से सम्मानित किया गया। शाह ने कहा कि जीजाबाई ने न केवल शिवाजी को जन्म दिया, बल्कि बालक शिवाजी को स्वराज्य का विचार भी दिया। उन्होंने हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक को बनाने का महान कार्य किया।

# सोनीपत में गर्लफ्रेंड को ट्रॉली बैग में छुपाकर हॉस्टल लाया स्टूडेंट

**▸▸ सुरक्षा कर्मियों को शक हुआ तो बैग खोलकर देखा जिसमें से लड़की निकली**

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सोनीपत में एक स्टूडेंट अपनी गर्लफ्रेंड को ट्रॉली वाले ट्रैवल बैग में छिपाकर बॉयज हॉस्टल में ले आया। सुरक्षा कर्मियों को शक हुआ तो उन्होंने बैग खोलकर देखा जिसमें से लड़की निकली। पूरा मामला सोनीपत की नरेला रोड स्थित ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी का है। यूनिवर्सिटी में बने बॉयज हॉस्टल में किसी भी लड़की को आने-जाने की इजाजत नहीं है। स्टूडेंट अपनी गर्लफ्रेंड से मिलना चाहता था, लेकिन उसे मौका नहीं मिल रहा था। वह चोरी छिपे गर्लफ्रेंड को अपने साथ हॉस्टल में रखना चाहता था, इसलिए उसने यह आइडिया अपनाया। विद्यार्थी बैग को गेट के अंदर तक ले आया था। गेट पर उसने कहा कि इसके भीतर सामान है। वह जब रास्ते में ट्रैवल बैग को खींचकर ले जा रहा था तो वह अचानक अटक गया और



झटका लगने से अंदर छुपी युवती की चीख निकल गई। इससे वहां तैनात सिक्योरिटी गार्ड को शक हो गया। पहले तो स्टूडेंट कहता रहा कि इसके भीतर सामान है लेकिन शक के आधार पर बैग की तलाशी लेने से पूरा राज खुल गया। विवि के आला अधिकारियों की मौजूदगी में ट्रॉली बैग को खोला गया तो उसमें से लड़की निकली। जांच में पता चला है कि जो स्टूडेंट बैग लेकर आया, यह उसी की गर्लफ्रेंड थी। युवती भी इसी यूनिवर्सिटी में पढ़ती है। ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की चीफ कम्युनिकेशन अफसर अंजू मोहूं ने कहा कि यहां सिक्योरिटी बहुत ज्यादा स्ट्रॉन्ग है इसलिए इन्हें मौके पर ही पकड़ लिया गया। यूनिवर्सिटी में हर जगह मेटल डिटेक्टर लगे हुए हैं। इस बारे में विद्यार्थियों से जवाब तलब किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री मोदी 24 को बिहार को देंगे कई सौगात

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार राज्य सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर विकास कार्यों को अमली जामा पहना रही है। केंद्र की मोदी सरकार ने बिहार को कई सौगात दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को एक बार फिर बिहार आ रहे हैं, जो कि बिहार को कई सौगात देंगे। वह शनिवार को सचिवालय सभागार में राजग घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस है और उस दिन एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार की जनता को अनेकों सौगात



देने आ रहे हैं। पंचायती राज के चुने हुए प्रतिनिधियों का सम्मेलन तो होगा ही, साथ ही पूरा देश उससे जुड़ेगा। कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा। ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं का लाभ भी बिहार की जनता को को मिलेगा। पिछले साल गरीबों को 7 लाख 90 हजार मकान पीएम आवास योजना के अंतर्गत लोगों को दिए गए थे। 5 लाख 20 हजार मकान जो बचे हुए थे वह भी दिए

**▸▸ पंचायती राज दिवस पर मधुबनी में कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री : चौहान**

**▸▸ गरीबों के लिए 5.20 लाख नए मकानों की घोषणा करेंगे**

जाएंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के हाथों 5 लाख 20 हजार नए मकानों का लाभ दिया जाएगा। जिस पर 8,000 करोड़ की लागत से मकान का निर्माण किया जाएगा। मधुबनी में लाखों की संख्या में लोग आएंगे, ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राज्य में ग्रामीण विकास योजना का बहुत ही बेहतर क्रियान्वयन हो रहा है। मैं बिहार सरकार को बधाई देता हूं, बिहार में 3 लाख से अधिक लखपति दीदी बन चुकी हैं। इसी वर्ष 20 लाख बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि राज्य के राजनीतिक परिदृश्य और मधुबनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा के लिए प्रदेश के सभी पांच घटक दलों (भाजपा-जदयू, लोजपा-आर, हम, रलोजपा) की बैठक आज बुलाई गई थी। बैठक में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा समेत घटक दलों के नेता मौजूद रहे। जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को मधुबनी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, इसलिए बैठक बुलाई गई थी।

